जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-165 ▶ मुंबई, शनिवार, 11 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को जिम में लगी चोट

पेज 11









# 10 हजार करोड़ का खेला

## प्रवर्तन निदेशालय ने किया पर्दाफाश

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसके तहत एक ही आदमी ने 10 हजार करोड़ रुपये की रकम विदेश भेज दी। ठाणे के रहने वाले जितेंद्र पांडेय पर आरोप है कि उसने 269 बैंक खातों के जरिए इस पूंजी को ट्रांसफर किया। यही नहीं इस रकम के लिए उसने 98 डमी कंपनियां बनाईं, 12 प्राइवेट कंपनियां भी बनाईं। इनके नाम पर रकम जुटाई और फिर उसे विदेश भेज दिया। आरोपी ने हांगकांग, सिंगापुर और थाइलैंड में स्थित कंपनियों के खातों में यह मोटी रकम भेजी। आज जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने 2 जनवरी को ही मुंबई, ठाणे और वाराणसी में रेड मारी थी। इसी की जांच के दौरान सामने आया कि कैसे जितेंद्र पांडेय ने 10 हजार करोड़ का बड़ा खेल कर दिया। रेड में एजेंसी ने एक करोड़ रुपये कैश और जूलरी बरामद किए। इसके अलावा कुछ दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनसे बड़े पैमाने पर अचल संपत्ति की जानकारी मिली है।

**98 डमी कंपनियां बना 269 बैंकों से मनी ट्रांसफर**

### 'फ्रेट एंड लॉजिस्टिक्स' में दिखाया लेनदेन

कई बैंक खातों में गोल-मोल लेनदेन के बाद, आरोपियों ने 12 प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के खातों में पैसा ट्रांसफर किया। इसके बाद विदेशों में भुगतान किया गया। यह पैसा चीन से माल आयात करने के भुगतान के नाम पर देश से बाहर भेजा गया था। फर्जी कंपनियों को 'फ्रेट एंड लॉजिस्टिक्स' के कारोबार में दिखाया गया था और भाड़े के नाम पर विदेशों में भारी रकम भेज दी गई।

### शेल कंपनियां बना करोड़ों रु. भेजा विदेश

दरअसल ठाणे पुलिस ने जितेंद्र पांडेय एवं अन्य कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर की थी। इसी के आधार पर ईडी ने जांच तेज की थी। ईडी का कहना है कि इन लोगों ने शेल कंपनियों का एक नेटवर्क बनाया था और उनके नाम पर ही बैंक खाते खुलवाए गए थे। फिर इन बैंक खातों के जरिए 10 हजार करोड़ से ज्यादा की रकम विदेशों में भेजी गई। ठाणे पुलिस की इकनॉमिक ऑफेंसेज विंग ने जितेंद्र पांडेय और कुछ अन्य लोगों को अरेस्ट किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने अब तक की जांच के आधार पर कहा है कि विदेशों में माल भेजने या मंगाने के नाम पर यह सब खेल हुआ है।

### हेराफेरी में कई सीए भी शामिल

ईडी ने बताया कि इस रैकेट में कई सीए भी शामिल हैं। ये सीए आरोपियों को कंपनियां बनाने और आरओसी फाइलिंग जैसे नियमों का पालन करने में मदद करते थे। बता दें कि पिछले साल ठाणे पुलिस की ईओडब्ल्यू ने पांडे और दूसरे आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### चीन कनेक्शन भी आया सामने

ईडी ने बताया कि कई बैंक खातों में लेनदेन के बाद आरोपी ने 12 प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों में पैसा भेजा फिर इसे विदेश ट्रांसफर कर दिया। खास बात यह है कि चीन से वस्तुओं के आयात के लिए भुगतान करने के नाम पर फंड देश से बाहर भेजा गया था। शेल कंपनियों को 'माल ढुलाई और रसद' के बिजनस से जुड़ा बताया गया और माल ढुलाई शुल्क की आड़ में विदेश में मोटा पैसा भेजा गया।

पॉडकास्ट में बोलें पीएम मोदी

# 'मैं देवता नहीं, मुझसे भी गलतियां होती हैं'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के पॉडकस्ट शो में हिस्सा लिया। इसमें पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल, भारत की तकनीकी प्रगति, सोशल मीडिया, राजनीति समेत कई विषयों पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं सीएम बना था, तो मैंने अपने एक भाषण में कहा था कि मैं अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। दूसरी बात, मैं अपने लिए कुछ नहीं करूंगा। तीसरी बात, मैं इंसान हूं, मुझसे गलतियां हो सकती हैं, लेकिन मैं गलत इरादे से गलतियां नहीं करूंगा। मैंने इन्हें अपने जीवन का मंत्र बना लिया। गलतियां होना स्वाभाविक है, आखिर मैं इंसान हूं, मैं भगवान नहीं हूं, लेकिन जानबूझकर गलतियां नहीं करूंगा।

### हम तटस्थ नहीं, शांति के पक्षधर

- जब निखिल कामथ ने दुनिया के कई हिस्सों में चल रहे युद्धों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि वह तटस्थ नहीं हैं और शांति के पक्षधर हैं। दुनिया हम पर भरोसा करती है, क्योंकि हम में कोई दोगलापन नहीं है, हम जो भी कहते हैं, साफ-साफ कहते हैं। संकट के इस दौर में भी हमने बार-बार कहा है कि हम तटस्थ नहीं हैं। मैं शांति के पक्ष में हूं और इसके लिए जो भी प्रयास किए जाएंगे, मैं उनका समर्थन करूंगा।

### रिस्क लेने की क्षमता का नहीं हुआ पूरा इस्तेमाल

रिस्क लेने की क्षमता पर पूछे गए सवाल पर पीएम मोदी ने कहा, "मुझे लगता है कि मेरी अभी तक रिस्क लेने की क्षमता का भरपूर इस्तेमाल नहीं हो पाया है। बहुत कम हुआ है। रिस्क लेने की क्षमता बहुत अधिक है इसका कारण है। मुझे परवाह ही नहीं है। मैंने अपने लिए सोचा ही नहीं, जो अपने बारे में नहीं सोचा, उसके लिए रिस्क लेने की क्षमता बेहिसाब होती है।"

### दोस्तों के साथ कोई संपर्क नहीं रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे बचपन में ही अपना घर छोड़ना पड़ा था, जिसके चलते मैं अपने स्कूली दोस्तों से संपर्क नहीं रख सका। जब मैं पहली बार सीएम बना तो मैने अपने स्कूली दोस्तों को बुलाया। इसमें 35 दोस्त आए भी, लेकिन उनमें दोस्ती नहीं दिखी। पीएम ने कहा कि मुझे मजा नहीं आया, क्योंकि मैं उनमें अपना दोस्त खोज रहा था, लेकिन वो मुझे मुख्यमंत्री के तौर पर ही देख रहे थे।

### गोधरा दंगे पर खुलकर बोले

गुजरात में फरवरी 2002 में हुए गोधरा दंगे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलकर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विधायक बने तीन दिन भी नहीं हुए थे कि गोधरा में दंगे हो गए। दंगे की खबर मिलते ही मैं गोधरा जाने का फैसला किया। मैंने अपने आंखों से गोधरा की सच्चाई देखी। गोधरा की तस्वीरें बेहद दर्दनाक थी। मुझे बताया गया कि ट्रेन में आग लगी है।

प्रयागराज महाकुंभ 2025

# नौ रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन

## योगी ने किया 'मां की रसोई' का उद्घाटन

**प्रयागराज।** महाकुम्भ मेले के शुरू होने से पहले शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामुदायिक रसोई 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया, जिसमें मात्र नौ रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि सामुदायिक रसोई का संचालन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए, नंदी सेवा संस्थान द्वारा स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी ने अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्होंने 'मां की रसोई' का उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा उपस्थित लोगों को भोजन परोसा। नंदी सेवा संस्थान ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता के लिए यह पहल शुरू की है। भोजन में दाल, चार रोटियां, सब्जियां, चावल, सलाद और मिठाई मिलेंगी।

- नंदी सेवा संस्थान ने शुरू किया संचालन



### सीएम ने किया किचन का निरीक्षण

सीएम योगी औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ रसोई के किचन में पहुंचे। वहां उन्होंने खाना बनाने की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने खाने की गुणवत्ता और व्यवस्था की सराहना की। संस्थान के अनुसार 'मां की रसोई' उन लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी जो अपने प्रियजनों के इलाज के लिए इस अस्पताल में आते हैं व भोजन के लिए चिंतित होते हैं।

# जांच की जद में वक्फ की 100 संपत्तियां



सीएम योगी के बयान के बाद मची खलबली

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान के बाद बरेली जिले की 100 वक्फ संपत्तियां छानबीन और पैमाइश के घेरे में आ गई हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को आदेश का इंतजार है। माना जा रहा है कि जल्दी ही वक्फ बोर्ड के आदेश आएगा और इसके बाद अधिकारी जिले की वक्फ संपत्तियों के अभिलेखों से संपत्तियों की पैमाइश करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा था कि वक्फ के नाम पर जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। एक-एक इंच जमीन वापस ली जाएगी। इसी मामले में अब वक्फ संपत्तियों के बारे में पड़ताल होने के आसार हैं। जिले में वक्फ की करीब 3171 संपत्तियां है। तमाम संपत्तियों को लेकर छोटे बड़े विवाद भी सामने आते रहे हैं। इनकी शिकायतें हुईं। अब नए सिरे से जांच हो सकती है। अवैध कब्जे प्रशासन की प्राथमिकता में आएंगे।

# पत्रकार के परिवार की हत्या

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब एक और पत्रकार के पूरे परिवार की हत्या कर दी गई। सूरजपुर जिले में शुक्रवार को संपत्ति विवाद की वजह से एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के जिला रिपोर्टर संतोष कुमार टोपो के पूरे परिवार की निर्मम हत्या कर दी गई। मृतकों में पत्रकार संतोष के माता-पिता और भाई शामिल हैं। घटना दोपहर 1 बजे जगन्नाथपुर के खरगवा थाना क्षेत्र में उस वक्त हुई जब संतोष के माता-पिता खेत में काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, संतोष के परिवार और उनके रिश्तेदारों के बीच संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

**जमीन विवाद में तीन लोगों को कुल्हाड़ी से काटा**



### विवाद का कारण

- जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जगन्नाथपुर गांव में पुस्तैनी जमीन पर खेती को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद हो गया। उमेश टोपो, नरेश टोपो (30 साल) अपनी मां बसंती टोपो (55 साल) और पिता माघे टोपो (57 साल) के साथ विवादित जमीन पर खेती करने पहुंचे थे। इसी बीच दोपहर करीब एक बजे माघे टोपो के भाई के परिवार के 6-7 लोग भी वहां पहुंच गए और दोनों पक्षों में विवाद हो गया। कुछ देर में विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

## न्यूज BRIEF

### बीजेपी ने की 41 सीटों पर चर्चा



**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर दिल्ली बीजेपी कोर कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में दिल्ली की बची हुई 41 विधानसभा सीटों पर चर्चा की गई। सभी सीटों पर सर्वे रिपोर्ट और स्थानीय सांसदों की राय पर चर्चा हुई। हर सीट पर पेश किए गए पैनल में से 1-1 नाम शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिसे केंद्रीय चुनाव समिति में रखा जाएगा।

### गुजरात में एचएमपीवी का तीसरा केस

**अहमदाबाद।** गुजरात में एचएमपीवी के संक्रमितों की संख्या तीन हो चुकी है। साबरकांठा जिले में 8 साल के लड़के के ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अधिकारी ने बताया कि प्रांतिज तालुका के खेतिहर मजदूर परिवार से ताल्लुक रखने वाला यह लड़का एक प्राइवेट लैब की जांच में एचएमपीवी से संक्रमित पाया गया था। अब सरकारी लैब की जांच में भी संक्रमण की पुष्टि हो गई है। फिलहाल इस लड़के का इलाज हो रहा है। उसकी हालत स्थिर बताई जाती है।

### जीएसटी पोर्टल ठप, टैक्सपेयर्स परेशान



**नई दिल्ली।** जीएसटी के लिए मासिक और त्रैमासिक रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन शनिवार, 11 जनवरी है। लेकिन यह पोर्टल पिछले 24 घंटे से अधिक समय से काम नहीं कर रहा है। इससे देशभर के टैक्सपेयर्स चिंतित हैं। कई व्यापारी सारी तैयारी के बावजूद रिटर्न फाइल नहीं कर पा रहे हैं। व्यापारियों ने डेडलाइन बढ़ाने की भी मांग की है।

### सीमा पर पाक घुसपैठिया ढेर

**अमृतसर।** अमृतसर बॉर्डर पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था, जिसे बीएसएफ के सतर्क जवानों ने शुक्रवार तड़के पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। 9 जनवरी रात के समय ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए की संदिग्ध हरकत देखी थी, जो चुपके से अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पार कर गया था।

असम कोयला खदान हादसा

# आठ मजदूरों के बचने की उम्मीद कम

- खनिकों का सरदार गिरफ्तार
- नौ मजदूरों में से एक का शव मिला



**असम।** असम में अवैध खदान में हुए हादसे में मजदूरों के बचने की उम्मीद कम होती जा रही है। यहां अवैध कोयला खदान में पानी भरने से नौ मजदूर फंस गए थे। इनमें से एक मजदूर का शव मिल चुका है। वहीं, आठ मजदूरों की तलाश जारी है। इस बीच पुलिस ने मजदूरों के सरदार को गिरफ्तार कर लिया है। हादसा असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में हुआ था। बचाव अभियान को फिर से शुरू करने के लिए पानी निकाला जा रहा है।

### हादसे के बाद भागे सरदार को पुलिसे ने पकड़ा

खनिकों के 'सरदार' को, घटना के तुरंत बाद भाग गया था, व्यापक तलाशी अभियान के बाद गिरफ्तार किया गया। इस मामले में यह दूसरी गिरफ्तारी है। नौसेना और सेना के गोताखोर बचाव अभियान चलाने के लिए फिर से खदान में उतरेंगे। अधिकारी ने बताया कि नौसेना, सेना, असम राइफल्स, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और नागरिक प्रशासन बचाव अभियान में लगे हुए हैं।

# ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह 20 को



**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के नए राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। वह दूसरी बार अमेरिका की कमान संभालने जा रहे हैं। वॉशिंगटन डीसी में शपथ ग्रहण समारोह होगा। चीन, अर्जेंटीना, इटली, अल साल्वाडोर और हंगरी समेत कई देशों के लीडर्स को न्योता भेजे जाने का खबर है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले गेस्ट की लिस्ट भी इंटरनेशनल मीडिया में लीक हुई थी, जिसमें अर्जेंटीना, इटली, अल साल्वाडोर, हंगरी और चीन समेत कई देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों का नाम शामिल है।

- ट्रंप दूसरी बार बनेंगे अमेरिका के राष्ट्रपति

# पुलिस पर भड़के अजित पवार

## कहा- न संभल रहा हो तो बता दें हमें

**पुणे।** पुणे में कॉल सेंटर की महिला कर्मचारी की दर्दनाक हत्या का मामला तूल पकड़ रहा है। इसी बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने पुलिस को चेतावनी दी है कि अगर अपराध पर लगाम नहीं लगाई गई, तो उनकी जगह दूसरे अधिकारी लाए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने बढ़ते अपराध का जिम्मेदार भी पुलिस को करार दिया है। 28 वर्षीय शुभदा कोडारे की दिन दहाड़े एक युवक ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। पवार ने कहा कि अगर पुलिस पुणे में अपराध पर लगाम लगाने में असमर्थ है, तो 'कहीं न कहीं उसकी कमी' है जबकि उसे बुनियादी ढांचे संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।



### मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया संज्ञान

इन गिरोहों के बारे में पूछे जाने पर उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा, 'मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन मामलों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। इस क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के नाते, मैंने भी इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लिया है।' उन्होंने दावा किया कि पुलिस के काम में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है।

### सारी सुविधाएं देने के बाद असफलता स्वीकार्य नहीं

राकांपा प्रमुख ने कहा, 'बुनियादी ढांचे, आवास, नए कार्यालय और मानव संसाधन के मामले में विभिन्न सुविधाएं दिए जाने के बावजूद अगर पुलिस इन अपराधों पर लगाम लगाने में असमर्थ है, तो इससे पता चलता है कि पुलिस बल में वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर कहीं न कहीं कोई कमी है। अगर वे स्थिति से निपटने में सक्षम नहीं हैं, तो उन्हें यह स्वीकार करना चाहिए और हम अपराध को नियंत्रित करने के लिए बेहतर अधिकारी तैनात करेंगे।'

# केंद्र ने राज्यों को जारी किए 1.73 लाख करोड़

## यूपी को आवंटित हुई सबसे अधिक धनराशि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कर हस्तांतरण के तहत राज्यों को 1,73,030 करोड़ की राशि जारी की है। यह दिसंबर 2024 में वितरित 89,086 करोड़ की तुलना में काफी अधिक है। केंद्र सरकार का उद्देश्य इस बढ़ी हुई राशि से राज्यों को उनके पूंजीगत खर्च बढ़ाने और विकास व कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में मदद करना है। बता दें कि कर हस्तांतरण एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसके तहत केंद्र सरकार टैक्स राजस्व का हिस्सा राज्यों को वितरित करती है। यह प्रक्रिया वित्त आयोग की सिफारिशों पर आधारित होती है जो सुनिश्चित करता है कि टैक्स का वितरण निष्पक्ष और संतुलित हो। उत्तर प्रदेश को इस वितरण में सबसे अधिक 31,039.84 करोड़ मिले जबकि बिहार को 17,403.36 करोड़ और पश्चिम बंगाल को 13,017.06 करोड़ आवंटित हुआ। महाराष्ट्र और राजस्थान को क्रमशः 10,930.31 करोड़ और 10,426.78 करोड़ मिले। वहीं, छोटे राज्यों जैसे गोवा और सिक्किम को 667.91 करोड़ और 671.35 करोड़ का आवंटित किया गया।




# पैसे के लेनदेन में 5 लोगों की हत्या

**मेरठ।** मेरठ में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की सनसनीखेज हत्या मामले में शुक्रवार को पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। अब तक की पुलिस जांच में मृतक मोईन का सौतेला भाई इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड लग रहा है। आरोपी फिलहाल फरार है। पैसे के लेनदेन के चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिए जाने की बात कही जा रही है। शुरुआती जांच में मेरठ में पति, पत्नी और तीन बच्चों की हत्या मामले में वजह पैसे का लेनदेन ही सामने आ रही है।

**दो गिरफ्तार, 'मास्टरमाइंड' की तलाश**

# केजरीवाल फर्जी और धोखेबाज : गिरिराज

## जिस थाली में खाता है, उसी में छेद करता

**बेगूसराय।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर फर्जी वोट बनवाने का आरोप लगाते हुए ऐसी टिप्पणी कर दी थी, जिस पर वह खुद घिर गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यूपी और बिहार के लोगों को लाकर फर्जी वोट बनवाए जा रहे हैं। इस पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है और अरविंद केजरीवाल पर यूपी, बिहार और पूर्वांचल के लोगों के अपमान का आरोप लगाया है। यही नहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी अरविंद केजरीवाल पर तीखा अटैक किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल तो नमक हराम हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि इस आदमी ने हमेशा किसी न किसी को धोखा दिया है। अन्ना हजारे जैसे व्यक्ति को भी इसने धोखा दिया है।




# विकास करने रिफाइनरी महत्वपूर्ण: सीएम शर्मा

**बालोतरा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बालोतरा जिले के दौरे पर रहे जहां उन्होंने पचपदरा में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, राज्य सरकार एवं रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बस में बैठ कर रिफाइनरी में विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। शर्मा ने रिफाइनरी परिसर में ही हाईटेंशन मोटर के जरिए कम्प्रेस्ड एयर नाइट्रोजन प्लांट का उद्घाटन भी किया। शर्मा ने एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी में निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना केवल पश्चिमी राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



कम्प्रेस्ड एयर नाइट्रोजन प्लांट का उद्घाटन

### इ्यूल फीड क्रेकर यूनिट का अवलोकन

- मुख्यमंत्री ने रिफाइनरी परिसर में ड्यूल फीड क्रेकर यूनिट का अवलोकन किया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि इस यूनिट के निर्माण में बुर्ज खलीफा से भी अधिक कंक्रीट का उपयोग किया गया है। यह रिफाइनरी का सबसे बड़ा प्लांट भी है, जहां एक तिहाई श्रमिक (लगभग 9 हजार) काम करते हैं।



### जल्द पूरे किए जाएं लंबित यूनिट्स के निर्माण

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परियोजना की लंबित यूनिट्स का निर्माण कार्य पूरा करें ताकि उत्पादन प्रारंभ हो सके एवं पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री हो और राज्य को अधिकाधिक राजस्व प्राप्त हो सके। साथ ही, उन्होंने परियोजना के निर्माण कार्यों में स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिफाइनरी और आस-पास के क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्यवाही करें।

### बालोतरा के समग्र विकास की बनाएं योजना

- शर्मा ने जिला कलेक्टर को बालोतरा जिले के समग्र विकास की योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप जिले की मूलभूत आवश्यकताएं पानी, सड़क, बिजली, शिक्षा और चिकित्सा आदि के क्षेत्र में कार्ययोजना बनाकर आमजन को सहूलियत प्रदान करें। उन्होंने सड़क तंत्र को मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

# नागरिकों को घर तक सेवाएं उपलब्ध कराए आईटी विभाग

## ▶▶ सीएम ने सभी विभागों को दिए निर्देश



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के सभी विभागों की वेबसाइटों को अद्यतन करने के लिए सभी विभागों से तुरंत अधिकृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। सरकार के पास बड़ी मात्रा में उपलब्ध जानकारी के भंडारण के लिए क्लाउड सेवाओं का उपयोग किया जाए। साथ ही, नागरिकों को सभी योजनाओं और लाभों की घर तक सेवा प्रदान करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को पहल करनी चाहिए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों को सभी सेवाएं सरलता से उपलब्ध हो सकें, इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी निदेशालय को सशक्त बनाया जाए।

### सीएम ने की कार्यों की समीक्षा

मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अगले 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों और उपाय योजनाओं पर प्रस्तुति के माध्यम से चर्चा की गई। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशिष शेलार, मृदा एवं जलसंवर्धन मंत्री संजय राठौड़, श्रम मंत्री आकाश फुंडकर, वित्त एवं योजना राज्य मंत्री आशिष जयस्वाल, मृदा एवं जलसंवर्धन राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक, नगर विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, योजना विभाग के अपर मुख्य सचिव राजगोपाल देवरा, उपमुख्यमंत्री कार्यालय के प्रधान सचिव नवीन सोना और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव पराग जैन नैनुटिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सरकार के पास जानकारी का भंडार

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सरकार के पास बड़ी मात्रा में जानकारी का भंडार है, जो भविष्य में और बढ़ेगा। विभिन्न विभागों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को कौन-कौन सी जानकारी प्रदान की जाए, इसके लिए सरकारी आदेश जारी किया जाए। यह जानकारी नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मददगार होगी। साथ ही, इस जानकारी के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक नीति बनाई जाए और सतर्कता बरती जाए।

## शहरों के विकास का लक्ष्य तय करें

**मुंबई।** राज्य के 423 शहरों के नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए इन शहरों में सभी आवश्यक और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनका समग्र विकास करने का लक्ष्य तय किया जाए, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। शहर विकास विभाग द्वारा आगामी 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों और उपायों के संबंध में मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से चर्चा की गई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार, मृदा और जल संरक्षण मंत्री संजय राठोड़, श्रम मंत्री एड. आकाश फुंडकर, वित्त एवं योजना राज्य मंत्री आशीष जैस्वाल, मृदा और जल संरक्षण राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक, शहर विकास राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव ओ.पी. गुप्ता, योजना विभाग के अपर मुख्य सचिव राजगोपाल देवरा, उपमुख्यमंत्री कार्यालय के प्रधान सचिव नवीन सोना और शहर विकास-2 विभाग के प्रधान सचिव डॉ. के.एच. गोविंदराज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ठाणे में निवेशकों से 82.5 लाख की ठगी

### पुलिस ने मृतक पर दर्ज किया केस




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में निवेशकों से 82.5 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक मृत व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निवेशकों ने शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराई थी और जांच के दौरान ही आरोपी की चार दिसंबर, 2024 को मौत हो गई। इसकी जानकारी एक अधिकारी ने दी।

उन्होंने बताया कि नौपाड़ा पुलिस ने बुधवार को आरोपियों के खिलाफ अगस्त 2019 से दिसंबर 2024 के बीच हुई धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने इस दौरान कथित तौर पर नौ निवेशकों से 82.5 लाख रुपये ठगे। प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में कहा गया है कि कथित आरोपी ने पीड़ितों को आकर्षक रिटर्न का वादा करके विभिन्न योजनाओं में निवेश करने के लिए लालच दिया था। उसने उनसे पैसे एकत्र किए और कभी भी राशि वापस नहीं की या निवेश पर कोई रिटर्न नहीं दिया।

### महावितरण की जनता से अपील

## पतंग उड़ाते समय बरतें सावधानी

▶▶ धातुमिश्रित मांजा का उपयोग न करें

▶▶ बिजली के तारों से दूर रहें नागरिक



कल्याण/भांडुप। तिल-गुड़ की मिठास के साथ नीले आकाश में ऊंची उड़ान भरते पतंग मकर संक्रांति के आनंद को दोगुना कर देते हैं। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक पतंग उड़ाने का मजा लेते हैं। लेकिन, पतंग उड़ाते समय अगर पतंग या उसका मांजा बिजली के खंभों, ट्रांसफॉर्मरों या विद्युत लाइनों के संपर्क में आ जाए, तो दुर्घटना होने की संभावना रहती है। इसलिए, पतंग उड़ाते समय बिजली के उपकरणों और संरचनाओं से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील महावितरण ने की है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली वितरण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का जाल फैला हुआ है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पतंग उड़ाते समय इन संरचनाओं से दूर रहकर खुले मैदानों का उपयोग करना चाहिए। बिजली की लाइनों या खंभों पर अटकी पतंग या मांजा निकालने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, क्योंकि विद्युत तारों के आपसी घर्षण से शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जिससे जान-माल को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। घर की छत से, ट्रांसफॉर्मर पर चढ़कर या बिजली की लाइनों में फंसी पतंग निकालने की कोशिश न करें। बिजली की लाइनों पर पतंग निकालने के लिए पत्थर या रस्सी फेंकने का प्रयास भी खतरनाक हो सकता है। धातुमिश्रित मांजे का उपयोग न करें, क्योंकि यह बिजली की संरचनाओं के संपर्क में आने पर विद्युत प्रवाह उत्पन्न कर सकता है, जिससे करंट लगने का खतरा होता है। आपातकालीन स्थिति में महावितरण की संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें, ताकि बिजली की आपूर्ति को तुरंत बंद कर सहायता प्रदान की जा सके। महावितरण ने अपील की है कि ग्राहक सुविधा केंद्र के टोल-फ्री नंबर 1800-233-3435 या 1800-212-3435 पर संपर्क करें।

## खोडियार-साबरमती के बीच अंडरपास निर्माण

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद मंडल के अहमदाबाद-पालनपुर सेक्शन में खोडियार-साबरमती के बीच रेलवे क्रॉसिंग नं. 239 पर अंडरपास (RUB) निर्माण कार्य हेतु 11 जनवरी 2025 को ब्लॉक लिया गया है जिसके कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है। **पूर्णतः निरस्त ट्रेन:** 11 जनवरी की ट्रेन संख्या 79435/79436 साबरमती-पाटन-साबरमती डेमू निरस्त रहेगी। **आंशिक मार्ग परिवर्तित ट्रेनें:** 11 जनवरी की ट्रेन संख्या 16507 जोधपुर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग खोडियार-साबरमती (धरम नगर साइड)-अहमदाबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया खोडियार- चांदलोदिया-साबरमती (जेल साइड)-अहमदाबाद के रास्ते चलेगी। 11 जनवरी 2025 की ट्रेन संख्या 20902 गांधीनगर-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग खोडियार-साबरमती (धरम नगर साइड)-अहमदाबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया खोडियार-चांदलोदिया-साबरमती (जेल साइड)-अहमदाबाद के रास्ते चलेगी।

## स्कूल संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज

### संचालक पर अवैध रूप से स्कूल चलाने का आरोप

▶▶ टीएमसी प्रशासन ने शुरू किया सत्यापन का काम

ठाणे। ठाणे नगर निगम ने ठाणे नगर निगम सीमा के भीतर चल रहे अनाधिकृत स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया था। इसके बाद आदेश का उल्लंघन करने पर उन स्कूलों और संचालकों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया गया। इस बीच, ठाणे नगर निगम ने सत्यापन अभियान शुरू किया क्योंकि संस्था के प्रशासक स्कूल को बंद करने के बजाय उसका संचालन जारी रखे हुए थे। छह जनवरी को कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में होली ट्रिनिटी हाई इंग्लिश स्कूल के प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ठाणे महानगरपालिका के शिक्षा विभाग के प्रभारी अधीक्षक विजय साल्वे ने ठाणे महानगरपालिका की सीमा में बिना लाइसेंस के संचालित स्कूलों और आदेशों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों का सत्यापन शुरू कर दिया है। यह बात सामने आई है कि अधिकांश अनाधिकृत स्कूल बंद नहीं किये गये। नगर पालिका ने 24 मार्च 2023 को स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था। 27 जून 2024 को मनपा के शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने मानपाड़ा-माजीवाड़ा वार्ड समिति की सीमा के भीतर स्कूलों का दौरा किया। इस निरीक्षण अभियान के तहत, शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने मानपाड़ा माजीवाड़ा वार्ड में होली ट्रिनिटी हाई इंग्लिश स्कूल का निरीक्षण किया समिति द्वारा दो सितम्बर को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। उस समय स्कूल पहली से दसवीं कक्षा तक खुला था। इस बीच, स्कूल प्रबंधन द्वारा दी गई मंजूरी से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई तो पता चला कि संस्थानों के संचालकों के पास पहली से सातवीं कक्षा तक की कक्षाओं के लिए अनुमति नहीं थी। अंततः ठाणे नगर निगम के शिक्षा विभाग के अधीक्षक विजय साल्वे ने कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में स्कूल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

## अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर कुछ ट्रेनें प्रभावित

अहमदाबाद। पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 3 पर सीसी एप्रन रिपेयरिंग एवं पुनर्निर्माण कार्य हेतु 11 जनवरी 2025 तक ब्लॉक लिया गया था जिसे 15 जनवरी 2025 तक बढ़ाया गया है तदनुसार निम्नलिखित कुछ पैसेंजर/मेमू ट्रेनें 15 जनवरी 2025 तक प्रभावित रहेगी।

**पूर्णतः निरस्त ट्रेन**

1. 15 जनवरी तक ट्रेन संख्या 69116 (09274) अहमदाबाद-आणंद मेमू पूर्णतः निरस्त रहेगी।

**आंशिक निरस्त ट्रेन**

2. 15 जनवरी तक ट्रेन संख्या 19035 वडोदरा-अहमदाबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस वटवा और अहमदाबाद के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। **3.** 15 जनवरी तक ट्रेन संख्या 69113 (09315) वडोदरा-अहमदाबाद मेमू आणंद और अहमदाबाद के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

## घने कोहरे के कारण 26 ट्रेनें लेट

### दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप जारी

### विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली व एनसीआर में घना कोहरा देखने को मिल रहा है। इस कारण विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम है। ऐसे में दिल्ली से चलने वाली 26 ट्रेनें घने कोहरे के कारण देरी से चल रही हैं।

**दिल्ली से चलने वाली ये ट्रेनें हो गईं लेट**

- ट्रेन संख्या- 12565 (बिहार संपर्क क्रांति)- 165 मिनट
- ट्रेन संख्या- 15743 (फरक्का एक्सप्रेस)- 137 मिनट
- ट्रेन संख्या- 15658 (ब्रह्मपुत्रा एक्सप्रेस)- 193 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12397 (महाबोधि एक्सप्रेस)- 228 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12555 (गोरखधाम एक्सप्रेस)- 173 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12451 (श्रमशक्ति एक्सप्रेस)- 162 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12275 (एनडीएलएस हमसफर एक्सप्रेस)- 169 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12309 (आरजेपीबी तेजस राज एक्सप्रेस)- 110 मिनट
- ट्रेन संख्या- 14217 (उंचाहार एक्सप्रेस)- 354 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12427 (रीवा आनंदविहार एक्सप्रेस)- 176 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12367 (विक्रमशिला एक्सप्रेस)- 153 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12417 (प्रयागराज एक्सप्रेस)- 185 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12391 (श्रमजीवी एक्सप्रेस)- 111 मिनट
- ट्रेन संख्या- 14207 (पद्मावत एक्सप्रेस)- 69 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12229 (लखनऊ मेल)- 64 मिनट
- ट्रेन संख्या- 15127 (काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस)- 124 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12429 (लखनऊ-नई दिल्ली एसी एक्सप्रेस)- 132 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12557 (सप्त क्रांति एक्सप्रेस)- 124 मिनट
- ट्रेन संख्या- 22181 (जेबीपी एनजेएम सुपरफास्ट एक्सप्रेस)- 136 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12409 (गोंडवाना सुपरफास्ट एक्सप्रेस)- 106 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12447 (यूपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस)- 205 मिनट
- ट्रेन संख्या- 14623 (पातालकोट एक्सप्रेस)- 336 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12723 (तेलंगाना एक्सप्रेस)- 104 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12155 (आरकेएमपी निजामुद्दीन एक्सप्रेस)- 88 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12414 (जाट ऑल एक्सप्रेस)- 482 मिनट
- ट्रेन संख्या- 12485 (एनईडी एसजीएनआर सुपरफास्ट एक्सप्रेस)- 508


**निविदा संख्या. एन_11_एचक्यू_आईडीएस_2024-25 के विपरीत संशोधनी नं. 1**

निविदा सूचना संख्या. एन_11_एचक्यू_2024-25। **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के रंगिया मंडल पर सुरक्षा एवं क्षमता वृद्धि हेतु ट्रैकिंग एवं लेवेल क्रॉसिंग अलार्ट के साथ हाथी का आवागमन पहचान हेतु हस्ती अतिक्रमण पहचान प्रणाली का प्रावधान कराना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 24-01-2025 तारीख के 15.00 बजे में। संशोधनी की विस्तृत तथ्यों के लिए कृपया www.ireps.gov.in वेबसाइट पर अवलोकन करें।

महाप्रबंधक (एसएंडटी), मालीगॉव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"


## न्यूनतम कौशल विकास कार्यक्रम की बैठक संपन्न

- कौशल को सुधार कर स्वरोजगार के अवसर प्रदान करें

**मुंबई।** 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवारों के कौशल में सुधार कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से न्यूनतम कौशल विकास कार्यक्रम वर्ष 2024-25 योजना जिला योजना समिति के माध्यम से कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित की जाती है। वर्ष 2024-25 की इस योजना के तहत जिले के 3,300 उम्मीदवारों का कौशल सुधारने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिकृत संस्थाओं को बैच का आवंटन किया गया। यह जानकारी सहायक आयुक्त, जिला कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र, मुंबई उपनगर, शैलेश भगत ने दी। जिला अधिकारी कार्यालय, मुंबई उपनगर में कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार जिला कार्यकारी समिति, मुंबई उपनगर की ओर से न्यूनतम कौशल विकास कार्यक्रम 2024-25 के बैच आवंटन के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उप जिलाधिकारी संदीप निचित, जिला योजना अधिकारी संजय शिंदे, डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेनिंग के नरेशकुमार चव्हाण, सरकारी श्रमिक अधिकारी प्रेरणा मोहने, जिला अग्रणी बैंक के युवराज शिंदे और एसएमई चेंबर ऑफ इंडिया के मनेश भगत उपस्थित थे।

## मध्य रेलवे का मेगा ब्लॉक कल

**मुंबई।** मध्य रेल, मुंबई मंडल रविवार, दिनांक 12.01.2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा।

**मेन लाइन ब्लॉक सेक्शन**

विद्याविहार और ठाणे स्टेशनों के बीच 5वीं और 6वीं लाइन सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक

**अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का डायवर्जनः** इन अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को ठाणे में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, विद्याविहार स्टेशन पर 6वीं लाइन पर फिर से डायवर्ट किया जाएगा और 10 से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेगा। ट्रेन संख्या 13201 पटना-एलटीटी एक्सप्रेस। ट्रेन संख्या 17221 काकीनाडा-एलटीटी एक्सप्रेस।

**डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का डायवर्जन** इन डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को विद्याविहार स्टेशन पर डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, ठाणे में 5वीं लाइन पर फिर से रिडायवर्ट किया जाएगा और 10 से 15 मिनट देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचेगी।



ट्रेन संख्या. 11055 एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस। ट्रेन संख्या. 11061 एलटीटी-जयनगर पवन एक्सप्रेस। ट्रेन संख्या. 16345 एलटीटी-तिरुवनंतपुरम नेत्रवती एक्सप्रेस। ठाणे और वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच अप और डाउन ट्रांस हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक। ठाणे की ओर जाने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन की सेवाएँ सुबह 10.25 बजे से शाम 04.09 बजे तक पनवेल से प्रस्थान करने वाली और वाशी/नेरुल/पनवेल की ओर जाने वाली डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन की सेवाएँ सुबह 10.35 बजे से शाम 4.07 बजे तक ठाणे से प्रस्थान करने वाली सेवाएं निलंबित रहेंगी।

## पश्चिम रेलवे का जम्बो ब्लॉक कल

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रैक, सिगनलिंग तथा ओवर हेड उपस्करों के रख-रखाव हेतु रविवार, 12 जनवरी को सांताक्रुज एवं गोरेगांव स्टेशनों के बीच 10.00 बजे से 15.00 बजे तक अप तथा डाउन फ़ास्ट लाइनों पर पाँच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इस ब्लॉक अवधि के दौरान सभी फास्ट लाइन की उपनगरीय ट्रेनों को सांताक्रुज एवं गोरेगांव स्टेशनों के बीच धीमी लाइन पर चलाया जाएगा। ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और कुछ अंधेरी एवं बोरीवली ट्रेनों को हार्बर लाइन पर गोरेगाँव तक चलाया जाएगा।


**मार्ग में चलने वाली ट्रेनों और प्लेटफार्म के कोचे की सफाई**

ई-निविदा सूचना संख्या : SrCDO-CTS-GHY-24-25; दिनांक: 08-01-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **कार्य का नाम :** गुवाहाटी स्टेशन पर चार वर्ष की अवधि के लिए स्वच्छ ट्रेन स्टेशन योजना के अंतर्गत मार्ग में आने वाली ट्रेनों और प्लेटफार्म वापसी वाली ट्रेनों के कोचे की सफाई के साथ-साथ डीबी/आईबी परिवर्तन कार्य और संबद्ध सेवाएं। **विज्ञापित मूल्यः** ₹39,36,90,655.62/-; **अग्रिम राशि:** ₹21,18,500/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **28-01-2025** को **15:00** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

सीनियर सीडीओ/गुवाहाटी

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## आरे कॉलोनी में 11वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**मुंबई।** मुंबई के आरे कॉलोनी स्थित एक इंटरनेशन स्कूल/कॉलेज में एक 11वीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा ने वॉशरूम में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना को लेकर पुलिस की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक, लड़की को जानने वाले लोगों ने बताया कि वह पहले भी इस प्रकार का कदम उठा चुकी है। आत्महत्या की इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लिया है।


**निविदा संख्याः एन_12_एचक्यू_आईडीएस_2024-25, दिनांकः 09-01-2025 के लिए शुद्धिपत्र संख्या-1**

निविदा सूचना सं. एन_12_एचक्यू_2024-25। **कार्य का नामः** लामडिंग और तिनसुकिया मंडल में पू. सी. रेल के अंतर्गत सुरक्षा और क्षमता बढ़ाने के लिए ट्रैकिंग और लेवल क्रॉसिंग अलर्ट के साथ हाथियों की गतिविधियां का पता लगाने के लिए घुसपैठ का पता लगानेवाली प्रणाली का प्रावधान। **ई-निविदाएं** 24-01-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी।** शुद्धिपत्र के विवरण के लिए www.ireps.gov.in पर पधारें।

महाप्रबंधक (एसएंडटी), मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं- JHS/Comm/e-Auction/25/81 दिनांक : 07.01.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

| श्रेणी : पार्सल | केटलॉग संख्या : JHS-LEASING-29 |
|---|---|
| **एसेट्स डिटेल्स** | |
| 1. ट्रेन संख्या-22547 में 01 एसएलआर- एफ-I. | **ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय :** दिनांक 22.01.2025 को समय - 11:00 से |
| 2. ट्रेन संख्या-12198 में 02 एसएलआर- एफ-I & एफ-II. | |
| 3. ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर- एफ - I. | |
| 4. ट्रेन संख्या- 12279 में 01 एसएलआर- एफ-I. | **ई-नीलामी समाप्त होने तिथि व समय :** दिनांक 22.01.2025 को समय - 12:40 तक |
| 5. ट्रेन संख्या-22198 में 01 एसएलआर- एफ- I. | |
| 6. ट्रेन संख्या-22195 में 01 एसएलआर- एफ-I. | |
| 7. ट्रेन संख्या - 12320 में 01 एसएलआर- एफ-I. | |

**नोट :** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **44/25(AS)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR

**MSEB HOLDING COMPANY LTD**

**E-Tender Notice**

The Undersigned invites e-Tender No. EEC/MSEBHCL/ MUM/ TECH/T-55-2024-25 to EEC/MSEBHCL/MUM/TECH/T-61-2024-25 from the eligible bidders for works under MSEBHCL Mumbai. The Tenders will be processed only in Electronic Tendering mode. The bid documents will be available on website dt.09.01.2025 from For further details & updates visit our Website www.mahadiscom.in. E- tender link https://etender.mahadiscom.in. Ph-022- 22608383

**HO PR NO 08/2024-25 dt.09.01.2025 Chief Engineer (Civil).**

**नदी में प्रशिक्षण हेतु स्पार का निर्माण एवं अन्य सुरक्षा कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. SCL/ENGG/08 of 2025 तारीखः** 08-01-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **आईटम का संक्षिप्त विवरणः** एडीईएन/बदरपुर घाट के अधीन जामिरा-भैरवी खंड के बीच सेतु संख्या. 133 पर स्थित धलेश्वरी नदी पर नदी में प्रशिक्षण हेतु स्पार का निर्माण एवं अन्य सुरक्षा कार्य। **निविदा राशिः** ₹6,28,41,472.69/-। **धरोहर राशिः** ₹4,64,200/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 30-01-2025 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगीः** 31-01-2025 तारीख के 15.00 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण आगामी 30-01-2025 तारीख के 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

डीआरएम (डब्ल्यू), लामडिंग, सिलचर

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट**

**निविदा सूचना संख्याः S/66/018/24-25, दिनांकः 07-01-2025.** निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.:1; निविदा संख्याः NJ245127;**

**बंद होने/खोलने की तिथिः 28-01-2025.**

**संक्षिप्त विवरण:** ईएमडी पार्ट संख्या 22109359 के अनुसार ईंधन पंप मोटर असेंबली के लिए ग्रीन टेक पार्ट संख्या 8924567 के अनुसार ग्रीन टेक द्वारा निर्मित इन्वर्टर के लिए मॉड्यूलर किट की आपूर्ति और स्थापना।

कॉन्साइनीः- एसएसई/डी/न्यू जलपाईगुड़ी, एनएफआर। **मात्रा :** 100 संख्या।

**टिप्पणी:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते हैं, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेन्सियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, न्यू जलपाईगुड़ी

पूर्वोत्तर सीमा रेल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी.-ई-2024-221, **कार्य का नाम :** खैरार-भीमसेन सेक्शनः कंस्ट्रक्शन ऑफ़ लिमिटेड हाइट पेडेस्ट्रियन सबवे एट दी लोकेशन ऑफ़ क्लोज्ड एलसी नंबर एस-80 ए एट किमी. 1421/9-1422/0 बिटवीन कठारा रोड एंड सिरही इटारा स्टेशन ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (₹):** 3,15,88,587.92 | **अमानत राशि (₹):** ₹ 3,08,000.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथिः** 03.02.2025 at 15:00 hrs. | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 08 माह | |

• निविदा दिनांक **03.02.2025** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखे। **39/25 (MG)**

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


### पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

## सूरत स्टेशन पर चल रहा पुनर्विकास कार्य

### कुछ ट्रेनों में ठहराव और समय में बदलाव

**अहमदाबाद।** सूरत स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे द्वारा कुछ स्पेशल ट्रेनों के ठहराव को सूरत स्टेशन से बदलकर उधना स्टेशन कर दिया गया है, साथ ही इन ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है। यह बदलाव 10 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषे के अनुसार, उधना स्टेशन पर जिन ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है उनका विवरण निम्नानुसार है।**1.** ट्रेन संख्या 09207 बांद्रा टर्मिनस–भावनगर टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 13.35 बजे/13.40 बजे)। **2.** ट्रेन संख्या 09208 भावनगर टर्मिनस–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 01.13 बजे/01.18 बजे)। **3.** ट्रेन संख्या 09724 बांद्रा टर्मिनस–जयपुर स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 13.35 बजे/13.40 बजे)। **4.** ट्रेन संख्या 09723 जयपुर–बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 01.13 बजे/01.18 बजे) **5.**ट्रेन संख्या 09622 बांद्रा टर्मिनस–अजमेर स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 14.50 बजे/14.55 बजे)। 6. ट्रेन संख्या 09621 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 23.55 बजे/23.59 बजे)। **7.** ट्रेन संख्या 09415 बांद्रा टर्मिनस-गांधीधाम स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 23.12 बजे/23.17 बजे)। **8.** ट्रेन संख्या 09653 अजमेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 07.51 बजे/07.56 बजे)। **9.** ट्रेन संख्या 04711 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 11.26 बजे/11.31 बजे)। **10.** ट्रेन संख्या 09419 अहमदाबाद–तिरुचिरापल्ली स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 13.08 बजे/13.13 बजे)। **11.** ट्रेन संख्या 09627 अजमेर–सोलापुर स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 01.37 बजे/01.42 बजे)। **12.** ट्रेन संख्या 09628 सोलापुर–अजमेर स्पेशल उधना स्टेशन पर रुकेगी (आगमन/प्रस्थान 23.30 बजे/23.35 बजे)।

# असंगठित कामगारों को योजनाओं का लाभ देने को कार्य योजना तैयार करें : सीएम

▶▶ मुख्यमंत्री फडणवीस ने की श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा
▶▶ आगामी 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों के संदर्भ में दिए सुझाव



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** केंद्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायों के अनुसार वर्गीकरण कर असंगठित कामगारों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए समन्वित कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए आगामी 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों के संदर्भ में सुझाव दिए। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, श्रम मंत्री एड. आकाश फुंडकर, मृदा और जल संरक्षण मंत्री संजय राठोड़, राज्य मंत्री आशीष जैस्वाल, इंद्रनील नाईक, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव श्रीकर परदेशी और अन्य विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित थे।

### राज्य में डेढ़ करोड़ पंजीकृत कामगार

राज्य में वर्तमान में लगभग डेढ़ करोड़ पंजीकृत कामगार हैं। इन कामगारों के साथ अन्य क्षेत्रों के असंगठित कामगारों के लिए विभिन्न योजनाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाने का निर्देश दिया गया। उद्योग और नियामकों के बीच तेज़ी से समन्वय स्थापित करने के लिए "बॉयलर मैन्युफैक्चरिंग मैनेजमेंट सिस्टम" प्रणाली के तहत ऑनलाइन सेवा शुरू करने की भी सलाह दी गई।

### बैठक के मुख्य बिंदु

- विभिन्न क्रियान्वयन एजेंसियों से उपकर संग्रह के लिए सेस पोर्टल तैयार किया जाएगा।
- निर्माण कामगारों के लिए संशोधित योजनाओं को लागू किया जाएगा।
- रिएक्टर उपयोग के लिए नए प्रारूप नियम तैयार किए जाएंगे।
- महाराष्ट्र निजी सुरक्षा गार्ड अधिनियम में संशोधन किया जाएगा।
- औद्योगिक न्यायाधिकरण नियमों का मसौदा तैयार किया जाएगा।
- केंद्र सरकार की नई श्रम संहिता का कार्यान्वयन किया जाएगा।
- कुशल मानव संसाधन को आईटीआई के सहयोग से प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी।

### ईएसआई अस्पतालों में बेहतर सेवाएं दी जाएं

■ मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि कामगारों के लिए वर्तमान में संचालित ईएसआई अस्पतालों को सशक्त बनाकर बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएं। साथ ही, कुशल मानव संसाधन तैयार करने के लिए आईटीआई के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाए। असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए चल रही योजनाओं को भविष्य में भी जारी रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# कचरा संकलन में लापरवाही : केडीएमसी

- तीन प्रभागों के ठेकेदार का अनुबंध रद्द
- सुबह नहीं दोपहर में होगा कचरा संकलन
- घनकचरा प्रबंधन विभाग के उपायुक्त ने दी जानकारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




तकनीकी समस्याओं और खराब गाड़ियों के कारण इन तीनों प्रभागों में कचरा संकलन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

कल्याण-डोंबिवली। कचरा संकलन में लापरवाही बरतने वाले 3 प्रभाग क्षेत्रों के निजी ठेकेदार का अनुबंध रद्द करने का निर्णय केडीएमसी प्रशासन ने लिया है। इन तीनों प्रभागों में अब केडीएमसी प्रशासन द्वारा सुबह के बजाय दोपहर के समय कचरा संकलन किया जाएगा और नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है। घनकचरा प्रबंधन विभाग के उपायुक्त अतुल पाटिल ने बताया कि केडीएमसी क्षेत्र में सात प्रभागों के लिए नियुक्त नई निजी एजेंसी का कार्य भी जल्द शुरू होगा और उसके बाद यह समस्या सुलझ जाएगी। कल्याण-डोंबिवली मनपा क्षेत्र के बी, डी और जे प्रभाग कार्यालयों के अंतर्गत कचरा संकलन के लिए आर एंड बी कंपनी को अनुबंध दिया गया था। लेकिन, इस कंपनी की पुरानी गाड़ियों, लगातार

### केडीएमसी का सहयोग करें नागरिक

इस पृष्ठभूमि में, इस नई व्यवस्था के कार्यान्वित होने तक बी, डी और जे प्रभाग के नागरिकों से कुछ समय तक धैर्य रखने और मनपा प्रशासन को आवश्यक सहयोग करने की अपील की गई है। साथ ही, कचरा संकलन में देरी होने पर सड़क पर, खाली जगह में या खुले में कचरा न डालने का अनुरोध भी उपायुक्त अतुल पाटिल ने किया है।

### मिल रही थी बड़े पैमाने पर शिकायतें

■ इन प्रभागों में कचरा संकलन सही तरीके से नहीं होने पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने केडीएमसी प्रशासन से बार-बार शिकायतें की थीं। इस पर केडीएमसी प्रशासन ने संबंधित ठेकेदार को विधिवत नोटिस भी जारी किया था। लेकिन, स्थिति में सुधार न होने के कारण आखिरकार इस ठेकेदार का अनुबंध रद्द करने का निर्णय लिया गया, यह जानकारी घनकचरा प्रबंधन विभाग के उपायुक्त अतुल पाटिल ने दी।

### केडीएमसी ही करेगी कचरा संकलन

अब इन प्रभागों में केडीएमसी के सफाई कर्मचारी और तंत्र ही कचरा संकलन करेंगे। हालांकि, यह कार्य सुबह के बजाय दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे के बीच किया जाएगा। अतुल पाटिल ने नागरिकों से इस बदलाव में सहयोग करने की अपील की है। इसके अलावा, केडीएमसी क्षेत्र के ए, बी और सी प्रभागों को छोड़कर शेष सात प्रभागों में कचरा संकलन, परिवहन और प्रक्रिया के लिए नई एजेंसी नियुक्त की गई है। अगले दो से ढाई महीनों में इस एजेंसी का कार्य शुरू होगा। इसके बाद इन सातों प्रभागों की सफाई कर्मचारी और अन्य तंत्र को ए, बी, और सी प्रभागों में स्थानांतरित किया जाएगा। बड़ी संख्या में यह तंत्र उपलब्ध होने के बाद इन तीनों प्रभागों में अधिक बेहतर तरीके से सफाई और स्वच्छता का प्रबंधन करना संभव होगा, यह महत्वपूर्ण जानकारी भी उपायुक्त अतुल पाटिल ने दी।

म्हाडा का निर्णय

# आरक्षित सड़कों का मनपा को हस्तांतरण

▶▶ म्हाडा के मुंबई में कुल 114 अभिन्यास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के मुंबई स्थित अभिन्यास में शामिल भूभागों पर बीएमसी की विकास रूपरेखा में आरक्षित सार्वजनिक सड़कों का हस्तांतरण मनपा को तात्कालिक रूप से किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयस्वाल ने म्हाडा मुख्यालय में आयोजित बैठक में घोषित किया।

म्हाडा के मुंबई में कुल 114 अभिन्यास हैं। इन अभिन्यासों के कुछ भूभागों पर मुंबई मनपा की विकास रूपरेखा में सार्वजनिक सड़कों के लिए आरक्षण किया गया है। चूंकि विकास रूपरेखा में आरक्षित सड़कों का सार्वजनिक हित में महत्व है, म्हाडा के अभिन्यास में शामिल उन सभी भूभागों, जो सार्वजनिक सड़कों के लिए आरक्षित हैं, को 'जैसी स्थिति में हैं' अतिक्रमण रहित या अतिक्रमण सहित, एकतरफा रूप से मनपा के संबंधित विभाग को तत्काल हस्तांतरित करने का निर्देश जयस्वाल ने संबंधित कार्यकारी अभियंता एवं संपत्ति प्रबंधक को जारी किया।

इस निर्णय से कॉलोनियों में सड़कों की देखभाल, मरम्मत और प्रबंधन की जिम्मेदारी अधिक प्रभावी ढंग से निभाई जा सकेगी। साथ ही, शहर की विकास रूपरेखा के अनुरूप सड़कों के निर्माण और सुधार में मनपा को सहायता मिलेगी। म्हाडा का यह निर्णय कॉलोनियों के निवासियों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, क्योंकि इससे सड़क विकास प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है।

## एक ही परिवार के चार सदस्य घायल

**वसई।** नालासोपारा पूर्व के शंखेश्वरनगर में एक बिल्डिंग में उस समय धमाका हुआ,जब परफ्यूम पर तारीख बदलने का काम चल रहा था। यह घटना गुरुवार रात करीब 8:30 बजे हुई,जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार,नालासोपारा पूर्व के शंखेश्वर नगर इलाके में स्थित रोशनी अपार्टमेंट बिल्डिंग के फ्लैट नंबर 112 में वडर परिवार रहता है। गुरुवार रात करीब 8:30 बजे परफ्यूम की बोतलों पर तारीख खत्म हो गई थी। उन्हें बदलने का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक विस्फोट हो गया। परफ्यूम में मौजूद गैस के कारण हुए विस्फोट में घर में मौजूद चार लोग झुलस गए और घायल हो गए। घायलों की पहचान महावीर वडर (41), सुनीता वडर , हर्षवर्धन वडर (9) और हर्षदा वडर (14) के रूप में हुई है।

# मुंबई में तेजी से बढ़ रहे तलाक के मामले

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




- दिल्ली समेत कई मेट्रो शहर भी शामिल
- मुंबई मे रोजाना 22 तलाक की याचिकाएं कोर्ट में जाती

**मुंबई।** भारत में लगातार तलाक के मामले बढ़ते जा रहे हैं, खासतौर पर बड़े शहरों में ये ट्रेंड काफी तेजी से फैल रहा है। इस वक्त चहल और धनश्री को लकर चर्चा काफी ज्यादा है। धनश्री और चहल की तरफ से अब तक तलाक को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है, लेकिन उनके सोशल मीडिया हैंडल्स और पोस्ट देखकर फैंस लगातार यही कयास लगा रहे हैं। इसी चर्चा के बीच कैसे मेट्रो सिटीज में तलाक का ट्रेंड लगातार बढ़ता जा रहा है,जिसमें मुंबई शहर भी काफी आगे है। जहां कई बड़े सेलेब्स का तलाक देख चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई मे रोजाना औसतन करीब 22 तलाक की याचिकाएं कोर्ट में जाती हैं। इनमें से ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं जो शादी के कुछ ही साल बाद अलग होना चाहते हैं। मुंबई के अलावा दिल्ली में भी लगातार तलाक के मामले बढ़ रहे हैं, जिनका कारण मॉर्डन वैल्यूज और कॅरियर को लेकर आ रही परेशानियों को बताया जा रहा है। दिल्ली और मुंबई के अलावा बेंगलुरु और केरल में भी तलाक के मामले काफी बढ़ रहे हैं। साथ ही गोवा, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में भी तलाक का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। पिछले कुछ सालों में तलाक के ऐसे भी मामले सामने आए, जिनमें लोगों ने शादी के 40 या 50 साल बाद भी तलाक लिया है। इसे ग्रे तलाक कहा जा रहा है।

# एक साल बाद दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ पांच आरोपी अभी भी फरार
▶▶ गौराईपाडा में की थी हत्या

**वसई।** पेल्हार पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम ने हत्या के अपराध में लगभग एक वर्ष से फरार चल रहे 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। यह कार्रवाई पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन कांबले के मार्गदर्शन में अपराध पुलिस निरीक्षक डी.एन. चौधरी और पुलिस निरीक्षक (प्रशाशन) शकिल शेख के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन के एपीआई रमेश वाघचौरे और पीएसआई तुकाराम भोपले की टीम ने की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, पेल्हार पुलिस स्टेशन में कलम 302, 364, 141, 143, 144, 147, 148, 149, 120(बी) मे मृतक सुधीर कुंजबिहारी सिंह (27) निवासी - कांदीवली पूर्व के अपराध में 12 आरोपी ने रिक्शा में जबरन डालकर पांडे नगर स्थित मारपीट करते हुए गौराईपाडा नाका में मृतक सुधीर के ऊपर तेज धारदार हथियार से हमला कर उसकी दर्दनाक हत्या कर दिया था। पुलिस ने बताया कि,इस मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा 5 आरोपी अभी भी फरार हैं। पेल्हार पुलिस स्टेशन का क्राइम डिटेक्शन की टीम गुप्त मुखबिरों और तकनीकी सूचनाओं के आधार पर इस मामले में फरार आरोपियों की लगातार तलाश कर रही है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि, क्राइम डिटेक्शन के पुलिस कर्मचारी किरण आव्हाड को गोपनीय मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त अपराध में वांछित आरोपी वसई तालुका के विरार पूर्व,भाटपाड़ा क्षेत्र में आने वाला है। सूचना के आधार पर उक्त स्थान पर टीम ने जाल बिछाया और फरार आरोपी रोहन विश्वनाथ सिंह (28) और अखिलेश भोलानाथ यादव (24) को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया और आगे की जांच में जुट गई है।

## उल्हासनगर मनपा की जनता से अपील

▶▶ नायलॉन मांझा उपयोग न करें

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर के सभी नागरिकों से यह अपील की जाती है कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण और मुंबई उच्च न्यायालय, औरंगाबाद खंडपीठ में दाखिल सू-मोटो पीआईएल नं. 08/2020 के तहत 20 दिसंबर 2022 को उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, प्लास्टिक/सिंथेटिक पदार्थ से बने नायलॉन मांजे के कारण पक्षियों और मानव जीवन को होने वाली चोटों के चलते ऐसे मांजे का उपयोग न करें। साथ ही, यह भी सूचित किया जाता है कि नायलॉन मांजे के कारण बिजली की तारें टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, विद्युत उपकरण खराब होते हैं, दुर्घटनाएं होती हैं, जीवन की क्षति होती है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। हालांकि, नागरिकों द्वारा 14 जनवरी को देशभर में मनाए जाने वाले मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग उड़ाने की परंपरा है, फिर भी पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने और पक्षियों व मानव जीवन को किसी भी प्रकार की चोट से बचाने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए। यदि कोई नायलॉन मांजे का उपयोग करते हुए पाया जाए, तो उसे रोकने और इसके दुष्परिणामों के प्रति जनजागरण करने में सहयोग करें।

महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना

# लाभार्थियों को मिले अधिकतम लाभ : आबिटकर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




मुंबई। गंभीर बीमारियों के महंगे इलाज और सर्जरी के लिए महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना गरीबों के लिए एक संजीवनी है। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। अंग प्रत्यारोपण जैसी महंगी सर्जरी और इलाज को पूरी तरह से निःशुल्क करने के लिए महात्मा फुले जन आरोग्य योजना और स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं को आपस में जोड़कर एक नीति तैयार की जाए, ऐसे निर्देश सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने दिए। आरोग्य भवन में आयोजित बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री आबिटकर ने महात्मा फुले जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य सेवा आयुक्त अमगोथू रंगा नायक, निदेशक डॉ. नितीन अंबाडेकर, राज्य गारंटी बीमा सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अण्णासाहेब चव्हाण, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी बोंदरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री आबिटकर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को निकटतम और उपलब्ध किसी भी अस्पताल में इलाज का लाभ देने के लिए नीति बनाई जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि योजना के पोर्टल पर प्राप्त और लंबित लगभग 1,075 शिकायतों पर तत्काल नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लिया जाए और आवश्यकता अनुसार कठोर कार्रवाई की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर पूरी की जाए। यदि शिकायतों पर क्रियान्वयन संस्था द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती या प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो ऐसी संस्थाओं पर कार्रवाई की जाए। साथ ही शिकायत निवारण के लिए एक नई मान्य कार्यपद्धति बनाकर कठोर प्रावधान किए जाएं। मंत्री आबिटकर ने निर्देश दिया कि योजना के तहत अस्पतालों के कार्य की गुणवत्ता की जांच और मूल्यांकन के लिए राज्य स्वास्थ्य गारंटी सोसायटी मुख्यालय से एक स्वतंत्र टीम का गठन किया जाए। महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन की निगरानी और देखरेख के लिए जिलों में पालक मंत्री की अध्यक्षता में विधायकों को शामिल करते हुए समितियां बनाई जाएं। आयुष्मान कार्ड के 100% वितरण के लिए तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग की एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाए।

# नालासोपारा में बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

▶▶ 17 सालों से अवैध रूप से रह रही थी महिला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**विरार।** अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ, नालासोपारा दस्ते द्वारा नालासोपारा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर अवैध रूप से रह रही एक बांग्लादेशी महिला नागरिक के खिलाफ कार्रवाई की है। यह कार्रवाई दस्ते की पुलिस निरीक्षक सौरभी पवार की टीम ने की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौ जनवरी को अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ, नालासोपारा को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बांग्लादेशी नागरिक नालासोपारा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर न्यू पाटनकर पार्क को.ऑप. हाउस,सोसा.लि. पाटनकर पार्क नालासोपारा पश्चिम में बिना परमिशन के रह रहा है। सूचना के आधार पर,पुलिस ने उक्त स्थान पर जाल बिछाया,1 बांग्लादेशी महिला जिसका नाम नेहरून अजीजुल शेख,उम्र 37 वर्ष, निवासी- नालासोपारा पश्चिम, मूलनिवासी लखौटी,तालुका बैरकपुर,जिला खुलना,देश बांग्लादेश है,को हिरासत में लिया गया और दुभाषिया के माध्यम से पूछताछ की गई।पता चला कि वह लगभग 17 वर्षों से बिना परमिशन के भारत में रह रही थी।जब उससे दुभाषिए के ज़रिए आगे पूछताछ की गई तो उसने बांग्लादेशी नागरिक होने की बात कबूल की। विस्तृत पंचनामा तैयार किया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया।और उसके खिलाफ नालासोपारा पुलिस स्टेशन में भारतीय पासपोर्ट अधिनियम, 1950 की धारा 3(ए), 6(ए) तथा विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## दहिसर में महाआरती आज

**मुंबई।** श्रीराम जन्मभूमितीर्थ क्षेत्र द्वारा अयोध्या में श्रीराम लला मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष के अवसर पर दहिसर (पूर्व) में अखंड रामायण पाठ, महाआरती और महाभंडारा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी बृजेश चंद्रमणि दुबे और पूजा बृजेश दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि अखंड रामायण पाठ की पूर्णहुति शनिवार की दोपहर करीब 12.30 बजे होगी। शाम छह बजे महाआरती और फिर शाम 6.30 बजे महाभंडारा होगा। इस पूरे कार्यक्रम की संकल्पना भाजपा विधायक मनीषाताई चौधरी की है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल प्रमुख अतिथि होंगे। दहिसर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष अरविंद यादव और आयोजक बृजेश दुबे ने बताया कि इस पूरे आयोजन में श्री नवशक्ति अंबे मां सेवा मंडल, बृजेश दुबे फाउंडेशन, भारतीय सदविचार मंच, स्वर्णिम भारत ट्रस्ट, सोमनाथ मंदिर, राम जानकी चैरिटेबल ट्रस्ट, समर्पित सेवा संस्था, ओम साई राम गणेशोत्सव मंडल, अष्टविनायक मित्र मंडल, ओम महारुद्र मित्र मंडल, सदभावना मित्र मंडल, चांडक एसआरए निवासी संघ और जय भवानी मित्र मंडल सहित कई सामाजिक संस्थाएं शामिल हैं।

■ श्रीराम लला मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष

वैष्णव चतुः संप्रदाय सेवा संस्था

# कलश और रथ यात्रा में उमड़ा वैष्णव जन सैलाब

▶▶ 108 नारियों ने कलश यात्रा में लिया हिस्सा
▶▶ -वैष्णव समाज का स्नेह सम्मेलन आयोजित
▶▶ छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नालासोपारा। नालासोपारा पश्चिम (खुले रंगमंच )में नालासोपारा, वसई' नायगांव, विरार, (पालघर ) निवासी वैष्णव बंधुओं द्वारा संचालित 'वैष्णव चतुः सम्प्रदाय सेवा संस्था' द्वारा पांच जनवरी को आयोजित वैष्णव समाज का स्नेह सम्मेलन और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण समारोह बहुत ही भव्य रहा। जिस संस्था के अंदर सादगी , विश्वास और समाज के प्रति समर्पण भाव होता हैं निसंदेह वह समाज प्रगति करता हैं। यह कार्य प्रणाली वैष्णव चतुः सम्प्रदाय सेवा संस्था नालासोपारा, वसई नायगांव विरार (पालघर) द्वारा भव्य आयोजन में दृष्टिगत हुई। समाज की सुसज्जित वेशभूषा में 108 नारी शक्ति ने मंगलमय कलश यात्रा में भाग लिया, साथ ही यात्रा मे बच्चों द्वारा मनमोहक झांकियां, समाज बंधुओं द्वारा नृत्य और भजन की सरगम लहरों ने उत्कर्ष शमां बांध दिया था। संस्था के मार्गदर्शक एवं वरिष्ठ गणमान्य समाज बंधु भगवानदास खारडा, रूपदास जाखोडा, प्रवीण वैष्णव बीजोवा, सुरेश खींवाडा, मदनदास बीजोवा, भवरदास माताजीगुडा, मोहनदास जोईला, केवलदासजी मेवी, प्रकाश सेलावास, हरीदास कोलीवाडा छगनदास मेवी, सत्यनारायण घाणेराव, पुनमदास, गोविन्द बोरडी, फतेहराम नाडोल एवम् मोहनदास आदि ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस भव्य समारोह में अखिल भारतीय वैष्णव (च. स.) विकाश परिषद एवं ट्रस्ट, मुंबई, के अध्यक्ष श्रीमान रामचन्द्र वैष्णव, काराडी एवं कार्यकारिणी के सदस्य पधारे, राजस्थान विकास मंच, ठाणे से कपूरदास वैष्णव, गुडा अखेराज, श्यामदास वैष्णव खौड़ तथा अखिल भारतीय वैष्णव बैरागी परिषद से आर के वैष्णव, कन्हैयालाल वैष्णव, नालासोपारा गायत्री शक्तिपीठ के अध्यक्ष भगवान दास एवं अनेक पदाधिकारी,अनेक संस्था के सदस्य पधारे। विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष रामचंद्र वैष्णव ने सामाजिक एकता का महत्व बताते हुए समाज सेवा सर्वोपरि के मंत्र अपनाने की सलाह दी। समारोह के विशेष अतिथि नालासोपारा-विरार के आमदार राजन नायक, भाजपा वसई तालुका के अध्यक्ष एवम् उपाध्यक्ष क्रमशः महेन्द्र पाटिल एवं मनोज बारोट, भाजपा जिला सचिव अमित दुबे, बहुजन विकास अगाड़ी वसई तालुका उप महापौर उमेश नाईक, बहुजन विकास अघाडी वसई तालुका के माझी सभापति निलेश देशमुख, परिवहन सदस्य बाबूसिंह राजपुरोहित एवम् कपिल जैन, वैष्णोदेवी माता मण्डल मुंबई -राजस्थान से नरेन्द्र परमार आदि महानुभावों ने प्रत्यक्ष पधारकर संस्था को आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं देकर अनुग्रहित किया। समारोह में प्रेम स्नेह , आपसी सामंजस्य बखूबी नजर आया जो कि समाज की नितांत आवश्यकता हैं। अपने सभी गिले शिकवे भुलाकर है हम सामाजिक एकता और समरसता की कहानी गढ़ सकते। सभी समाज आज एकता के बल बूते पर राजनीति में भी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं हमारे वैष्णव समाज को भी एक राजनीतिक प्रतिनिधि की परम आवश्यकता हैं जो राजनीति के स्तर पर समाज की आवाज बन सके तभी समाज के भविष्य की नींव मजबूत होती हैं। कमेटी सदस्य की डिजिटल सोच से आज सोशल मीडिया के जमाने में सामाजिक संख्या, द्वारे और गोत्र का महत्व और डिजीटल माध्यम से समाज को जोड़ने के अनेकों आयाम समझाए जो सामाजिक भविष्य के लिए मील का पत्थर होगा।

## सदस्यों को भी कराएं अवगत : प्रो. शिंदे

**मुंबई।** विधानमंडल सभागृह में नई कार्यान्वित की गई कंप्यूटर प्रणाली के बारे में सदस्यों को उचित तरीके से जानकारी दी जाए। सभागृह के कामकाज में सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सभी प्रकार की सुविधाएं और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, सदस्यों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के संदर्भ में तत्परता से कार्यवाही की जानी चाहिए, ऐसे निर्देश विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे ने दिए। विधान भवन, मुंबई में विधानमंडल कामकाज की समीक्षा को लेकर प्रो. शिंदे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जहां वे बोल रहे थे।




## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# यूडीए का प्रस्ताव मंजूर



▶▶ यूडीए में होंगे 4 आरएएस, 1 एएसपी और 2 तहसीलदार

▶▶ कमिश्नर के साथ होगा 172 का स्टाफ होगा




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) में अब कितना स्टाफ होगा इसको लेकर नगरीय विकास विभाग ने वित्त विभाग की सहमति के बाद प्रशासनिक रूप से स्टाफिंग पैटर्न तय कर दिया है। इसके साथ ही अब यूडीए में 3 की जगह 4 आरएएस अफसर होंगे। इसके अलावा एक एडिशनल एसपी, दो तहसीलदार और एक सीआई भी होगा। इसके साथ ही यहां पर कुल 172 का स्टाफ होगा। उदयपुर नगर विकास प्रन्यास (UIT) प्रमोट होने के बाद करीब तीन साल पहले यूडीए बन गया था। पहले यहां यूआईटी का मुखिया सचिव होता था। जो राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) अधिकारी होता था। अब यूडीए का मुखिया कमिश्नर होता है। जो भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी है। यूडीए में सचिव सीनियर आरएएस होगा और दो-दो उपायुक्त और एक-एक भूमि अवाप्ति अधिकारी होंगे जो सभी आरएएस ही होंगे। पहले जब यूआईटी थी, तब एक भूमि अवाप्ति अधिकारी और एक विशेषाधिकारी होता था यानि की सचिव के साथ मिलकर कुल तीन आरएएस अफसर होते थे। लेखा शाखा में निदेशक वित्त और लेखाधिकारी का एक-एक, सहायक लेखाधिकारी प्रथम के 1, द्वितीय के 3 व कनिष्ठ लेखाकार के 7 पद सृजित होंगे। इसी प्रकार विधि प्रकोष्ठ में 5, नगर नियोजन प्रकोष्ठ में 11 का स्टाफ होगा।

### इंजीनियरिंग विंग ऐसी होगी

- इंजीनियरिंग में एक अतिरिक्त मुख्य अभियंता का पद है जिसे निदेशक अभियांत्रिकी पदनाम दिया गया है।
- 1 अधीक्षण अभियंता, पीएचईडी के 1, विद्युत का एक और सिविल के 4 एक्सईएन होंगे
- सिविल के 10, बिजली और पीएचईडी के 1-1 एईएन होंगे।
- सिविल के 16, बिजली के 4 और पीएचईडी के 1 जेईएन की पोस्ट होगी
- इंजीनियरिंग विंग में कुल 41 जनों की टीम होगी

### प्रवर्तन प्रकोष्ठ मजबूत होगा

यूडीए में प्रवर्तन प्रकोष्ठ भी होगा जिसमें एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर का अधिकारी होगा। इसके अलावा पुलिस निरीक्षक एक, उप पुलिस निरीक्षक के 1, कांस्टेबल के 4 पद होंगे। यूडीए की तहसील शाखा में 2 तहसीलदार होंगे। उनके अधीन 2 भूमि अभिलेख निरीक्षक और 6 पटवारियों के पद होंगे। यूडीए में निजी सचिव और मंत्रालयिक कर्मचारियों के 69 पद होंगे। कम्प्यूटर अनुभाग में 6, उद्यान अनुभाग में 6 का स्टाफ होगा।

### यूडीए बनने के बाद पहले कमिश्नर बने जैन

उदयपुर विकास प्राधिकरण बनने के बाद कमिश्नर का पद खाली था। इस पद पर पहले कमिश्नर के रूप में 2019 बैच के आईएएस अधिकारी राहुल जैन को यहां लगाया गया। जैन ने यहां पर 29 फरवरी 2024 को ज्वॉइन किया था। अभी यहां पर एक ओएसडी और एक भूमि अवाप्ति अधिकारी लगे है। नए पैटर्न के अनुसार अब नियुक्तियां होगी। यूडीए में चेयरमैन अभी संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी है, यूडीए बनने के बाद इस पद कोई नियुक्ति अभी तक नहीं हुई है।

### प्राधिकरण में काम तेजी से होंगे

असल में सेक्टर भी होने से अलग अलग अधिकारी बैठेंगे। इसके अलावा इंजीनियरिंग विंग से लेकर अलग अलग विंग में स्टाफ होने से पूरी तेजी से काम होगा। पेराफेरी के जो करीब 100 से ज्यादा गांव है उनका भी विकास हो इसके लिए भी यूडीए के सेक्टर होने से काम गति पकड़ेगा।

# जोधपुर में द्वारिका के दर्शन

▶▶ बंगाल के कलाकारों ने मेहनत से किया तैयार

▶▶ 21 किलो की काजू कतली भी खास



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में 9 जनवरी से पश्चिमी राजस्थान हस्तशिल्प उद्योग मेला शुरू हुआ है इस मेले में देशभर के 700 से अधिक हस्तशिल्पी स्टॉल पर अपने बनाए उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मेले में आकर्षण का केंद्र बनी है भेंट द्वारिका पर बनी अनूठी थीम। ये इसलिए भी खास है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों गुजरात में समंदर के अंदर डूबी द्वारिका का अवलोकन किया था और उसके अनुभव उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर किए थे उसके बाद से ही समन्दर की द्वारका काफी ट्रेंड में आ गई थी। ऐसे में बंगाल के रहने वाले कलाकार के मन में भी यह आया कि क्यों ना वह भी इस द्वारिका की थीम को इस मेले में आने वाले लोगों के लिए बनाए। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने जोधपुर के रावण का चबूतरा मेला मैदान में अनूठी थीम तैयार की है। जिसे करीब एक माह की मेहनत के बाद तैयार किया गयाहै। इसे बनाने वाले कलाकार संजीत मजूमदार बंगाल के निवासी है। उन्होंने बताया कि इसे 80*150 के एरिया में से बनाया गया है। इसे बनाने के लिए कारीगर भी बंगाल से आए हैं। 70 से 80 कारीगरों ने करीब 1 महीने की मेहनत के बाद इसे तैयार किया है इसे बनाने में करीब 45 से 50 लाख रुपए की लागत आई है। इसे बनाने में सबसे अधिक थर्माकोल, फाइबर, लकड़ी, वेस्ट कपड़ा आदि काम में लिया। इसमें भगवान की उस समय की द्वारिका नगरी कैसी थी। जिसे बताया गया है। उसके साथ ही लाइट और साउंड का कॉम्बिनेशन भी बिठाया गया है। उन्होंने बताया कि वो बचपन से ही इस फील्ड में है। पढ़ाई के दौरान ही वह इस तरह की चीजों को बनाने का काम सीखने लगे उसके बाद सही पिछले कई वर्षों से ही अलग-अलग थीम पर पंडाल सजा रहे हैं अध्यात्म से जुड़े होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब समंदर में बसी द्वारिका का अवलोकन किया तो उनके मन में भी ख्याल आया कि क्यों ना मैं उन लोगों के लिए भी एक ऐसी द्वारिका की थीम बनाई चाहिए। क्योंकि हर कोई वहां जा नहीं सकता। इसलिए इसे तैयार किया गया है। द्वारिका की थीम यहां आने वाले लोगों के लिए सबकुछ नया है। पूरे भारत में अभी तक किसी ने ऐसी थीम नहीं बनाई है। ये अब तक की पहली थीम है। मैने कोशिश किया है कि आदमी को ऐसा महसूस हो कि वो समंदर के अंदर है और द्वारिका नगरी के दर्शन कर रहा है। थीम में द्वारिका के महल, किले सहित समंदर में पाई जाने वाली वनस्पतियां, समंदर की मिट्टी आदि बिछाई गई है। मेले में इसके अलावा ओर भी कई आकर्षण का केंद्र हैं। जिनमें जोधपुर के टीलावत काजू कतली भंडार की ओर से 21 किलो की काजू कतली तैयार की गई है। सिर्फ एक काजू कतली का वजन 21 किलो है इस मेले में स्पेशल बॉक्स में पे करके सजाया गया है जिसमें केसर आदि की फिनिशिंग की गई है। काजू कतली बनाने वाले धनंजय तिलावत ने बताया कि इस मेले में कुछ अलग हटकर करने के उद्देश्य से काजू कतली बनाई गई है इसे बनाने में करीब 2 घंटे का समय लगा। इसे ऑटोमेटिक मशीन के जरिए हाइजीनिक तरीके से बनाया गया है इसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छ रहने और स्वस्थ खान-पान के प्रति जागरूक करना है।

# आसाराम की अर्जी पर सुनवाई 14 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



सजा स्थगन को लेकर लगाई थी अर्जी

**जोधपुर।** गुजरात के गांधी नगर आश्रम में महिला से रेप के मामले में आसाराम को 31 मार्च तक की अंतरिम जमानत दी गई थी। आसाराम ने जोधपुर में नाबालिग से रेप के मामले में राहत के लिए राजस्थान हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी। उस पर आज होने वाली सुनवाई टल गई। मामले में 14 जनवरी को जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत माथुर की बेंच में सुनवाई होगी। जस्टिस विनीत माथुर शुक्रवार को अवकाश पर रहे। इस कारण सुनवाई नहीं हो पाई। उल्लेखनीय है कि जोधपुर जेल में बंद आसाराम की ओर से बुधवार को हाईकोर्ट में भी अंतरिम जमानत के लिए अर्जी लगाई गई थी। इसके साथ उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति भी संलग्न की गई है। इसमें बताया गया कि बीते कुछ सालों से आसाराम के स्वास्थ्य में तकलीफ, खासकर हार्ट की दिक्कत के चलते उसने आयुर्वेदिक इलाज लेने की ही सहमति दी। ऐसे में पुणे के माधव बाग और जोधपुर के निजी आयुर्वेदिक अस्पताल के साथ कई बार एम्स में भी भर्ती रहना पड़ा। आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट में भी यही तर्क दिया कि उसे सही ढंग से इलाज व उचित माहौल की जरूरत है।

### 13 बार जेल से अंदर-बाहर हो चुका

आसाराम इलाज के लिए 13 बार जेल से अंदर-बाहर हो चुका है। अब राजस्थान उच्च न्यायालय में लगाई गई अर्जी में भी स्वास्थ्य का हवाला दिया गया है। गौरतलब है कि आसाराम को इस कोर्ट से इलाज के लिए तीन बार पैरोल मिल चुकी है, लेकिन वह अब अंतरिम जमानत पर बाहर आकर खुले माहौल में अपना इलाज करवाना चाहता है। आसाराम इलाज के लिए 13 बार जेल से अंदर-बाहर हो चुका है। अब राजस्थान उच्च न्यायालय में लगाई गई अर्जी में भी स्वास्थ्य का हवाला दिया गया है। गौरतलब है कि आसाराम को इस कोर्ट से इलाज के लिए तीन बार पैरोल मिल चुकी है, लेकिन वह अब अंतरिम जमानत पर बाहर आकर खुले माहौल में अपना इलाज करवाना चाहता है।

# सरगना को कमीशन भेजते थे बदमाश

▶▶ जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने दो को पकड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बैंक खाते किराए पर लेकर ठगी करने वाले सरगनाओं को उपलब्ध करवाते थे। ठगी के रुपए खातों में आने पर अपना कमीशन काटकर बाकी रुपए सरगना को भेज देते थे। ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया- इस मामले में सीजान गौरी पुत्र मोहम्मद जाकिर निवासी सिलावटों का बास पीपाड़ शहर और अब्दुल कादिर पुत्र मोहम्मद अकरम निवासी खेरादियों का मोहल्ला पीपाड़ शहर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 8 ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की शिकायतो में शामिल है] जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। वहीं, संबंधित पुलिस थानों को आगे की कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। कार्रवाई में साइबर सेल के हेड कॉन्स्टेबल मादाराम, कांस्टेबल पुखराज, दयाल सिंह, शिवराज, बक्सा राम शामिल रहे।

# एक देशी पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ महेंद्रा टीयूवी में हथियार लेकर घूम रहे थे

▶▶ पुलिस दोनों से कर रही पूछताछ



**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की आरजीटी पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्तौल, 17 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एक महिंद्रा टीयूवी को जब्त किया है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से हथियारों की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि रावली नाडी रोड आदर्श नगर में एक वाहन में सवार बदमाश हथियार लेकर घूम रहे हैं। इस पर आरजीटी थाना पुलिस ने आदर्श नगर गांव में दबिश दी गई। तो संदिग्ध वाहन महिंद्रा टीयूवी को रुकवाया गया। उसमें सवार दो युवकों से पूछताछ की गई। साथ ही गाड़ी की तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध हथियार मिले। गाड़ी सवार धनराज पुत्र हनुमानाराम निवासी विरेंद्र नगर बायतु के कब्जे से 1 पिस्तौल 10 जिंदा कारतूस और हनुवंत पुत्र खेताराम निवासी बायतु भीमजी बालोतरा के पास 7 जिंदा कारतूस मिले। इस पर पुलिस ने दोनों को डिटेन कर लिया। आरजीटी थानाधिकारी आदेश कुमार ने बताया- धनराम और हनुवंत के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत आरजीटी थाने में मामला दर्ज किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर अवैध हथियार कहां से लेकर आया और इसका क्या उपयोग करने वाला था।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 837 | 830 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 249 | 247 |
| जिंक स्लैब | 277 | 274 |
| लीड इन्गॉट | 181 | 181 |
| टिन स्लैब | 2665 | 2639 |
| निकल | 1345 | 1345 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रैप | 795 | 792 |
| कॉपर हैवी स्क्रैप | 788 | 785 |
| कॉपर आर्मेचर | 779 | 778 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 727 | 728 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 525 | 530 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 567 | 562 |
| एल्युमिनियम | 193 | 193 |

लंदन मेटल मार्केट
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9005 | +475 |
| टिन | 29820 | +50 |
| लीड | 1951 | -1875 |
| जिंक | 2865 | -2825 |
| एल्युमिनियम | 2580 | +2600 |
| निकल | 15398 | +594 |

# मजदूर पर पॉक्सो का मामला दर्ज




**जैसलमेर।** जैसलमेर में 6 साल की मासूम के साथ ज्यादती करने के आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया। 50 साल के आरोपी पर महिला थाने में पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफ़ेंस एक्ट) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही 6 साल की मासूम का मेडिकल भी मेडिकल बोर्ड से करवाया। महिला थाना प्रभारी गीता विश्नोई ने बताया- गुरुवार को हुई इस घटना के तुरंत बाद आरोपी को पकड़ा गया था। परिजनों द्वारा शिकायत देने के बाद आरोपी मजदूर पर पॉक्सो एक्ट में बीएनएस के तहत अलग अलग धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। मामले की जांच जारी है। फिलहाल पीड़ित मासूम का मेडिकल आदि करवाकर आरोपी से लगातार पूछताछ जारी है।

### चॉकलेट का लालच देकर की गलत हरकत

- गौरतलब है कि जैसलमेर शहर में गुरुवार को हुई एक घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया। शहर में 50 साल के एक बुजुर्ग मजदूर ने 6 साल की बच्ची के होंठो और प्राइवेट पार्ट को काट लिया। बच्ची के चिल्लाने पर बुजुर्ग फरार हो गया। लोगों ने उसे ढूंढकर उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलने पर महिला थाना पुलिस 6 साल की बच्ची का जवाहिर हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से मेडिकल करवाया।

# व्यापार जगत

## 16 जनवरी को जारी होंगे रिलायंस के तिमाही नतीजे



▶▶ छह महीने में 21% गिरा शेयर

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले हफ्ते गुरुवार, 16 जनवरी को अपने तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करेगी। कंपनी ने गुरुवार को एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। रिलायंस ने बताया कि 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए रिजल्ट पर विश्लेषकों और मीडिया के सामने प्रजेंटेशन मीटिंग के बाद उसी दिन होगा। ICICI सिक्योरिटीज के अनुसार, Q3FY25 में रिलायंस के OTC सेगमेंट की आय में तिमाही दर तिमाही आधार पर 9.4% की तेज बढ़ोतरी दिख सकती है।

### जुलाई-सितंबर तिमाही में 16,563 करोड़ का मुनाफा

- रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 14 अक्टूबर को वित्त वर्ष 2024-25 के दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। इसमें कंपनी को 16,563 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। सालाना आधार पर इसमें 4.77% की कमी आई है। एक साल पहले की इसी तिमाही में कंपनी का कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 17,394 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की आय (रेवेन्यू) 2,35,481 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 2,34,956 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। सालाना आधार पर इसमें 0.22% की मामूली बढ़ोतरी हुई है। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है।

### इस साल तीन प्रतिशत दिया रिटर्न

- रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर शुक्रवार (10 जनवरी) को मामूली गिरावट के साथ 1250 रुपए के करीब कारोबार कर रहा है। कंपनी का शेयर बीते एक साल में 5% गिरा है। वहीं इस साल शेयर ने 3% का रिटर्न दिया है। बीते 6 महीने में शेयर 21% गिरा है। रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है।

## तेजी को बरकरार नहीं रख पाया स्टॉक मार्केट

**मुंबई।** शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ है। सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह तेजी के साथ खुले थे। लेकिन यह बढ़त स्टॉक मार्केट कुछ ही देर के बाद खो बैठा। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन को सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत या फिर 241.30 अंक की गिरावट के साथ 77,378.91 पर बंद हुआ है। वहीं, निफ्टी 0.40 प्रतिशत या फिर 95 अंक की गिरावट के साथ 23,431.50 पर बंद हुआ है।
इस गिरावट के माहौल में भी टीसीएस के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर 5.67 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए हैं। शेयर बाजार की शुरुआत आज भले ही शानदार रही हो लेकिन यह तेजी मार्केट बरकरार रखने में असफल रहा है। सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती बढ़त के बाद लुढ़क गए। सेंसेक्स 36.57 अंक की गिरावट के साथ 77,583.64 पर ट्रेड कर रहा था। वहीं, निफ्टी 23,489.55 पर 36.95 अंक की गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा था। एक वक्त पर आज सेंसेक्स 350 अंक से अधिक लुढ़क गया था। सेंसेक्स का इंट्रा-डे लो लेवल 77,099.55 अंक और निफ्टी का इंट्रा-डे लो लेवल 23,344.35 अंक रहा है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन को स्टॉक मार्केट की शुरुआत अच्छी हुई है। सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ खुले हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी आज 23,551.90 अंक पर खुला था।



## आपका राशिफल 11 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक 1 3 5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ पैरों में पीड़ा हो सकती है। शुभांक 4 7 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही चल पाऐंगे। शुभांक-2-4-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। सुविधाओं में बाधा आएगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक 4 5 6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आय व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक 3 6 8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक 4 6 8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-5-6-8

## वोडाफोन ने इंडस टावर्स में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची

२,800 करोड़ रुपए जुटाए, 890 करोड़ का बकाया भी चुकाया

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन ने इंडस टावर्स में अपनी पूरी हिस्सेदारी 2,800 करोड़ रुपए में बेच दी है। टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी ने शुक्रवार (10 जनवरी) को रेगुलेटरी फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी। कंपनी ने फाइलिंग में बताया कि वोडाफोन ने इंडस टावर्स में 7.92 करोड़ शेयर्स या 3% हिस्सेदारी बेची है। इससे जुटाए गए 890 करोड़ रुपए के फंड का यूज लेंडर्स यानी ऋणदाताओं का बकाया चुकाने में किया गया है।उ फाइलिंग में कहा गया है कि वोडाफोन ग्रुप Plc ने घोषणा की है कि उसने 5 दिसंबर 2024 को बुक बिल्ड ऑफरिंग के जरिए इंडस टावर्स लिमिटेड में अपने बचे हुए 79.2 मिलियन शेयरों को बेचने का काम पूरा कर लिया है, जो इंडस की बकाया शेयर कैपिटल का 3.0% है। कंपनी के पास अपनी इनडायरेक्ट पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों ओमेगा टेलीकॉम होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और उषा मार्टिन टेलीमैटिक्स लिमिटेड के माध्यम से 3% हिस्सेदारी थी। फाइलिंग के मुताबिक, 19.1 बिलियन रुपए (225 मिलियन डॉलर) के बचे हुए फंड का यूज शेयरों के प्रेफरेंशियल अलॉटमेंट (कैपिटल रेज) के माध्यम से वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में 1.7 बिलियन इक्विटी शेयरों को खरीदने के लिए किया गया है।

## गोल्ड 77,908 प्रति 10 ग्राम पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में सोमवार (10 जनवरी) को तेजी देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 290 रुपए बढ़कर 77,908 रुपए पर आ गया है। गुरुवार को इसके दाम 77,618 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 169 रुपए बढ़कर 89,969 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले गुरुवार को चांदी की कीमत 89,800 रुपए प्रति किलो थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। IBJA के अनुसार, इस साल अब तक सोने के दाम 1,325 रुपए बढ़ चुके हैं।

### फोसिस-कॉग्निजेंट के बीच का विवाद

## ट्रेड सीक्रेट चुराने का आरोप

▶▶ कोर्ट तक पहुंचा विवाद

**मुंबई।** भारत की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस और अमेरिका के कॉग्निजेंट के बीच का विवाद बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों अमेरिकी आईटी कंपनी कॉग्निजेंट ने इंफोसिस के खिलाफ ट्रेड सीक्रेट चुराने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। अब इंफोसिस ने अमेरिकी अदालत में कॉग्निजेंट के खिलाफ एक काउंटर क्लेम दायर किया है।

### ▶▶ क्या है आरोप

इंफोसिस का आरोप है कि कंपनी और उसके सीईओ रवि कुमार प्रतिस्पर्धा-विरोधी रणनीति में शामिल थे। उन्होंने सीक्रेट इंफॉर्मेशन का मिसयूज किया और Infosys Helix के ग्रोथ को सुस्त करने में अहम भूमिका निभाई। काउंटर क्लेम में इंफोसिस ने जूरी ट्रायल की मांग की है ताकि अदालत भारतीय आईटी कंपनी के साथ कॉग्निजेंट के समझौतों को अमान्य घोषित करे और साथ ही उसे हुए नुकसान का तीन गुना मुआवजा दे, साथ ही वकील की फीस भी दे। बता दें कि कॉग्निजेंट की सहायक कंपनी कॉग्निजेंट ट्राइजेटो ने कुछ महीनों पहले आरोप लगाया था कि इंफोसिस ने अपने हेल्थकेयर इंश्योरेंस सॉफ्टवेयर से संबंधित ट्रेड सीक्रेट को चुरा लिया है। हालांकि, इंफोसिस ने तब इसका खंडन करते हुए कहा था कि वह अदालत में मुकदमे का जोरदार बचाव करेगी।




### इंफोसिस से रवि कुमार का क्या है कनेक्शन

कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार इंफोसिस के टॉप मैनेजमेंट में रह चुके हैं। वह कंपनी के प्रेसिडेंट और डिप्टी सीओओ के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने साल 2016 में इंफोसिस के प्रेसिडेंट के तौर पर ज्वाइन किया था। वहीं, साल 2019 में कंपनी ने अपने हेल्थकेयर इंश्योरेंस के लिए Infosys Helix को डेवलप करना शुरू किया। आरोप है कि रवि कुमार ने शुरू में इस प्लेटफॉर्म के डेवलपमेंट में अपना प्रयास जारी रखा लेकिन जब उन्होंने साल 2022 में कॉग्निजेंट के साथ जुड़ने के बारे में बातचीत शुरू की तो सुस्त पड़ गए। इंफोसिस का कहना है।

# सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में किया जागरूक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाडा के स्थानीय महाविद्यालय रघुनाथ बिश्नोई मेमोरियल रानीवाडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित सड़क सुरक्षा माह जनवरी के उपलक्ष्य में स्थानीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय रानीवाड़ा में सड़क सुरक्षा एवं भविष्य की चुनौतियाँ रखा गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ करने से पूर्व तैयारियाँ बड़े जोर-शोर से की गई छात्रों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने सड़क सुरक्षा पर एक से बड़कर एक पोस्टर तैयार किये। जिसमें रोड़ लाइट, मोबाईल फोन का उपयोग निषेध, शराब पीकर गाड़ी न चलाना जैसे सन्देश प्रभावी ढंग से दिये गये। संगोष्ठी का शुभारम्भ महाविद्यालय के संरक्षक नरेन्द्र कुमार बिश्नोई, डीएसपी भवानीसिंह इन्दा क्षेत्रीय यातायात अधिकारी जवाहर मीणा, रानीवाड़ा थानाधिकारी दीपसिंह, निदेशक डॉ. रोहित बिश्नोई ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। रानीवाड़ा थानाधिकारी दीपसिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि यातायात नियमों को स्कूली पाठ्यक्रम में सम्मिलित करना चाहिए। हेलमेट पहनना,शराब पीकर गाड़ी न चलाना जैसे नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है। बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलायें, 18 वर्ष से कम उम्र में गाडी न चलायें। प्रशिक्षणार्थी ईश्वरलाल ने अपने विचार रखते हुये बताया कि रानीवाड़ा क्षेत्र में जाम की स्थिति निरन्तर बनी रहती है तेज गति होने के कारण भी दुर्घटनाऐं होती रहती है। कौशल्या उबा ने रानीवाडा में ओवरलोड वाहनों व गड्ढे युक्त सडकों को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत कर स्थानीय प्रशासन को जन समस्याओं से अवगत कराया।



■ पुलिस अधिकारीयो ने दी नियमों की जानकारी

### इंडीकेटर का प्रयोग न करने व नशाखोरी से हो रहे हादसे

सहायक आचार्य सतीश कुमार ने बताया कि इन्डीकेर का प्रयोग न करना, शराब पीकर गाडी चलाने से दुर्घटनायें हो रही है। सहायक आचार्य गणपतराम वाघेला ने सीखने के संकेत, सड़क की लाइनों के अनुसार चलना आदि को ध्यान देकर दुर्घटनाओं से बच सकते है। सहायक आचार्य अशोक महान ने भारत सरकार की वेबसाइड से आनलाईन आवेदन की प्रक्रिया को समझाया। प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र कुमार उबा ने मोटर वाहन बीमा सभी वाहन चालकों के लिये आवश्यक है यदि बीमा नहीं है तो गाडी न चलाएं। महाविद्यालय के संरक्षक नरेन्द्र कुमार बिश्नोई ने सभी छात्र – छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि फिल्म ष्मेरा नाम जोकरष् । आज भी सार्थक है। निदेशक डॉ. रोहित बिश्नोई ने कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि सड़क पार करते हुये बाये-दाये देखें, वाहन को चलाने से पहले उसकी जांच करे सभी विद्यार्थियों को बधाई । महाविद्यालय के सभी आचार्यगण, कर्मचारी सहित बडी संख्या मे छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।

### हेलमेट पहनने को बनाएं आदत

■ रानीवाडा आ.पी.एस. भवानी सिंह ने बताया कि तकनीकि व मानवीय कारणों से दुर्घटनायें हो रही हैं अति तेज गति से वाहन चलाना, हेलमेट न पहनना जैसी आदतों को सुधारा जाय, माता-पिता बच्चों को जागरूक करें। सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है राज्यमार्ग पर 60 किलोमीटर प्रति घण्टे से अधिक वाहन न चलाना चाहिये। सहायक आचार्य विश्राम मीणा ने स्वयं की सुरक्षा की शुरूआत खुद से करनी चाहिये। किसी के डर से नहीं बल्कि स्वेच्छा से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें सब मिलकर भारत को दुर्घटना मुक्त बनाना है। प्रशिक्षणार्थी मनोहर सिंह ने तकनीकी कारणों से दुर्घटना पर विचार व्यक्त किया जैसे टायर फटना, खराब ब्रेक, सड़क संकेतों की जानकारी न होना आदि। सहायक आचार्य मंछाराम सोलंकी ने वाहन का सही न होना, वाहन में लाइट न होना आदि दुर्घटना के लिये जिम्मेदार हैं।

# मकर संक्रांति पर्व पुण्यकाल 14 जनवरी को



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** विशेष भौम पुष्य योग, सुस्थिर योग, कुम्हार के घर वास। श्री दर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी भीनमाल ने बताया कि इस वर्ष भौम पुष्य योग में मकर संक्रांति पर्व पुण्यकाल 14 जनवरी को होगा। आने वाली मकर संक्रांति व्याघ्र पर सवार होकर 14 जनवरी मंगलवार को प्रातः 08.56 पर आयेगी। संक्रांति का पुण्य काल 08.56 से सूर्यास्त तक होगा। संक्रांति का उप वाहन अश्व है। मकर संक्रांति, पीतवस्त्र, कंकण भूषण, पर्ण कंचुकी, कुंकुम लेपन, भूतजाति और जातिपुष्प की माला धारण कर आयेगी। हाथ में गदायुध व रजतपात्र लेकर पायस भक्षण करती हुई कुमार्यावस्था युक्त होगी। संक्रांति का दक्षिण दिशा में गमन है परन्तु दृष्टि वायव्य कोण की ओर है। त्रिवेदी ने बताया कि मकर राशि का स्वामी शनि देव है। तथा शनि का आधिपत्य काली वस्तु पर होने से मकर में सूर्य प्रवेश के समय तिल, गुड़, कम्बल आदि के दान का महत्व अनन्त गुणा बढ़ जाता है। संक्रांति के पुण्य काल में तिल मिश्रित जल से स्नान करें, तिल का अभ्यंग शरीर पर लेप करें, तिल का होम, तिल मिश्रित जल पान, तिल का भोजन एवं दान इस प्रकार छः प्रकार से तिल का उपयोग करें। मकर संक्रांति प्राकृतिक पर्व है। इस दिन सूर्य अपनी दक्षिणायन की यात्रा का त्याग कर उत्तरायण की यात्रा में प्रवेश करते है।

इसे खगोलिय दृष्टि से देखा जाय तो विषुवत रेखा जो पृथ्वी को उत्तरी व दक्षिणी गोलार्ध दो भागों में बांटती है। और इसी दिन सूर्य उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ने लगता है। वर्तमान में अयनांश लगभग 24 अंश के करीब चल रहा है। चूंकि सूर्य प्रतिदिन एक अंश चलता है।

### तिल व गुड़ का सेवन बेहद उपयोगी

■ आयुर्वेद के अनुसार भी इस मौसम में तिल व गुड़ का सेवन वसन्त ऋतु में कफ एवं वर्षा ऋतु में वात रोग से बचाव करता है। पूरे मकर के सूर्य में प्रातः सूर्योदय से पूर्व स्नान करना चाहिए तथा अपने चित्त को विषय विकारों से हटाकर परमात्मा का ध्यान, ज्ञान व प्राप्ति का उपाय करें। यह संक्रांति कुम्हार के घर आगमन करेगी। माघे मासे महादेवः यो दास्यति घृतकंबलम्स, भुक्त्वा सकलान भोगान अंते मोक्षं प्राप्यति। हिन्दु धर्म की मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान जनार्दन ने असुरों को मारकर उनके सिरों को मंदार पर्वत के नीचे दबाकर युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी। अतः इस दिन को बुराईयों और नकारात्मकता को समाप्त करने का दिन मानते है।

### बिशनगढ में छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का किया वितरण

**सायला।** निकटवर्ती बिशनगढ स्थित राउमावि में शुक्रवार को राज्य सरकार की निशुल्क साइकिल योजना के तहत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) मोहनलाल परिहार व संस्थाप्रधान नरसिंहदास वैष्णव की अध्यक्षता में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

एडीईओ परिहार ने बताया कि मुख्यमंत्री निशुल्क साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य राज्य की छात्राओं को शिक्षा में सहायता प्रदान करना है और उनकी स्कूली यात्रा को आसान बनाना है। योजना का लाभ लेने के लिए छात्रा को सरकारी स्कूल के 9वीं कक्षा में नियमित अध्ययनरत होना जरूरी है। संस्थाप्रधान वैष्णव ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 9 में अध्ययनरत 12 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गई। वही छात्राएं साइकिले पाकर खुशी से झूम उठी। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहे।

# राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** महिलाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा के साथ ही उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'बेटी बचाओ-बेटी पढाओ' योजना के तहत जिले में राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कुल चार सत्रों में जिला स्तरीय संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बालिकाओं व महिलाओं को स्वयं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहते हुए अपने आसपास व घर-पड़ोस के परिवेश में जागरूकता फैलाने, वित्तीय साक्षरता अर्जित करने व आत्मनिर्भर बनने की बात कही। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने बालिकाओं से वार्ता कर उनके करियर के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें सशक्त बनकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित पोषण, नियमित व्यायाम और व्यक्तिगत स्वच्छता व परिवेश में स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के विभिन्न तरीकों पर भी जानकारी दी। जेण्डर स्पेशलिस्टर द्रोपदी ने बालिकाओं और महिलाओं के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

जलि स्तरीय संवाद कार्यशाला का आयोजन

### इन गतिविधियों का होगा आयोजन

राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर 16 को स्तन कैंसर एवं सर्वाईकल कैंसर जागरूकता सेमिनार, 21 को अल्प बचत का राजकीय योजनाओं में निवेश द्वारा लाभ प्राप्त करने के लिए वित्तीय प्रबंधन कार्यशाला, गृहणियों को अपने घरेलू कार्य से बचत समय में उद्यम संचालन के लिए घरेलू उद्यम प्रोत्साहन, 24 को महिला आत्मरक्षा कार्यशाला, 29 को साइबर अपराध से बचाव एवं डिजिटल साक्षरता सेमिनार, महिलाओं व युवतियों को वाहन चालन कोर्स एवं यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ सुरक्षित वाहन चालन कार्यशाला, 10 फरवरी को 9 से 12 वर्ष तक की बालिकाओं के मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक शक्ति के विकास के लिए संवाद कार्यक्रम, 13 फरवरी को ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादों एवं हैण्डीक्राफ्ट से आय बढ़ाने एवं नवीन तकनीकी की जानकारी के लिए विशेषज्ञ भ्रमण, 18 फरवरी को मिलेट कुकीज प्रशिक्षण कार्यशाला, 24 फरवरी को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जिसमें नीट, जीइइ, क्लेट के साथ-साथ विदेश में अध्ययन के बारे में जानकारी देने के लिए करियर काउंसलिंग तथा 28 फरवरी को पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन एवं स्वच्छता व कचरा निस्तारण की जानकारी दी।

### सीएम नवनियुक्त कर्मियों से करेंगे वर्चुअल संवाद

**जालोर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में 12 जनवरी के राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव का आयोजन बिड़ला ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तर पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम प्रातः 9 बजे जालोर क्लब में आयोजित होगा जिसमें माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल ड्यूल साइड लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से नवनियुक्त कर्मयोगियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में कोष एवं लेखा सहित विभिन्न विभागों के नवनियुक्त कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई उपस्थित रहेंगे। कोषाधिकारी जालोर को नोडल अधिकारी व सहायक कोषाधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

■ प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में जालोर क्लब में का होगा कार्यक्रम

# बेजुबानों की सेवा में जुटीं रेस्क्यू टीम



**भीनमाल।** ऑल एनिमल रेस्क्यू टिम द्वारा भीनमाल में बेजुबान जानवर को सर्दी से बचाव के लिए सवेटर पहनाने का काम और रात में होने वाले एक्सीडेंट से बचाव के लिए भी स्वेटर पर रेडियम भी लगा हुआ है। जिससे आगे से आने वाली गाड़ी से बेजुबान को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके अब तक रेस्क्यू टिम ने अलग अलग स्थानों पर 280 से भी अधिक सवेटर पहना दिए गए और साथ साथ किसी भी डॉग या गाय अन्य जीव किसी भी तरह से घायल होने पर उनका इलाज भी टिम की और से किया जाता है। इस अवसर पर राहुल सोनी, करण बंजारा, करिश् सोनी, धीरज जीनगर, प्रदीप जीनगर, मुकेश दर्जी, दिलीप सेन, आजाद भाटी ,रुपेश बंजारा, अन्नु बंजारा, विक्रम बंजारा, दशरथ जीनगर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

# समर्थ भारत पर्व के तहत कमला नेहरू विद्यालय में कार्यक्रम संपन्न



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के जोधपुर विभाग की ओर से जैसलमेर में स्थानीय कमला नेहरू उच्च प्राथमिक विद्यालय गफूर भट्टा में समर्थ भारत पर्व का आयोजन का शुभारम शुक्रवार प्रातः11:00 बजे विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके, माता सरस्वती पूजन एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना गाकर किया गया। मीडिया प्रभारी प्रमोद जगानी ने बताया कीस्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी तक समर्थ भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है तथा स्वामी विवेकानंद के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, इसी कड़ी में विवेकानन्द केंद्र कन्याकुमारी शाखा जैसलमेर की ओर से समर्थ भारत पर्व के तहत शुक्रवार को कमला नेहरू उच्च प्राथमिक विद्यालयमें कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जैसलमेर शाखा के संयोजक पूनमचंद ईनखियां मुख्य अतिथि एवं रामेश्वर बोरावट विशिष्ट अतिथि थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक वासुदेव ने की।

### 400 विद्यार्थी हुए लाभान्वित

कार्यक्रम को अध्यापिका लक्ष्मी गोस्वामी भाग्यश्री एवं प्रधानाध्यापक वासुदेव ने भी विवेकानंद के संदेशों से जुड़े प्रसंग वह शिक्षाओं पर संबोधित किया। इस कार्यक्रम के आयोजन से विद्यालय के लगभग 400 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें 19 छात्राओं ने भाग लिया, निर्णायक मंडल की सदस्यता श्रीमती खेतु कुसुम मंजू पुरोहित मेहंदी प्रतियोगिता विजेताओं के प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों का चयन किया गया।

### विजेताओं को हुआ सम्मान

इसअवसर पर प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय स्तर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम विवेकानंद केंद्र जोधपुर संभाग संपर्क प्रमुख अमित व्यास के निर्देशन में पूनम इनखियां संयोजक विवेकानंद केंद्र जैसलमेर के संयोजन में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका भाग्यश्रीने किया।

### हरियाली बस स्टैण्ड से आसाणा गांव तक ग्रेवल सडक निर्माण की मांग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** क्षेत्र के आसाणा गांव के हरियाली बस स्टेण्ड से आसाणा गांव तक ग्रेवल सडक निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि हरियाली बस स्टेण्ड से आसाणा गांव तक ग्रेवल सडक की स्वीकृति के दो वर्ष बीत गए है। लेकिन अभी तक वहां पर ग्रेवल सडक नही बनाई गई। जिससे इस मार्ग पर रेत पडी हुई है तथा मार्ग के दोनो ओर कंटीली झाडियां उगने के कारण मार्ग संकरा हो गया है। जिसके चलते उक्त मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले आसपास के किसानों व ग्रामीणों परेशानियों का सामना करना पड रहा है। प्रकाश माली, चंपालाल, शंकराराम, मोहनलाल, रूपाराम, भीकाराम, मोटाराम, पकाराम आदि मौजूद रहे। सडक निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में शिकायत भी दर्ज कराई है।

# नकली नोट का आरोपी पांच दिन की रिमांड पर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** क्षेत्र के डबाल गांव में पुलिस द्वारा 1 लाख 33 हजार 500 रुपए के नकली नोट बरामद कर आरोपी एक आरोपी कृपालसिंह पुत्र मगसिंह राजपूत निवासी डबालको गिरफ्तार करने के बाद पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। वही आरोपी के कब्जे से बरामद किये गये अवैध हथियार के मामले की भी बारिकी से जांच की जा रही है, वहीं आरोपी आरोपी नकली नोट लाकर देने वाले सप्लायर के पिता के घर पर हमला करने पहुंचा था, ऐसे में पुलिस अब हर तरिके से मामले की जांच में जुटी है, नकली नोट का गिरोह कितने लंबे समय से सक्रिय था, ओर इनका नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है, ऐसे में पुलिस जांच में नकली नोटो के इस बड़े नेटवर्क का खुलासा करने के बाद कई नामचीन लोगो के नाम सामने आने के कयास लगाये जा रहे है। आरोपी कृपाल सिंह पर सांचौर थाने में मारपीट के 4 मामले पहले से दर्ज हो रखे हैं। इसके बाद अब पांचवां मामला नकली नोट और अवैध हथियारों को लेकर दर्ज किया गया।

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि निविदा सूचना स. म.रे. म.रे.प्र.(कार्य) बी. बी-2024-29 में क्रम संख्या 08, 09 और 10 जिन्हें 07.01.2025 तक स्थगित कर दिया गया था, अब प्रशासनिक कारणों से 13.01.2025 को खुलेगी। Apex-675

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना संख्या DYCECPA_ ई-निविदा 24-25_01 दिनांक. 08.01.2025**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पुणे, निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करता है : "पुणे-मिरज दोहरीकरण परियोजना के संबंध में पुणे-सातारा खंड में पी.वे और अन्य ट्रैक से संबंधित कार्यों के लिए शेष निविदा"। **लागतः** रु. 27,71,01,580.64/- **ईएमडीः** रु. 15,35,500/- **पूर्णता अवधिः** 08 माह। **रखरखाव अवधिः** 3 महीने. **ऑफर की वैधताः** 90 दिन. **समापन तिथि एवं समय** - दो पैकेट प्रणाली - तारीखः 10.02.2025 को 15.00 बजे तक। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाएँ। Apex-36

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**परामर्श सेवाएं**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा सूचना क्र. ईएल4-2-379-डब्ल्यूए-36(आर-1) दिनांक 08.01.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थानः चर्चगेटः पश्चिम रेलवे मुखयालय के चर्चगेट स्टेशन भवन तथा जीएलओ, एनेक्स बिल्डींग के एयर कंडिशनिंग सेवाओं हेतु परामर्श सेवाएं। कार्य की अनु. लागतः रु. 19,47,000/-, ईएमडीः रु. 38,900/-, निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समयः 07.02.2025 को 15.00 बजे। निविदा खुलने की दिनांक व समयः** 07.02.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। **0949**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**एलएचबी कोचों की संक्षारण मरम्मत**

**निविदा सूचना क्र.**

**आरआर/पीआर/डब्ल्युसी/1938/24-25/44**

**कार्य का विवरण :** एलएचबी कोचों की संक्षारण मरम्मत। **मात्रा :** दर अनुसूची के अनुसार **निविदा समापन / खोलने और समय की तिथि :** 01.02.2025, 12:00 बजे तक । निविदा विवरण और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाएं वेबसाइट के माध्यम से केवल ई-टेंडरिंग प्रारुप में ही स्वीकार की जाएंगी।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (III) सीडब्ल्यूएम/एमटीएन**

Apex-677

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**एनएफआर अनुबंध हेतु ई-नीलामी**

मंडल रेलवे प्रबंधक, कमर्शियल विभाग, एनएफआर सेक्शन, मुंबई सेंट्रल मंडल, मुंबई 400008

कार्यः मुंबई मंडल में विविध एनएफआर मीडिया माध्यम से विज्ञापनों का प्रदर्शन।

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-65 | 22.01.2025, 15.00 hrs. |

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्थान/एरिया | दिन | ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-DRD-OSN-197-22-2 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | कुल प्रदर्शन एरिया 1920 वर्ग फीट हेतु 80 नग बोर्डस के माध्यम से डहाणू रोड (डीआरडी) स्टेशन के प्लेटफॉर्म एवं फुट ओवर ब्रिजेस के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 15:30 hrs. |
| 2 | ADVT-BCT-MDD-OSN-301-23-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | डिस्प्ले बोर्डस के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि हेतु मालाड (एमडीडी) स्टेशन के एस्केलेटर्स के पिलर्स एवं सीढीयों के उतार पर वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 15:40 hrs. |
| 3 | ADVT-BCT-GMN-OSN-362-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन की पश्चिम दिशा हेतु बस स्टॉप के सामने स्टेशन बिल्डींग के पृष्ठ भाग पर ग्लोसाइन्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 15:50 hrs. |
| 4 | ADVT-BCT-BVI-OSN-359- 24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु बोरीवली (बीवीआई) स्टेशन के प्लेटफॉर्मस के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 16:00 hrs. |
| 5 | ADVT-BCT-MX-OSN-297-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु महालक्ष्मी (एमएक्स) स्टेशन के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 16:10 hrs. |
| 6 | ADVT-BCT-PBHD-OSN-299-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु प्रभादेवी (पीबीडीएच) स्टेशन के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 22.01.2025 16:20 hrs. |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-66 | 23.01.2025, 15.00 hrs. |

| क्र. सं. | लॉट नं. | स्थान/एरिया | दिन | ई-नीलामी समाप्ती की अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-372-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु मुंबई सेंट्रल स्टेशन (एमएमसीटी) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 15:30 hrs. |
| 2 | ADVT-BCT-PL-OSN-374-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु लोअर परेल स्टेशन (पीएल) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 15:40 hrs. |
| 3 | ADVT-BCT-KHAR-OSN-376-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु खार स्टेशन (खार) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 15:50 hrs. |
| 4 | ADVT-BCT-ADH-OSN-379-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु अंधेरी स्टेशन (एडीएच) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 16:00 hrs. |
| 5 | ADVT-BCT-DDR-OSN-375-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु दादर स्टेशन (डीडीआर) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 16:10 hrs. |
| 6 | ADVT-BCT-VLP-OSN-378-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु विले पारले स्टेशन (वीएलपी) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 16:20 hrs. |
| 7 | ADVT-BCT-MX-OSN-373-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु महालक्ष्मी स्टेशन (एमएक्स) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 16:30 hrs. |
| 8 | ADVT-BCT-GTR-OSN-371-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ग्रांट रोड स्टेशन (जीटीआर) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 16:40 hrs. |
| 9 | ADVT-BCT-MEL-OSN-370-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु मरीन लाइन्स स्टेशन (एमईएल) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 16:50 hrs. |
| 10 | ADVT-BCT-STC-OSN-377-24-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु सांताक्रूज स्टेशन (एसटीसी) के ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स के वृहद विज्ञापन अधिकार। | 1095 | 23.01.2025 17:00 hrs. |

**नोटः** भावी निविदाकारों से निवेदन है कि आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग माड्यूल देखें। लॉटवार विवरण अंकित कैटलॉग अंतर्गत वहां उपलब्ध है। **0950**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly. हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

# जिले को लेकर चल रहे आंदोलन को ग्रामीणों को मिल रहा समर्थन



**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के बाद सांचौर जिला बचाओं संघर्ष समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा धरना 13 वें दिन जारी रहा, इस दौरान धरने को ग्रामीणो का लगातार समर्थन मिल रहा है, शुक्रवार को करावडी के ग्रामीणो ने समर्थन देकर रैली निकाली व राज्य सरकार से जिला बहाल करने की मांग की, इस दौरान ग्रामीणो ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह जनताहितार्थ कार्यो के खिलाफ कार्य रही है, जिसका आने वाले समय में जनता जबाब देगी, ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि सांचौर नर्मदा, भारतमाला जैसी बडे प्रोजेक्ट होने के बावजूद भी सरकार ने जिला खत्म कर दिया,ऐसे में हम नेहड़ क्षेत्र के लोगो को ढाई किमी की दूरी तय कर जालोर मुख्यालय पर जाना पड़ेगा, जिसे किसी भी सुरत में स्वीकार नहीं किया जायेगा, ग्रामीणो ने आरोप लगाया कि जब तक जिला बहाल नहीं होगा, तब तक धरना जारी रखने व आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया, वहीं भाजपा सरकार के मंत्रियो व विधायको से सवाल जवाब करने की बात कही, इस दौरान धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणो के साथ संघर्ष समिति के लोगो ने धरने को संबोधित किया ।इस दौरान ग्रामीणो ने सरकार द्वारा जिला खत्म करने पर रोष जाहिर किया व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, वहीं सरकार से जिला वापिस देने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि प्रदेश की वर्तमान सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा घोषित सांचोर जिले को 28 दिसम्बर 2024 को निरस्त कर दिया गया है। परन्तु डींग, खेरथल व सलुम्बर जिले जो आबादी के हिसाब से सांचौर जिले के बराबर हैं। डींग जिले की भरतपुर जिले से मात्र 35 किमी दूर खैरथल जिला अलवर जिले से मात्र 45 किमी दूर व सलुम्बर जिला उदयपुर जिले से 70 किमी दूर है। जबकि सांचौर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नये जिले गठित किये थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं है। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा।

## सुविचार

सच्ची सफलता वही है, जो ईमानदारी और मेहनत से प्राप्त की जाए।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## लॉस एंजलिस में तबाही

अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजलिस में लगी जंगल की आग विकराल होती जा रही है। जंगल से शुरू होकर आग की लपटों ने रिहायशी इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। हॉलीवुड का गढ़ माने जाने वाले लॉस एंजलिस में हालात बहुत खराब हैं। आग से अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 10 हजार से ज्यादा इमारतें राख हो चुकी हैं। हॉलीवुड हिल्स से लेकर पैसिफिक पैलिसेड्स और पासाडेना से लेकर ईटन तक आग ने तबाही मचा रखी है। लोग अपने घरों को छोड़कर भाग रहे हैं। बताया जा रहा है कि लगातार चल रही हवाओं के कारण आग बढ़ रही है। अग्निशमन कर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आग में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। अग्निशमन विभाग के जन संपर्क अधिकारी कार्लोस हेरेरा ने बताया कि ईटन में लगी आग से पांच लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन विभाग की प्रवक्ता मार्गरेट स्टीवर्ट ने बताया कि पैसिफिक पैलिसेड्स के पश्चिम में लगी आग में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं तीन अन्य लोगों ने आग की चपेट में आकर जान गंवाई है। ईटन और पैलिसेड्स की आग के बीच 10,000 से अधिक इमारतें जल गईं। लॉस एंजलिस अग्निशमन प्रमुख क्रिस्टिन क्राउले ने कहा कि पैलिसेड्स में 5,300 से अधिक इमारतें नष्ट हो गई हैं। ईटन फायर ने 5,000 से ज्यादा इमारतों को नष्ट कर दिया है। अफसरों का कहना है कि सर्वे के बाद यह संख्याएं बदल सकती हैं। वेस्ट हिल्स पड़ोस के पास नई आग के कारण अधिक लोगों को बाहर निकालना पड़ा। लॉस एंजलिस फायर डिपार्टमेंट ने सैन फर्नांडो वैली में लॉस एंजिलिस के वेस्ट हिल्स इलाके के पास केनेथ फायर नामक आग के लिए आदेश जारी किए हैं। आग लगने के कारण इलाके को लोगों को तुरंत खाली करना पड़ा। लॉस एंजलिस काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि अधिकारियों ने गुरुवार रात से दोनों बड़ी आग के आसपास कर्फ्यू लागू करने की योजना बनाई है। जो शाम छह बजे से अगले दिन सुबह छह बजे तक लागू रहेगा, लेकिन इसे लागू होने में शुक्रवार तक का समय लग सकता है। कर्फ्यू केवल उन क्षेत्रों पर लागू होगा जो आग से ज्यादा प्रभावित हैं। लॉस एंजिल्स यूनिफाइड के सभी स्कूल शुक्रवार को बंद रहेंगे। जिला अधीक्षक अल्बर्टो कार्वाल्हो ने कहा कि जब तक हालात नहीं सुधरते तब तक कक्षाएं शुरू नहीं होंगी। यहां दो प्राथमिक विद्यालय नष्ट हो गए हैं और एक हाईस्कूल को काफी नुकसान पहुंचा है। हम उन कर्मचारियों की सहायता कर रहे हैं, जिन्होंने अपने घर खो दिए हैं।

### ट्रंप को खुश करने

# जुकरबर्ग ने दी फेक न्यूज को हरी झंडी



विजय कपूर

'बाहुबली' फिल्म के रिलीज होने के साथ ही एक व्हाट्सएप्प मैसेज वायरल हुआ था, जिसमें पत्रकार मधु त्रेहन की तस्वीर के साथ बड़े फोंट में लिखा था, "वामपंथी बुद्धिजीवी मधु त्रेहन ने बाहुबली फिल्म पर साधा निशाना, बोलीं, – 'बाहुबली फिल्म में कोई मुस्लिम किरदार क्यों नहीं, ये फिल्मों का भगवाकरण है'।" इसके नीचे थोड़े छोटे फोंट में लिखा था, "वैसे इस मैडम के बच्चों में कोई मुसलमान क्यों नहीं है, पहले इसका जवाब देना चाहिए।" जाहिर है वायरल हुआ यह पोस्ट एकदम निराधार था। मधु त्रेहन ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया था और न वह इस किस्म की बेवकूफीभरी बातें करती हैं। यह पोस्ट फेक न्यूज की लाखों मिसालों में से केवल एक है। फेक न्यूज विशेषरूप से राजनीतिक लाभ अर्जित करने के लिए फैलायी जाती है, लेकिन इससे जो समाज में हिंसा व नफ़रत का जहर फैलता है, उसके जख्म वर्षों तक रिसते रहते हैं। इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम तट पर लिवरपूल के निकट साउथपोर्ट में 29 जुलाई 2024 को टेलर स्विफ्ट थीम डांस पार्टी में एक 17-वर्षीय युवक ने चाकू से हमला किया था, जिसमें छह, सात व नौ वर्ष की तीन बच्चियों की मौत हो गई थी व 10 अन्य व्यक्ति घायल हो गये थे। इस हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन ऑनलाइन यह अफवाह फैलाई गई कि डांस क्लास चाकूबाजी का हमलावर 'एक मुस्लिम व अप्रवासी' है। हालांकि इंग्लैंड में 18-वर्ष की आयु से कम के संदिग्ध का नाम सार्वजनिक नहीं किया जाता है, लेकिन इस अफवाह व आशंकित हंगामे को रोकने के उद्देश्य से न्यायाधीश एंड्रू मेनारी ने संदिग्ध का नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया।

संदिग्ध वेल्स में जन्मा रवांडा पैरेंट्स का 17-वर्षीय पुत्र एक्सेल रूदाकुबाना था। उस पर तीन काउंट्स हत्या के और 10 काउंट्स हत्या के प्रयास के चार्ज लगाये गये हैं। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर फैलाये गये इस झूठ के कारण इंग्लैंड में ऐसे भयंकर दंगे हुए जैसे कि इस देश में 13 साल पहले देखे गये थे। दंगों में फार राइट (अति दक्षिणपंथी) गुटों ने अप्रवासियों पर हमले किये व जगह जगह आगजनी, पथराव व तोड़फोड़ की वारदातों को अंजाम दिया। दरअसल, फेक न्यूज का विस्फोट इतना अधिक है कि एक सर्वे के मुताबिक हर साल फेक न्यूज में लगभग 365 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है, इसलिए कॉलिंस डिक्शनरी ने तो 'फेक न्यूज' को 2017 का 'वर्ड ऑफ़ द ईयर' (साल का शब्द) घोषित किया था। गौरतलब है कि फेक न्यूज का अर्थ है, 'न्यूज रिपोर्टिंग के बहाने ऐसी खबर को प्रचारित व प्रसारित करना जो झूठ पर आधारित हो या तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करे और अक्सर सनसनी फैलाने या राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए फैलाई गई हो।" यह जहर इतना अधिक फैला चुका है कि चिंतित नागरिकों को कुछ साइटें तो सिर्फ इस काम के लिए बनानी पड़ीं हैं कि झूठ का निरंतर पर्दाफाश किया जाता रहे, जैसे ऑल्टन्यूज.इन, एसएमहोक्सस्लेयर आदि। फिर भी फेक न्यूज को रोकना इतना कठिन है कि ऑल्टन्यूज के मुहम्मद जुबैर को तो फेक न्यूज का पर्दाफाश करने के लिए जेल तक की हवा खानी पड़ी थी। फ़िलहाल वह जमानत पर बाहर हैं। इस पृष्ठभूमि में मेटा का यह निर्णय चिंताजनक है कि उसने अपनी फैक्ट-चेक व्यवस्था को बंद कर दिया है। मेटा, जिसके अधीन फेसबुक, इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप्प भी हैं, ने अमेरिका में डोनल्ड ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति का कार्यभार संभालने से पहले 7 जनवरी 2025 को अपनी फैक्ट-चेक नीति में परिवर्तन करने की घोषणा की और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दुहाई देते हुए हर किस्म की झूठी सच्ची खबरों के लिए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के दरवाजे खोल दिए। उसने अपनी नीति परिवर्तन की घोषणा के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग किया जैसे उसे अपनी एक दशक की फैक्ट-चेक नीति पर अत्यधिक खेद हो रहा हो, जबकि उसकी इस नीति से अनेक जगह दंगे होने से रुके व मैक्सिको सहित अनेक देशों में निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके। मेटा के सीईओ



मार्क जुकरबर्ग ने ऑनलाइन कुछ भी कहने की छूट देते हुए कहा, "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अपनी जड़ों पर लौटने का समय आ गया है। कंपनी का फैक्ट-चेकिंग सिस्टम ऐसे मक़ाम पर पहुंच गया था, जहां बहुत अधिक गलतियां हो रही थीं और बहुत अधिक सेंसरशिप थी।" जाहिर है कि यह निर्णय ट्रंप को खुश करने के लिए लिया गया है। ट्रंप फेक न्यूज के दुनिया में संभवतः सबसे बड़े समर्थक हैं। उनकी राजनीतिक सफलता में फेक न्यूज की अहम भूमिका रही है। जब वह पहली बार राष्ट्रपति बने थे, तब उन्होंने एक सर्वे के अनुसार सैंकड़ों की संख्या में अपने ट्विटर हैंडल से गलत व भ्रामक सूचनाएं दी थीं। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार अपने पिछले 4 वर्ष के कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने 30,573 झूठ फैलाए थे। ट्विटर (जो अब एक्स है) ने तो जनवरी 2021 में उनका अकाउंट ब्लाक करके अपने प्लेटफार्म पर प्रतिबंधित कर दिया था। जब एलोन मस्क ने ट्विटर को खरीदकर उसे एक्स किया तब ट्रंप से यह प्रतिबंध हटा था। इसका अर्थ है कि जुकरबर्ग ने ट्रंप की 'फेक न्यूज फैलाओ नीति' को ही गले लगाया है। जुकरबर्ग ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मुद्दा बताकर फैक्ट-चेक पर विराम लगाया है। ट्रंप ने इसकी मांग की थी। जुकरबर्ग ने सहमति व्यक्त की है। ट्रंप की प्रतिक्रिया ने इस बात की पुष्टि की है। लेकिन क्या कहीं इस बात पर बहस है कि फेक न्यूज कितनी खतरनाक हो सकती है? खतरनाक बदमाशों को खुली छूट देने के अतिरिक्त फेक न्यूज जन कल्याण कार्यक्रमों को सीधा प्रभावित करती है। कोविड में गलत सूचनाओं की कैसी बाढ़ आई थी, यह तो आपको याद ही होगा। फेक न्यूज से दुनियाभर में कितने दंगे हुए हैं, यह भी सब जानते हैं। फैक्ट-चेकर्स गलत सूचना या अफवाह को पकड़ते हैं, चाहे वह अज्ञानता में फैलाई गई हो या शरारत के लिए जानबूझकर। संस्थागत संरचना को पटरी से उतारने के लिए या मतदाता/नागरिक/उपभोक्ता को प्रभावित करने के लिए भ्रामक सूचनाएं ऑनलाइन तैयार की जा सकती हैं, चाहे उनका इरादा कुछ भी हो। ऐसी फेक न्यूज पर तुरंत विराम लगाने की जरुरत होती है। इसलिए फैक्ट-चेक का अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से कोई संबंध नहीं है। इस बात के अकाट्य तथ्य हैं कि वर्तमान में दुनिया के अनेक हिस्सों में जो इतिहास के पुनर्लेखन का ट्रेंड है, वह भी इतिहास को बदल नहीं सकता है। वैज्ञानिक साक्ष्यों पर आधारित तथ्यों को बदला नहीं जा सकता। ट्रंप जब हारे तो वह एक पक्ष के लिए खेल रहे थे और अब दूसरे पक्ष के लिए खेल रहे हैं।

- इमेज

## पंचांग

11 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| ● विक्रम संवत् | - | 2081 |
| ● शक संवत् | - | 1946 |
| ● ऋतु | - | शिशिर |
| ● माह | - | पौष |
| ● पक्ष | - | शुक्ल |
| ● तिथि | - | द्वादशी 08.23 तक |
| ● वार | - | शनिवार |
| ● नक्षत्र | - | रोहिणी 12.30 तक |
| ● योग | - | शुक्ल 11.49 तक |
| ● करण | - | कौलव 19.27 तक |
| ● सूर्योदय | - | 07.15 (मुंबई) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.17 (मुंबई) |
| ● सूर्योदय | - | 07.27 (भीनमाल) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.09 (भीनमाल) |
| ● चंद्र राशि | - | वृषभ 23.56 तक |
| ● अभिजित् मुहूर्त | - | 12.24 से 13.08 |
| ● राहु काल | - | 10.00 से 11.23 |
| ● व्रत, त्यौहार | - | त्रयोदशी क्षयतिथि, शनि प्रदोष, शनिरोहिणी अमृतसिद्धियोग 12.30 तक (प्रयाणे वर्ज्य) |
| ● दिशा शूल | - | पूर्व |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## कल्पवास सभी के बस की बात नहीं, सीधे मिलता नौ साल की तपस्या का फल

हिंदुओं के सबसे बड़े आस्था का प्रतीक महाकुंभ इस बार यूपी के प्रयागराज जिले में लग रहा है। 13 जनवरी से इसकी शुरूआत हो रही है, हालांकि पहला शाही स्नान 14 जनवरी को है। महाकुंभ हर 12 साल पर एक बार देश के महज 4 जगहों पर ही आयोजित होता है। इस अनुष्ठान में करोड़ों लोग संगम नदीं में स्नान करने और धार्मिक आयोजन करने के लिए इकट्ठा होते हैं। इस दौरान कई साधु यहां तपस्या करते हैं तो कई कल्पवास करते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि क्या होता है कल्पवास और क्या हैं इसके नियम?

**कल्पवास क्या है?**

कल्पवास, एक प्रकार से साधना और तपस्या का ही रूप है, जिसमें जातक को 3 रात, 3 माह, 6 माह, 12 साल या आजीवन किसी भी पवित्र नदी के किनारे तंबू बनाकर रहना होता है और साधना करना होता है। इसे 'कल्प' कहा जाता है। साधक इस दौरान बेहद संयमित जीवन जीते हैं और अपने पापों का नाश करने के लिए आत्मशुद्धि की साधना करते हैं। इस दौरान वे पवित्र नदी में स्नान करते हैं, किनारे पर उपवास, प्रार्थना और ध्यान में लीन रहते हैं। ऐसा कहा जाता है कि एक बार का कल्पवास, बिना कुछ खाए-पिए 9 साल तपस्या करने के समान होता है।

**कल्पवास के नियम**

- कल्पवास करना हर किसी के बस की बात नहीं होती है, ये बेहद कठिन साधना होती है। कल्पवास के दौरान कुछ नियमों का पालन करना बेहद जरूरी होता है वरना तपस्या भंग मानी जाती है।
- साधक को कल्पवास के दौरान झूठ नहीं बोलना होता। साथ ही अहिंसा से रहना होता है, इस दौरान उनसे चींटी भी नहीं मरनी चाहिए यानी सभी प्राणियों पर दयाभाव बनाए रखना होगा।
- साधक को कल्पवास के पूरा होने तक ब्रह्मचर्य का पालन करना, सभी व्यसनों का त्याग,
- साधक को ब्रह्ममुहूर्त में उठना, रोजाना 3 बार नदी में स्नान और जप करना होगा। इसके बाद दान करना होगा।

## तारीख विशेष

### लालबहादुर शास्त्री

लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। वह 9 जून 1964 से 11 जनवरी 1966 को अपनी मृत्यु तक लगभग अठारह महीने भारत के प्रधानमंत्री रहे। इस प्रमुख पद पर उनका कार्यकाल अद्वितीय रहा। उन्होंने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मंत्रिमंडल में



उन्हें पुलिस एवं परिवहन मंत्रालय सौंपा गया। परिवहन मंत्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला संवाहकों (कंडक्टर्स) की नियुक्ति की थी। पुलिस मंत्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ कराया। 1951 में, जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वह अखिल भारत कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किए गए। उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिए बहुत परिश्रम किया। जवाहरलाल नेहरू का उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान 27 मई, 1964 को देहावसान हो जाने के बाद साफ सुथरी छवि के कारण शास्त्रीजी को 1964 में देश का प्रधानमंत्री बनाया गया। उन्होंने 9 जून 1964 को भारत के प्रधानमंत्री का पद भार ग्रहण किया। उनके कार्यकाल में 1965 का भारत पाक युद्ध शुरू हो गया। इससे तीन वर्ष पूर्व चीन का युद्ध भारत हार चुका था। शास्त्रीजी ने अप्रत्याशित रूप से हुए इस युद्ध में राष्ट्र को उत्तम नेतृत्व प्रदान किया और पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। इसकी कल्पना पाकिस्तान ने कभी सपने में भी नहीं की थी। ताशकंद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अयूब खान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद 11 जनवरी 1966 की रात में ही रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

### सेल्फ इंप्रूवमेंट

# मेहनत ही नहीं, मनोविज्ञान से भी मिलती कामयाबी की मंजिल

नरेंद्र कुमार

सेल्फ इंप्रूवमेंट की दुनिया में इन दिनों कई ऐसी मनोवैज्ञानिक तकनीकें कामयाबी के साथ लक्ष्य हासिल करने में मददगार साबित हो रही हैं, इनमें से ही एक तकनीक है विजुअलाइजेशन एंड गोल सेटिंग। यह एक ऐसी तकनीक है, जिसमें हम पहले अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्मार्ट यानी स्पेसिफिक, मिजरेबल, अचीवेबल, रिलेवंट और टाइम बाउंड योजना बनाते हैं यानी अपने आदर्श करियर के लक्ष्य को छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित करते हैं और फिर उसके एक एक हिस्से पर फोकस करते हुए कामयाबी के शिखर तक पहुंच जाते हैं। मनोवैज्ञानिक इसे मनोविज्ञान और न्यूरोसाइंस पर आधारित सेल्फ इंप्रूवमेंट की एक ऐसी तकनीक करार देते हैं, जो न सिर्फ आपका करियर बेहतर बनाती है बल्कि आपके जीवन को भी संतुलन और खुशी से भर देती है।

इस तकनीक का इस्तेमाल करके कोई भी शख्स अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। आइये देखते हैं यह तरीका क्या होता है?

**वैज्ञानिक आधार**

विजुअलाइजेशन तकनीक का एक वैज्ञानिक आधार है, और यह आधार है इसका निरंतर मानसिक अभ्यास। इसके चलते हम अपने लक्ष्य की सफलता की कल्पना करते हैं, उसकी एक स्पष्ट तस्वीर बनाते हैं और इस तरह उसे एहसास करने का अभ्यास दोहराते हैं जैसे वह पहले ही पूरा हो चुका हो। इसके लिए हम कई तरह की तकनीकों के साझा मिश्रण का इस्तेमाल करते हैं। जैसे दृश्य, ध्वनि, भावनाएं और यहां तक कि खुशबू भी। मसलन यदि आप अपने करियर में प्रमोशन चाहते हैं तो इस बात की कल्पना करें कि आप उस पद पर पहुंचकर कैसे काम कर रहे हैं। आपकी टीम, आपके काम करने के तरीके पर क्या प्रतिक्रिया कर रही है और वह आपसे जिस तरह के सवाल पूछ रही है, आप उनका कैसे जवाब दे रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं हर दिन सुबह या रात में 5 से 10 मिनट इस एहसास का नियमित अभ्यास करें। मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक विजुअलाइजेशन हमारे मस्तिष्क में न्यूरोप्लास्टिसिटी को सक्रिय करता है, क्योंकि जब हम किसी लक्ष्य की कल्पना करते हैं तो हमारा मस्तिष्क उसी के अनुरूप काम करने लगता है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और एक्शन लेने की संभावनाएं बढ़ती हैं।

**गोल सेटिंग**

अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए हम अंग्रेजी के स्मार्ट शब्द की स्पेल को इस तरह से विश्लेषित करते हैं- स्मार्ट शब्द के पहले हिज्जे एस का मतलब है स्पेसिफिक यानी आपका लक्ष्य स्पष्ट और विशिष्ट होना चाहिए। मसलन आप सोचें- मैं अगले छह महीनों में अपनी कम्युनिकेशन की स्किल में हर हाल में सुधार करूंगा।

स्मार्ट शब्द का दूसरा हिज्जा है एम यानी मिजरेबल अर्थात हमारा लक्ष्य वेग न हो, वह ऐसा हो जो किसी पैमाने में फिट बैठता हो अर्थात उसे मापा जा सके। उदाहरण के लिए मैं हफ्ते में दो दिन सीखी हुई कम्युनिकेशन स्किल का व्यवहारिक प्रयोग करूंगा।

स्मार्ट शब्द का तीसरा हिज्जा है ए यानी एचीवेबल अर्थात जो लक्ष्य प्राप्त करने के योग्य हो। मतलब यह कि आपका लक्ष्य हवा हवाई न हो। उदाहरण के तौरपर मैं हर सप्ताह कम से कम 10 घंटे पढ़ाई करूंगा। अगर आपने 10 की जगह 100 घंटे का उत्साही लक्ष्य तय कर लिया तो वह हवा हवाई होगा और पूरा नहीं होगा।

स्मार्ट शब्द का चौथा हिज्जा है आर यानी रिलेवेंट। आपका लक्ष्य कितना प्रासंगिक है यह भी जरूरी है। मतलब गैरजरूरी और अप्रासंगिक लक्ष्य नहीं होना चाहिए। उदाहरण के लिए अपने आप से कहें, 'मैं अपनी कम्युनिकेबल स्किल का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा लोगों से संवाद करने में करूंगा।'

इस स्मार्ट शब्द का अंतिम हिज्जा है टी यानी टाइम बाउंड यानी हर लक्ष्य का एक निश्चित और निर्धारित समय होना चाहिए। जब हम कहते हैं कि मैं छह महीने में हर हाल में कहानी लिखना सीख लूंगा तो इस संकल्प में जो यह 'छह महीने हैं,' वो हमारे लक्ष्य को प्रेरित करता है।

सब कुछ लिखित में करें

भले लिखने में आलस आता हो, कई बार यह गैरजरूरी और समय बर्बाद करने वाला लग सकता है, लेकिन दुनिया में लाखों लोगों के अनुभव बताते हैं, जब हम कोई लिखित लक्ष्य निर्धारित करते हैं तो उसमें पारंगत होने और सफलता पाने के चांस बहुत होते हैं। इसलिए अपना सेल्फ इंप्रूवमेंट करना चाहते हैं तो इस विजुअलाइजेशन तकनीक के सभी पहलुओं को नियमित रूप से लिखें। इससे फर्क पड़ता है। जब हम अपने लक्ष्य को लिखते हैं तो लिखने की प्रक्रिया के दौरान ही हमें उसकी आंतरिक संरचना समझ में आती है और हमें बहुत अच्छी तरह से पता चल जाता है कि हम कैसे अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। इसमें एक और बात पर ध्यान देना जरूरी है। एक तो अपनी प्रगति पर नजर रखें, उसे ट्रैक करें और लगे कि इन्हें समायोजित करना चाहिए तो जरूर करें और हां, इसके लिए खुद अपने आपको सेल्फ रिवार्ड भी दें।

**यह तकनीक क्या करती है ?**

इस तकनीक से हम अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट होते हैं। हमें यह तकनीक बताती है कि हम आखिर हासिल क्या करना चाहते हैं। इसके नियमित रूप से विजुअलाइजेशन से हमारा मोटीवेशन बढ़ता है और हम अपने को सफलता के नजदीक पाते हैं।

- स्ट्रेस कम करने में भी यह तकनीक कामयाब रहती है। फोकस बढ़ता है, स्ट्रेस कम होता है और सेल्फ डिसिप्लिन मजबूत होता है।

**करियर में यह कैसे सहायक है**

- इस तकनीक के जरिये हम अपने करियर के छोटे छोटे लक्ष्यों की योजना बनाते हैं। जैसे प्रमोशन कैसे पाएं, नई स्किल कैसे सीखें और करियर में कब बदलाव करें।
- इस तकनीक के जरिये हम स्ट्रैटिजिक निर्णय लेने में पारंगत होते हैं। जब हम अपनी कल्पना के जरिये अपने लक्ष्य और महत्वाकांक्षाओं का विजुअलाइजेशन करते हैं तो हमें सही निर्णय लेने में मदद मिलती है।
- इंटरव्यू और पब्लिक स्पीकिंग की कल्पना करते हुए हम अपने आपको एक बड़े मंच पर भाषण देते हुए विजुअलाइजेशन करते हैं। इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है, साथ ही हम अपने लक्ष्यों को स्पष्टता और फोकस भी प्रदान करते हैं।
- तकनीक का सबसे कामयाब उदाहरण भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी है। उन्होंने अपने कई इंटरव्यूज में बताया कि वह मूलतः फुटबॉल खेलते थे, इसलिए जब वह क्रिकेट में आए तो उन्होंने सफलता पाने के लिए इस तकनीक का सहारा लिया अपने लक्ष्य की एक स्पष्ट रूपरेखा बनाई।



## गीता सार

**श्रेयान्स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।**
**स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः॥ (35)**

**भावार्थ :**

दूसरों के कर्तव्य (धर्म) को भली-भांति अनुसरण (नकल) करने की अपेक्षा अपना कर्तव्य-पालन (स्वधर्म) को दोष-पूर्ण ढंग से करना भी अधिक कल्याणकारी होता है। दूसरे के कर्तव्य का अनुसरण करने से भय उत्पन्न होता है, अपने कर्तव्य का पालन करते हुए मरना भी श्रेयस्कर होता है।

## बोले तो...



मेरा मत ये है कि दुनिया में जो भी व्यक्ति जाता है, वो सरकार जिसको भेजती है वो राजदूत है... ये जाते हैं...राष्ट्रदूत हैं। हमारी नीति आयोग का एक शुरुआती उद्देश्य ये है कि विश्व भर में फैले हुए भारतीय समुदाय के सामर्थ्य को जोड़ना।

-नरेंद्र मोदी



लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि वह गठबंधन को जिंदा रखें और सभी दलों को एकजुट करके आगे का रास्ता दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक गठबंधन की कोई बैठक नहीं हुई है, जिससे लोगों में संदेह उत्पन्न हो रहा है।

- संजय राउत



विधानसभा में हार के बहुत सारे कारण हैं, लेकिन एक कारण ये भी है कि नाना पटोले और संजय राउत ने सीट शेयरिंग में देरी की और दो सप्ताह से अधिक समय तक इस पर चर्चा चलती रही. विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर देरी हुई और इसलिए हम हारे.

- विजय वडेट्टीवार

## कुछ अलग | अजब गजब

# रोटी या कंबल! शख्स ने हाथों से बनाई इतनी बड़ी रोटी, एक भी खा ली तो 2 दिन नहीं लगेगी भूख!

आपने भारत में रोटियों की अलग-अलग वैरायटी तो जरूर देखी होगी। कहीं आपको साधारण तवा रोटी दिखेगी, तो कहीं नान और कहीं तंदूर भी नजर आ जाएगी। रुमाली रोटी भी काफी फेमस है, इसके साथ ही कई जगहों पर मक्के की रोटी भी खाई जाती है। पर हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें काफी अलग तरह की रोटी देखने को मिल रही है। ये इतनी बड़ी है कि इसे देखकर आप यही सवाल करेंगे कि ये रोटी है या कंबल! ये इतनी बड़ी है कि अगर किसी ने पूरी खा ली, तो शायद उसे 2 दिनों तक भूख ही न लगे!

एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें एक विशाल रोटी बनती नजर आ रही है। ये इतनी बड़ी है कि बिल्कुल चादर या कंबल के साइज की लग रही है। वीडियो के साथ दी गई जानकारी में बताया गया है कि ये रोटी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बनती है। शादियों में



आमतौर पर इतनी बड़ी रोटी बनाई जाती है जो 10 से 12 फीट बड़ी है।

### कंबल जितनी बड़ी रोटी!

वीडियो में आप देख सकते हैं कि इतनी बड़ी रोटी को बनाना टैलेंट से कम नहीं है। शख्स पहले बड़ी सी लोई लेता है, उसके बाद उसे हाथों में घुमा-घुमाकर बड़ा करता जाता है। जब वो चादर की तरह बड़ी हो जाती है, तो उसे वो लोहे के गोल सिलेंडर पर डाल देता है, जो अंदर से खोखला है और उसमें आग जल रही है। जब कुछ पल में रोटी पक जाती है, तो वो उसे उठाकर बाकी रोटियों के साथ रख देता है।

### वीडियो हो रहा वायरल

इस वीडियो को 12 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि ये तो कंबल लग रहा है। एक ने कहा कि वो रोटी को हाथ के साथ-साथ पैर और सिर से भी बना रहा है। एक ने कहा कि ये इतनी गंदगी से बन रही है कि वो उसे कभी खाना नहीं चाहेगा। एक ने कहा कि अगर रोटी इतनी बड़ी होगी, तो रेस्टोरेंट में वो 1 रोटी और 10 प्लेट सब्जी ऑर्डर करेगा। एक ने कहा कि इस रोटी की कैलोरी तो गूगल भी नहीं जोड़ पाएगा।

## पाठक पाती

### काम के घंटों को लेकर नई बहस

देश में काम के घंटों को लेकर बहस एक आम बात हो गई है। इस बहस के पीछे अक्सर कोई बड़ा नाम जुड़ा होता है। हाल ही में, लार्सन एंड टूब्रो के चेयरमैन एसएल सुब्रमण्यन का बयान है कि कर्मचारियों को रविवार को भी काम करना चाहिए। इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायणमूर्ति ने हफ्ते में 70 घंटे काम करने की बात कहकर इस बहस को फिर से शुरू कर दिया है। लेकिन यह सवाल उठता है कि क्या वास्तव में हमारे देश में कर्मचारी अधिकारी आराम तलब हो गए हैं? क्या वे वास्तव में 70 घंटे काम करने की बात सुनकर बुरा महसूस करते हैं? एक व्यापारी, होटल वाले, या रेहड़ी वाले को देखें, वे प्रति सप्ताह 90 घंटे तक काम करते हैं और उन्हें कोई शिकायत नहीं होती। हमारे प्रधानमंत्री मोदी प्रति सप्ताह 90 घंटे से अधिक काम करते हैं। विदेशों में काम के घंटों को लेकर एक अलग ही मानसिकता है।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, एमपी

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# पेड़ों से पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन संभव है : महर्षि



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** पेड़ों से पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बना रहता है। पेड़ न होने पर पृथ्वी पर मानव जीवन असंभव हो जाएगा। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक संतोष महर्षि ने जिला कार्यालय प्रांगण में पौधारोपण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पेड़ है तो पृथ्वी पर जीवन है। दिन प्रतिदिन पृथ्वी पर अंधाधुंध पेड़ों की कटाई होती जा रही है। समय रहते हमें इसके प्रति सचेत सजक और सावधान होना होगा अन्यथा आने वाले समय पर पृथ्वी पर जीवन असंभव हो जाएगा। इसलिए प्रत्येक मानव को हर सुबह अवसर पर पौधारोपण करते रहना चाहिए महर्षि ने कहा कि कि आज हर व्यक्ति का कर्तव्य बन जाता है कि वह अपने जीवन में अनेकों बार पौधारोपण करें और जीवन को पुण्य की श्रेणी में अग्रिम करें। इस दौरान एडीओ प्रारंभिक नारायण सिंह कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र महला, कार्यक्रम अधिकारी अविनाश साहरण ने संयुक्त रूप से कहा कि पेड़ों से हमें हर प्रकार की औषधियां प्राप्त होती है। फील्ड की हमारे जीवन में पर्यावरण संतुलन को बनाए रखते हैं। पेड़ों को अनेकों लाभ होने के बाद भी हम समय-समय प्रेम को काट रहे हैं। यह हमारे जीवन के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है हर समय किसी ने किसी अवसर पर पौधारोपण जरूर करना चाहिए। इस दौरान हरियाणा प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक प्रधान संजय बुशान ने कहा कि कॉविड-19 के समय ऑक्सीजन की कमी ने इस बात का एहसास करवा दिया था कि पेड़ नहीं है तो पृथ्वी पर जीवन की संभावना कतई नहीं है। इसलिए कोविद-19 के बाद पेड़ों के महत्व के बारे में समाज ने समझा है और वृक्षारोपण के लिए समाज की युवा अग्रिम पंक्तियों में आए हैं बुशान ने कहा कि आज समय आ चुका है हमें हर समय पौधारोपण करते रहना चाहिए। इसके लिए कोई समय सीमा नहीं होती इसके लिए अगर समय पर देखभाल हो जाए तो एक छोटा सा पेड़ विशाल वृक्ष का रूप धारण कर सकता है और अपनी अनेकों प्रकार की औषधियां अनेकों प्रकार के फल प्राप्त होते हैं जो मानव जाति के लिए लाभदायक होता है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी अनवर मोहम्मद, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी दुर्गा शंकर, अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार, तपेश यादव, चंद्र प्रकाश, महेश कुमार, समीर चौधरी, सहायक लेखा अधिकारी मंजू चौधरी, मोहम्मद अली आदि उपस्थित थे।

## प्रतिभा सम्मान एवं गौरक्षक अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** रतनगढ़ रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं गौरक्षक अभिनंदन कार्यक्रम में सर्व समाज की प्रतिभाओं और गौमाता की रक्षा में समर्पित गौरक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बजरंग दल के प्रांतीय सह-संयोजक परमवीर सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, विद्या केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का आधार है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल शिक्षा और धर्म को जोडक़र सनातन संस्कृति को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने गौरक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे हमारी संस्कृति के रक्षक हैं और धर्म रक्षा के सच्चे प्रहरी हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूनम गुप्ता, अध्यक्ष सूबेदार मेजर विनोद शर्मा, और विशिष्ट अतिथियों में सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप ढाढर, स्पैरो केयर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर कुलदीप सैनी, प्रांत मिलन प्रमुख मोहित, दुर्गावाहिनी की अनिता जोशी, और प्रधानाचार्य किशनलाल सैनी उपस्थित रहे।

# एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण



**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव एवं जेल अधीक्षक सुमन मीणा द्वारा शुक्रवार को जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार जेल में बंदियों के साथ जाति के आधार पर भेदभाव करने, उनका जेल में भेदभाव होने पर जेल के रजिस्टर में उनकी जाति के इन्द्राज को हटवाने, जेल के रसोईघर में खाना बनाने वाले बंदियों में जाति के आधार पर भेदभाव रखने एवं जेल के बैरकों, शौचालयों की साफ सफाई में विशेष जाति द्वारा कार्य कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं जेल में जातिगत भेदभाव नहीं करने के निर्देश दिये। सचिव ने नि:शुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा रसोई घर में बर्तनों में हो रही गंदगी की साफ-सफाई के भी निर्देश दिये तथा जेल धौलपुर में स्थापित अस्पताल का निरीक्षण किया एवं बंदियों को दी जाने वाली दवाइयों की जानकारी ली। इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कम्थान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिंह सिकरवार, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इंद्रेश शर्मा, प्राधिकरण के आशुलिपिक राहुल डण्डोतिया, कनिष्ठ सहायक सुरेंद्र सिंह एवं जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## मोही में वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इस पहल के तहत सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा ने मोही ग्रामीण क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत दुपहिया और चौपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के साथ-साथ वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने और हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। 125 दुपहिया वाहनों, 26 ट्रैक्टरों, 12 ऑटो और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। डॉ. शर्मा ने उन वाहन चालकों को समझाया जिन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं किया था।

## सनवाड़ में आज निकलेगी शोभायात्रा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** शहर के सनवाड़ में स्थित गोरक्षक गोशाला में मकर संक्रांति को लेकर चार दिवसीय विशेष अनुष्ठान किए जा रहे है। जिसका शुभारंभ शनिवार को शोभायात्रा से किया जाएगा। गौशाला संस्थान के अनुसार कलश की शोभायात्रा राजनगर स्थित फव्वारा चौक से भोलेनाथ की पूजा अर्चना के बाद रवाना होगी।

PM SHRI

**राज्य परियोजना कार्यालय**
**समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़**

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

द्वितीय तल, एकीकृत शिक्षा भवन, पेंशनबाडा, रायपुर
टेलीफोन नं. 0771-2445052 Email-mis.head@gmail.com

**Request for Tender (RFT) की सूचना**

पीएमश्री योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के पीएमश्री हायर सेकेंडरी विद्यालयों में BIOLOGY LAB EQUIPMENT क्रय किये जाने हेतु ऑनलाइन RFT आमंत्रित की जाती है। समस्त विवरण Govt. E Market Place (GeM) की वेबसाइट https://gem.gov.in में उपलब्ध है।

**अंतिम तिथि – 07 फरवरी 2025, समय 03:00 PMs-**

निविदा संबंधी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी के लिए जेम पोर्टल का निरंतर अवलोकन करें।

**(प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

विनियंत्रक
समग्र शिक्षा
छत्तीसगढ़, रायपुर

SAMVAD-42745/4

# अवैध कब्जे कर अंधविश्वास फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** चारभुजा तहसील के सर्व धर्म समाज द्वारा शुक्रवार को चारभुजा तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम चारभुजा तहसीलदार पर्वतसिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि तहसील क्षेत्र से 5 किमी दूरी कुंभलगढ़ वन्य क्षेत्र अभ्यारण में रूपनगर स्थित ग्राम पंचायत मानवतों का गुड़ा के तहत रास्ते में एक विश्राम स्थल था जहां पर विशेष समुदाय के लोगों द्वारा मजार का निर्माण कर चादर रख दी। इतना ही नहीं कुछ वर्षों में दिनों दिन वह स्थान बड़ा होता गया तथा 2000 वर्ग फीट क्षेत्र में कब्जा कर लिया। सरस का गुड़ा में भी झाड़, फूंक एवं अंधविश्वास फैलाई जा रही है। बोरड में मजार बनाकर अंधविश्वास फैलाना प्रारंभ किया। ज्ञापन में बताया कि थोरिया भाग, सेवंत्री के पुठिया, साथिया के बोरड, अंटालिया, सुखार, लामबोड़ी, बामनिया, कड़िया इत्यादि गांवों में भी अवैध कब्जे कर चबूतरे बनवाए हैं गए हैं। जिला सहसंयोजक धर्मचंद गुर्जर, राजसमंद जिला महासचिव मेघवाल युवा संगठन के लक्ष्मणलाल चितरोलिया, प्रखंड संयोजक राहुल टेलर चारभुजा, रमेश, लोकेश गुर्जर, भेरूलाल जैन, चारभुजा नगर संयोजक लेविश, मयंक, विष्णु, हरिराम, विजय, पुष्पा, रामलाल, शंभूसिंह, भैरूसिंह, विजयसिंह एवं भगवानलाल आदि मौजूद थे।

# कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**राजसमंद।** चौमुखा महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पंडित राजेंद्र तिवारी ने कहा कि आप जीवन में अगर किसी भी व्यक्ति का अन्न खाते हैं तो उसका नमक अवश्य अदा करना चाहिए और जिस थाली में खाओ उसमें कभी छेद नहीं करना चाहिए। इससे परमात्मा ने सिर्फ आपका साथ देंगे, बल्कि आपके साथ खड़े रहेंगे और हर संकट व मुसीबत से आपको बचाएंगे। उन्होंने कहा कि जीवन में अगर ज्ञान प्राप्त करना है तो यह सत्संग से ही प्राप्त होता है। कथा प्रसंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अन्य का कभी अपमान नहीं करना चाहिए। क्योंकि अन्य देवता है। उन्होंने वक्त प्रहलाद और ध्रूव के प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि भक्ति हो तो ध्रूव जैसी होनी चाहिए। जिन्होंने अपनी भक्ति के बल पर मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर ली थी। उन्होंने गायों की सेवा की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के नाम चिंटू पिंटू आदि रखने के बजाय गोविंद के नाम पर रखना चाहिए, जिससे जब भी आप उन्हें पुकारेंगे तो प्रभु के नाम का स्मरण होगा। प्रारंभ में कथा अधिष्ठाता दिनेश चंद्र साहू परिवार में भागवत की आरती उतारी। भागवत कथा के चौथे दिन कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। अधिष्ठाता दिनेशचंद्र साहू ने नंद बाबा बनकर बालकृष्ण को लेकर पंडाल में प्रवेश किया तो भक्तों ने खूब जयकारे लगाए। कथा में प्रसंग के अनुसार गोविंद मेरो है गोपाल मेरो है श्री बांके बिहारी नंदलाल मेरो है, भजमन नारायण नारायण, सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया।

# फसल को नीलगाय से बचाने के लिए किसानों ने बनाया बीजूका



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** जिले में इस बार मानसून की मेहरबानी होने के बाद किसानों ने खेतों में बड़े पैमाने पर रबी की फसल की बुवाई की है। रबी की फसल तैयार होने के बाद जंगली जानवरों से अपनी फसल बचाने के लिए किसान अब प्राचीन जुगाड़ तकनीक बिजूका का उपयोग कर रहे हैं। खेतों में हर समय सुरक्षा नहीं करने के कारण किसान अब बड़े-बड़े कपड़े के बीजूका बनाकर फसल बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अरुणा देवी ने बताया की कुंवारिया, जोधपुरा, फियावड़ी एवं लालपुर सहित आसपास गांवो में सर्दी के मौसम में नीलगाय फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। इससे परेशान किसानों ने नीलगायों को भगाने के लिए अपने खेतों में मानव रहित कपड़े का बिजूका बनाया है। जिससे नीलगाय को खेतों मे बीच मे ऐसा नजारा दिखेगा कि मानो खेत में कोई पहरा.दे रहा हो। नीलगाय एकाएक उस फसल में जाने से रुकेगी जिससे फसल का बचाव हो पाएगा।

# चन्द्रज्योति अभियान का शुभारंभ किया




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला परिषद, मंजरी और पीरामल फाउंडेशन, धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान से जिला परिषद सभागार में चन्द्रज्योति अभियान शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ ने चन्द्रज्योति अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि चंद्रज्योति अभियान का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संविधान की गहरी समझ को बढ़ावा देना है, जिससे विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिकता और बाल संसद के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी हो सके। यह अभियान न केवल संविधान की जानकारी और गहरी समझ प्रदान करेगा, बल्कि छात्रों को सक्रिय नागरिक बनने और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा। अभियान के माध्यम से छात्रों को संविधान की मूल बातों के बारे में सिखाया जैसे उद्देशिका, मौलिक अधिकार और कर्तव्य, नीति निर्देशक सिद्धांत, और संविधान के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा, छात्रों को बाल संसद के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त करने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने के तौर तरीको का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में एडीपीसी समसा महेश मंगल, संजय शर्मा, सुबोध गुप्ता मंजरी फाउंडेशन, संतोष उपाध्याय पीरामल फाउंडेशन, अंकिता भूपारिया नीति फेलो, गांधी फेलो मिनहाज, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, 50 विद्यालयों के संस्थाप्रधान और अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# कृष्ण ने किया रुक्मणी से विवाह, देवताओं ने गाया मंगलगान



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला मनोरंजन क्लब में श्री भोलेनाथ कला मंच के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान रुक्मणी विवाह की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। इस अवसर पर शिक्षाविद हनुमान मल सैनी ने अपने परिवार के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य कथावाचक श्री कन्हैया लाल जी महाराज ने बताया कि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा के श्रवणमात्र से मनुष्य को पापों से मुक्ति मिलती है। मानव को अपने जीवन में धार्मिक ग्रन्थों का नियमित अध्ययन करते रहना चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन में कमाए गए धन का एक हिस्सा सामाजिक कार्यों में और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित करना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु सेन ने बताया कि कथा स्थल पर श्री कृष्णा और रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर महिलाओं ने विवाह के गीत गाए और कन्यादान के रूप में अनेकों उपहार भी दिए। इस अवसर पर भोलेनाथ कला मंच के रामचंद्र तुनवाल, प्रमोद प्रजापत, लिखमीचंद सैनी, पुरुषोत्तम शर्मा, हरीश शर्मा, विनोद राठी, गजानंद गौड़, अनिल सैनी, राहुल शर्मा, सुभाष प्रजापत, विष्णु प्रजापत, मनीष जांगिड़, रोहित आदि उपस्थित रहे।

## पौषबड़े कार्यक्रम का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** थान मठुई के महन्त संत निर्मलनाथ के सानिध्य में कमल कुमार काछवाल की ओर से धर्मस्तूप के पास पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ओम सारस्वत व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी आदि ने राहगीरों को पौषबड़े खिलाए। राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ओम सारस्वत ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा पुण्य का काम है। इसे करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। हर व्यक्ति को दान पुण्य का कार्य करना चाहिए। इस मौके पर लॉ कॉलेज के प्राचार्य एसके सैनी, एडवोकेट योगेन्द्र शर्मा, घनश्याम काछवाल, ताराचंद बाठीया, राजकुमार सारस्वत, विमल काछवाल, कैलाश सैनी, अशोक शर्मा, गोपीचंद शर्मा, मनोज अग्रवाल, महेश गौड, उमाशंकर व कैलाश नवहाल आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क आयुर्वेदिक-एक्युप्रेशर शिविर में आयुर्वेदिक दवाएं वितरित




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** उत्तरादा बाजार स्थित दुर्गा भवन में दुर्गा देवी पन्ना देवी सोनी ट्रस्ट व मधुसूदन वेलनेस के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक व एक्युप्रेशर शिविर के दूसरे सुरत के डॉ.कमल चोरड़िया ने कहा कि आजकल मौसमी बिमारियों का दौर बहुत ज्यादा हो रहा है। ऐसे में रोगी को आयुर्वेदिक दवाओं का सेवन करना चाहिए। आयुर्वेदिक दवाई लेने से शरीर में गर्मी नहीं होती है। हर व्यक्ति को सुबह जल्दी उठकर व्यायाम व योग करना चाहिए। जिससे स्वास्थ्य सही रहेगा। शारीरिक क्षमता को बढाने के लिए सुबह सुबह जल्दी से घूमना चाहिए। डॉ. मोतीलाल सोनी ने एक्यूप्रेशर विधि से 125 लोगों को लाभाविन्त किया गया। शिविर में बजरंगलाल सणखत व भगवान दत्त कल्ला आदि मौजूद रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

प्रारंभ तिथि 08.01.2025

उत्तर मध्य रेलवे, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
बाल्मीकि चौराहा, नवाब यूसुफ रोड, प्रयागराज - 211001
खेल कूद कोटा (खुली भर्ती) के अन्तर्गत भर्ती
रोजगार सूचना सं. एसक्यू 2024-25 दिनांक 06.01.2025

अंतिम तिथि 07.02.2025 23:59 बजे तक

उत्तर मध्य रेलवे के खेलकूद कोटा वर्ष 2023-24 में खुली भर्ती ग्रुप सी के तहत पे बैण्ड-1 रू. 5200-20200 ग्रेड पे रू. 1800/1900/2000 एवं 2400/2800 (7 वें सी पी सी के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल-01/02/03 एवं 04/05) में भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद और शैक्षणिक मानक पूरा करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों से नीचे दर्शाए खेलों जैसा पैरा ए एवं बी में वर्णित हेतु एवं अन्य विवरण सहित ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

**(ए) पे बैण्ड - 1, रू. 5200-20200 + ग्रेड पे रू. 1800, 7 वे सी.पी.सी. के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल-01**

| क्रम संख्या | खेल का नाम | पुरूष/महिला | कोटि सं. | खेलने का विशिष्ट स्थान/भार वर्ग जिसकी आवश्यकता है | रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिकेट | पुरूष | 1 | विकेट कीपर ऑलराउण्डर | 01 |
| | | महिला | 2 | बैटर ऑलराउण्डर | 01 |
| 2 | कुश्ती | पुरूष | 3 | 72 किग्रा, ग्रिको रोमन | 01 |
| | | | 4 | 125 किग्रा. फ्रीस्टाइल | 01 |
| 3 | मुक्केबाजी | पुरूष | 5 | 54 किग्रा. | 01 |
| | | महिला | 6 | 70 किग्रा. | 01 |
| 4 | भारोत्तोलन | पुरूष | 7 | 73 किग्रा. | 01 |
| 5 | बैडमिन्टन | महिला | 8 | सिंगल्स | 01 |
| 6 | हॉकी | महिला | 9 | फॉरवर्ड | 01 |
| 7 | टेबल टेनिस | पुरूष | 10 | खिलाड़ी | 02 |
| 8 | एथलेटिक्स | पुरूष | 11 | डिस्कस थ्रो | 01 |
| 9 | कबड्डी | पुरूष | 12 | लेफ्ट कॉर्नर | 01 |
| | | | 13 | राईट कॉर्नर | 01 |
| 10 | बास्केट बॉल (न्यूनतम लंबाई 6 फीट से ऊपर) | पुरूष | 14 | फॉरवर्ड | 01 |
| | | | 15 | पावर गार्ड | 01 |
| 11 | वॉलीबॉल | पुरूष | 16 | अटैकर | 01 |
| | | | 17 | सेंटर | 01 |
| | | | 18 | सेन्टर ब्लॉकर | 01 |
| 12 | स्विमिंग | पुरूष | 19 | 400 मी इंडिविजुअल मेडले | 01 |
| 13 | फुटबॉल | पुरूष | 20 | डिफेन्डर | 02 |
| | | | 21 | साईड बैक | 01 |
| | | | 22 | हाल्फ फिल्ड | 01 |
| | | | 23 | फॉरवर्ड | 01 |
| | | | | कुल योग | 25 |

**(बी) पे बैण्ड -1, रू. 5200-20200 + ग्रेड पे रू. 1900/2000, 7 वें सी.पी.सी. के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल-02/03**

| क्रम संख्या | खेल का नाम | पुरूष/महिला | कोटि सं. | खेलने का विशिष्ट स्थान/भार वर्ग जिसकी आवश्यकता है | रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिकेट | पुरूष | 24 | बैट्समैन | 01 |
| | | महिला | 25 | बैटर | 01 |
| 2 | जिमनास्टिक | पुरूष | 26 | खिलाड़ी | 01 |
| 3 | भारोत्तोलन | महिला | 27 | + 87 किग्रा. | 01 |
| 4 | बैडमिन्टन | पुरूष | 28 | सिंगलस | 01 |
| 5 | एथलेटिक्स | महिला | 29 | 5000 मी. | 01 |
| | | | 30 | हैमर थ्रो | 01 |
| 6 | हॉकी | पुरूष | 31 | फार्वड | 01 |
| | | महिला | 32 | गोलकीपर | 01 |
| | | | 33 | फुलबैक | 01 |
| | | | 34 | मिड फिल्डर | 01 |
| 7 | कबड्डी | पुरूष | 35 | ऑल राउण्डर | 01 |
| | | | 36 | राईट कवर | 01 |
| 8 | बास्केटबॉल (न्यूनतम लंबाई 6 फीट से उपर) | पुरूष | 37 | शूटिंग गार्ड | 01 |
| 9 | कुश्ती | पुरूष | 38 | 63 किग्रा (ग्रिको रोमन) | 01 |
| | | | 39 | 79 किग्रा (फ्री स्टाइल) | 01 |
| | | | | कुल योग | 16 |

**(सी) पे बैण्ड -1, रू. 5200-20200 + ग्रेड पे रू. 2400/2800, 7 वें सी.पी.सी. के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल-04/05**

| क्रम संख्या | खेल का नाम | पुरूष/महिला | कोटि सं. | खेलने का विशिष्ट स्थान/भार वर्ग जिसकी आवश्यकता है | रिक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुश्ती | महिला | 40 | 76 किग्रा, फ्री स्टाईल | 01 |
| 2 | भारोत्तोलन | पुरूष | 41 | + 109 किग्रा. | 01 |
| | | महिला | 42 | 86 किग्रा. | 01 |
| 3 | पावर लिफ्टिंग | महिला | 43 | 57 किग्रा. | 01 |
| 4 | लॉन टेनिस | पुरूष | 44 | खिलाड़ी | 01 |
| | | | | कुल योग | 05 |

• उपरोक्त कोटा उन सभी अभ्यर्थियों के लिए है, जो निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। • आवेदन का निर्धारित प्रारूप एवं अन्य विवरण जैसे शैक्षणिक योग्यता, उम्र, चयन की प्रक्रिया, परीक्षा शुल्क तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों इत्यादि के साथ रोजगार सामाचार, नई दिल्ली दिनांक 15 जनवरी 2025 के अंक में उपलब्ध है। यह सूचना रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज की अधिकृत वेबसाईट www.rrcpryj.org पर दिनांक 06.01.2025 से उपलब्ध होगी। अभ्यर्थीगण इस संबंध में विस्तृत जानकारी व दिनांक 08.01.2025 से ऑनलाईन फार्म भरने हेतु इस कार्यालय की अधिकृत वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

अध्यक्ष
रेल भर्ती प्रकोष्ठ/उमरे/प्रयागराज

32/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# बिना स्वार्थ की भक्ति ही करवाती है भवसागर पार : सागर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर के प्रथमेश गार्डन में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिर शुक्रवार को यजमान परिवार महेंद्रपालसिंह, नरेंद्रपालसिंह एवं विजयपालसिंह ने पूजा अर्चना करवाई। कथावाचक संतोषसागर ने कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमीर भव उतरही पारा की व्याख्या करते हुए बताया कि मनुष्य शरीर मिलना दुर्लभ है, और उससे भी दुर्लभ है सत्संग और कथा का मिलना। भागवत कथा का सुनने का बहुत ही अधिक महत्व है। सागर ने कहा कि मनुष्य की प्रवृति है जो नहीं मिला उसके लिए दुखी होते है। जबकि जो प्राप्त है। उसके लिए आनंदित होना चाहिए। भागवत में मन लगाने से ही कल्याण हुआ है। मीरा, नरसी मेहता, धन्ना जाट, कर्माबाई एवं सबरी एवं अन्य संतों का उदाहरण देते हुए भागवत रसपान का वृतांत बताएं।





उन्होंने कहा कि भगवान की अहेतु की भक्ति का वर्णन करते हुए बिना स्वार्थ बिना अपेक्षा की भक्ति ही भवसागर से पार करा देती है। उन्होंने राजा परीक्षित को भागवत कथा का श्रवण का वृतांत बताए। उन्होंने बताया कि जीवन में दो ही महत्व के क्षण है एक जन्म एवं दूसरा मृत्यु। इसके बाद विदुर के बारे में जानकारी दी। कथा में जगदीशसिंह गुर्जर, केशव मिश्रा, ओंकारसिंह उदावत, राजेंद्रसिंह राठौड़, अंबालाल माली, सुरेंद्र त्रिवेदी, भगवतीलाल ओझा, रामचंद्र प्रजापत, शैतानसिंह, अथर्व, आयुष, द्रव्या, महेंद्रपालसिंह, नरेंद्रपालसिंह, विजयपालसिंह, राम सुथार, शशि मिश्रा, सरिता मिश्रा, नीलमसिंह, उषासिंह एवं नमितासिंह आदि मौजूद थे।



## युवा मित्र संघर्ष समिति ने दिया ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** युवा मित्र संघर्ष समिति सिरोही (राजीव गांधी युवा मित्र) के जिलाध्यक्ष नवीन पूनिया के नेतृत्व में शुक्रवार को युवा मित्रों को बहाल करने को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि एक वर्ष पूर्व राजीव गांधी युवा मित्र को हटाने के बाद सरकार ने वर्तमान तक बहाल नहीं किया गया। वहीं इस वर्ष सरकार द्वारा अटल प्रेरक भर्ती निकालने की घोषणा की गई है। जिसमें पूर्ववर्ती राजस्थान सरकार में राजस्थान में 5 हजार युवा मित्रों को रोजगार मिला था। लेकिन, वर्तमान राजस्थान सरकार ने उन्हें नहीं हटाने का वादा किया था। फिर हटा दिया गया। जिससे युवाओं को काफी संकटों से गुजरना पड़ रहा है। पूर्ववर्ती राजस्थान सरकार ने राजीव गांधी युवा मित्रों की भर्ती की गई थी। इस मौके पर युवा संघर्ष समिति जिला महासचिव कमलेश मेघवाल, जिला सचिव नारायणलाल मीना, सदस्य एजाज हुसैन, तरूण कुमार, गणेशराम, नटवरसिंह, रफीक खान, चौपाराम, दिनेशसिंह के साथ कई युवा मित्र मौजूद रहे।

## शिविर में की 230 मरीजों की जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** राजयोग केन्द्र मंडार के सहयोग से ग्लोबल अस्पताल की ओर से सोरडा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 230 मरीजों को जांच की गई। मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 21मरीजों को आबूरोड भेजा गया। शिविर का शुभारंभ सरपंच लेहराराम भाट एवं बीके शैल ने किया। समाजसेवी प्रागाराम चौधरी, रावताराम चौधरी, मंछाराम पुरोहित, कैलाश सेन, शांतिभाई चौधरी, जयाभाई चौधरी, प्रवीण सिंदल, सहायक पिन्टू मेघवाल, फरजाना बानो, संतोष आदि उपस्थित थे ।

## ग्रामीणों को दी यातायात नियमों की जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** बारेवडा में शुक्रवार को पालड़ी एम थानाधिकारी हुकम सिंह ने ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी दी। सिंह ने कहा कि जब भी किसी प्रकार की घटना घटित होने पर तुरंत थाने से संपर्क करें या 100 नंबर पर कॉल करके सूचना देवे। अनजान व्यक्तियों से कॉल आने पर रिसीव न करने की सलाह दी अगर अनजान व्यक्ति कोई भी कॉल करें तब किसी भी प्रकार की उनको जानकारी ना देवे। भाजपा मीडिया प्रभारी मनोहरसिंह देवड़ा, पंचायत कनिष्ठ अमरसिंह राठौड़, हैड कांस्टेबल वीरेंद्रसिंह डूडी, शंकरवन, पकाराम, मांगीलाल, फूलसिंह समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** जेआर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन में स्वयं सेवकों ने गोद ली बस्ती नवा अरठ में श्रमदान किया। प्राचार्य डॉ. जेएस पवार, एनएसएस प्रभारी नरेश कुमार, खुशवंतसिंह, हिंगलाजदान, देवेंद्रसिंह, ताराराम उपस्थित उपस्थित थे।

## जन्मदिन पर किया पौधरोपण




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** एक व्यक्ति एक पौधा मिशन की ओर से जन्म दिवस पर पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत ने मॉडर्न डिफेन्स हॉस्टल के निदेशक जगजीतसिंह राजपुरोहित, मॉडर्न डिफेन्स स्कूल के सहायक निदेशक भानुप्रतापसिंह राजपुरोहित ने तुलसी व संतरे का पौधा विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर जागरूकता का संदेश दिया। मॉडर्न डिफेन्स स्कूल निदेशक नरेंद्रसिंह राजपुरोहित, महावीरसिंह, जब्बरसिंह, दीपक अग्रवाल, अश्विन परमार, रीटा त्रिवेदी, नेहा चौधरी आदि मौजूद थे।

## जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक 16 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरुवार को डीओआईटी हॉल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी एडीएम ने दी।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में रविवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्य स्तर के कार्य' म को वर्चुअल देखा जाएगा। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को उत्तर दायित्व आवंटित किए है।

## राममंदिर की वर्षगांठ पर आज होंगे कई आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** रामजन्म भूमि अयोध्या में प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ हिंदू गौरव दिवस के रूप में शनिवार को हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। सदर बाजार स्थित खंडेलवाल समाज मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण सहित कई कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी खंडेलवाल सेवा संघ सिरोही के लोकेश खंडेलवाल ने दी।

## जय आबूराज सेवा संस्थान ने 550 विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जय आबुराज सेवा संस्थान की ओर से शुक्रवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दाता फली मांडवाड़ा खालसा के 300 विद्यार्थियों को सर्दी से राहत के लिए स्वेटर वितरित किए। इसके अलावा केर ग्राम पंचायत के कालाबोर में विद्यार्थियों एवं जरुरतमंद महिलाओं को 250 स्वेटर वितरित किए।

इस दौरान संस्थान के निदेशक मोहनलाल माली, माली समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष हीरालाल माली, विहिप जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली, राजेन्द्रसिंह, निर्मल पुरोहित, श्रीमती अंजू चौहान, अनाज किराणा व्यापार अध्यक्ष खेताराम माली, रमेश माली, धर्माराम माली, डूंगाराम माली, निकिता कंवर आदि मौजूद थे। विद्यालय के शिक्षक गोविंदसिंह चौहान ने मंच संचालन कर विद्यालय की जानकारी दी। जय अबुराज सेवा संस्थान के हीरालाल माली एवं मोहनलाल माली रायपुरिया वालों ने बच्चों को अपने कॅरियर के बारे में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभुराम कलबी ने सभी का आभार जताया। सरपंच मधु बेन गरासिया, प्रधानाचार्य कालूराम गरासिया, दीपाली चौधरी, नारायणलाल मीणा, दोलत मीणा, गणेशराम गरासिया,बदाराम गरासिया, एसमसी अध्यक्ष केसाराम गरासिया, सोमाराम गरासिया, मनराराम गरासिया, धनाराम, किरण कंवर, राजेन्द्र अहिर, सुमित्रा कुमारी, शिव गर्ग, मनुजकुमार, सुनीलकुमार, सुरेश गर्ग सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## उच्च चिकित्सा सुविधा से मिलेगी मरीजों को राहत : देवासी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही** राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के प्रयासों से सिरोही विधानसभा क्षेत्र के गोयली, मांकरोड़ा व डोडूआ उपकेन्द्रों पर 1.5-1.5 करोड़ की लागत से भवन बनेंगे।



राज्यमंत्री देवासी ने बताया कि सिरोही वासियों की सुख सुविधाओं के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास करना हमारी प्राथमिकता है। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि गांवों में चिकित्सा सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए राज्यमंत्री ओटाराम देवासी प्रयास कर रहे है। जिससे आने वाले समय में सिरोही में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं सरकारी स्तर पर मिल सकेगी। खत्री ने बताया कि राज्यमंत्री देवासी पर सिरोही की जनता जनार्दन का आशीर्वाद होने से ही लोगों की समस्या को दूर करने व गांवों के लोगों को हर सुविधा मिले इसके लिए प्रयास कर रहे हैं।

## जिला कारागृह में भेदभाव संबंधी जांच को लेकर किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** विजिटर्स बोर्ड तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमती रूपा गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कारागृह में भेदभाव संबंधी जांच को लेकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विजिटर्स बोर्ड के सदस्य जिला कलक्टर श्रीमती अल्का चौधरी, जिला पुलिस अधिक्षक के प्रतिनिधि उप अधीक्षक मुकेश चौधरी, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी राजेन्द्र पुरोहित, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अजित जैन, कृषि उप निदेशक तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान बंदियों से खासतौर पर जाति, धर्म व सामाजिक स्तर जुड़े भेदभाव के संबंध में बातचीत की। साथ ही बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं के संदर्भ में जानकारी ली। बंदियों ने इन सभी विषयों पर किसी प्रकार का विरोधाभास नहीं दिखाया। कहा कि यहां किसी प्रकार का भेदभाव सामाजिक, जातिगत धर्म के स्तर पर नहीं किया जाता। ना ही इस मानदंड के अनुसार बैरक ही निर्धारित किया गया है। सभी के लिए समान सुविधाएं लागू है।

### इसलिए दिए कारागार के जांच के आदेश

दरअसल, सामाजिक संस्था सुकन्या बनाम भारत सरकार के मामले (रिट याचिका संख्या 1404/23) में जेलों में जातिगत वर्गीकरण की शिकायत पर अदालत ने सभी जेलों में जांच का आदेश दिया है। इस आलोक में जांच के लिए पंहुचे थे। उन्होंने इस दौरान कारागृह की साफ-सफाई, विधि व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की। कारागार अस्पताल का भी निरीक्षण किया। साथ ही जेल कमियों के साथ आवश्यक बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के उपरांत उन्होंने बताया कि कारागार में कहीं गंदगी नहीं मिली। किसी बंदी में हेल्थ से जुड़ी समस्या नहीं मिली।

# रोजगार सहायता शिविर में उमड़ी बेरोजगारों की भीड़




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला रोजगार कार्यालय परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचन्द्र अग्रवाल ने किया। उन्होंने आशार्थियों को घर का मोह छोड़कर रोजगार में अपना हुनर दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा अपने कौशल में निखार लाने के लिए प्रेरित किया। इस रोजगार मेले में 500 अभ्यार्थियों में से 225 का रोजगार एवं 50 का अप्रेंटिसशिप के रूप में प्रारम्भिक चयन किया गया। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, एसआईपीएफ के उप निदेशक दीपेन्द्रसिंह राठौड़, लेखाधिकारी भूपेन्द्र मकवाना, पिंडवाडा विकास अधिकारी नवलाराम, भरत कुमार, प्रवीण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला रोजगार अधिकारी राजूसिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया।

# समारोह पूर्वक मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : सापेला

### कार्यक्रमों के पूर्व तैयारी बैठक का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश राय सापेला ने कहा कि गणतंत्र दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए अधिकारी गणों को सौपे गए दायित्वों की पालना निष्ठा से करना सुनिश्चित करें। एडीएम सापेला ने शुक्रवार को आत्मा सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह के संबंध में तैयारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि इस राष्ट्रीय पर्व को समारोह पूर्वक मनाए जाने के लिए अधिकारियों को जो भी दायित्व सौंपे गए है। उनकी पालना निष्ठापूर्वक हो। उन्होंने कहा कि मनाए जाने वाले कार्य मों के लिए जो प्रभारी नियुक्त किए गए है, वे आपसी तालमेल से कार्य करें। बैठक में विभिन्न विभाग को झांकियों के प्रदर्शन के संबंध में जिम्मेदारी निर्धारित की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग में निर्धारित मापदंड की पूर्ति करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत करने के प्रस्ताव 22 जनवरी तक कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें । 16 जनवरी से सामूहिक मार्च पास्ट एवं अन्य पूर्वाभ्यास करना प्रारंभ कर दें। नगर परिषद के अधिकारी को पवेलियन की सफाई तथा पूर्वाभ्यास के लिए पेयजल व्यवस्था करने व महापुरुषों की लगी मूर्तियां व ऐतिहासिक स्थलों की साफ-सफाई व रोशनी की व्यवस्था, सार्वजनिक निर्माण विभाग को पवेलियन में अतिथियों के लिए बैठने आदि की व्यवस्था सहित अन्य निर्धारित जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने प्रत्येक कार्य के लिए जिम्मेदारी निर्धारित कर निगरानी व्यवस्था को पुख्ता रखने के निर्देश भी दिये। उन्होंने जिलास्तरीय समारोह में सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन एवं लोक सांस्कृतिक नृत्य की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ने कहा कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम को समयबद्ध रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत, तहसीलदार जगदीश कुमार, कोतवाल कैलाशदान आदि मौजूद थे।



***आबूरोड।*** *पार्षद अर्जुनसिंह ने पालिका ईओ को ज्ञापन देकर गणतंत्र दिवस पर कवि सम्मेलन करवाने व विद्यालयों में नुक्ती वितरण की मांग की। ज्ञापन के अनुसार ज्ञापन के अनुसार 76वां गणतंत्र आगामी 26 जनवरी को मनाया जाएगा। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा अमृत काल भी मनाया जा रहा है। लेकिन, पालिका द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर बड़े आयोजन नहीं किए जाते है। जिनमें शहर की एवं आसपास की जनता भाग ले सके। इसी के चलते एक शाम शहीदों के नाम पर विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाए। जिसमें देश के ख्यात नाम हास्य, वीर व श्रृंगार रस के कवियों को आमंत्रित किया जाए। साथ ही विद्यालयों में पालिका की ओर से मिष्ठान का वितरण किया जाना चाहिए।*

## रात्रि चौपाल में होगा आमजन की समस्याओं का समाधान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** आमजन की समस्याओं व उनके समाधान के लिए माह जनवरी में ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि 13 जनवरी को पंचायत समिति शिवगंज की ग्राम पंचायत रूखाडा में, 15 को पिंडवाड़ा की ग्राम पंचायत केर में, 22 को आबूरोड की ग्राम पंचायत पाबा में तथा 30 को रेवदर की ग्राम पंचायत पादर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएग।

## कृषि उप निदेशक तनेजा ने की जैविक खेती करने वाले किसानों से मुलाकात

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला उप निदेशक कृषि (विस्तार) संजय तनेजा ने सिरोही और रेवदर तहसील क्षेत्र के गांवों में कृषि विभाग द्वारा दी जा रही है योजनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने ने तेलपीखेड़ा, सरतरा, खेरुआडा और अनादरा गावों में जैविक आधारित खेती, जल उपभोक्ता समूह, फव्वारा संयंत्रों के उपयोग करने वाले किसानों से मिलकर विभागीय योजनाओं का अवलोकन किया। उप निदेशक तनेजा ने कृषि और उद्यान विभाग की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी के बारे में किसानों को जानकारी दी। तेलपीखेड़ा के रहने वाले किसान भूराराम ने बताया कि सभी किसानों की तरह यूरिया का खेत में इस्तेमाल करता था। पिछले एक वर्ष से जैविक खेती के तहत जीवामृत बनाकर गेहूं की खेती, मक्का और सरसों में उपयोग किया। जिससे विभिन्न प्रकार के फायदे नजर आ रहे हैं। सीएमएफ संस्था से कार्मिक गणपतसिंह कुंपावत, पंकज अग्रवाल, संदीपसिंह, कमल शुक्ला, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार, मोहन मीणा, हड़मतसिंह, कृषि पर्यवेक्षक कृष्णगंज मोहनलाल प्रजापत और ग्रामीण भुराराम, अमिया देवी, कांता देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



# शहर में घने कोहरे से दृश्यता हुई कम, कड़ाके की ठंड में ठिठुरे लोग, गौ सेवा संघ ने दिया ज्ञापन



## कलेक्टर करें गोवंश और आवारा जानवरों की सुनवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड क्षेत्र में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदला है। गुरुवार की देर रात से घने कोहरे के आगोश में पूरा शहर डूबा हुआ है, ऐसे में सुबह सबेरे घूमने जाने वाले लोग जहां परेशान हुए हैं। वहीं शुक्रवार से खुल रहे नोनिहालों के स्कूल को लेकर अभिभावक परेशान नजर आये। जिला कलेक्टर ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए दो दिन के लिए आठवीं कक्षा तक के बच्चों की छुट्टी की थी। सैनिक सेवा परिषद के पूर्व अध्यक्ष मेजर मुकेश शर्मा ने बताया कि कड़ाके की ठंड में जहां गलन बढ़ी है,वहीं कोहरे के चलते दृश्यता कम हो गई है, ऐसे में वाहनों को जहां अग्रदीपों को प्रकाशित कर कम स्पीड में चलना पड़ रहा है।वही ठिठुरन बढ़ने से लोग परेशान हैं। सुबह सबेरे घूमने जाने वाले लोगों की संख्या भी एकाएक कम हो गई है। गोवंश और आवारा जानवर इस कड़ाके की ठंड से परेशान है,क्योंकि इस बार नगर पालिका प्रशासन द्वारा उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं की है। पूर्व में शहर के किला स्थित कोतवाली थाने के पुराने भवन में इनको अस्थाई रूप से रखा जाता था,जहां अलाव और चारे पानी की व्यवस्था होती थी।

**गौ सेवा संघ ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन :** गौ सेवा संघ के शुभम भारद्वाज,डॉ आशुतोष शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा अटल जनसुनवाई शिविर में गुरुवार को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को ज्ञापन दिया है। उक्त ज्ञापन में मांग की है,कि आवारा जानवरों और गोवंश को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए अलाव की व्यवस्था की जाए और किला स्थित कोतवाली थाने के पुराने भवन में उनके लिए अस्थाई गौशाला शुरू की जाए। जिसमें चारे- पानी की भी व्यवस्था हो। अन्यथा गोवंश और आवारा जानवर कड़ाके की ठंड में मौत का शिकार होंगे।

**और बढ़ेगी सर्दी,मौसम विभाग का अलर्ट :** मौसम विभाग द्वारा जो अलर्ट जारी किया गया है,उसमें और सर्दी बढ़ने के साथ बारिश की भी संभावना जताई है। ऐसे में लोगों ने चौराहों पर अलाव जलाने की मांग की है साथ में स्कूल की छुट्टियां और बढ़ाने की भी मांग की है।

### डीडवाना में धार्मिक एकता की मिसाल

# पीरबाबा के उर्स में हिंदू-मुस्लिम ने दिया भाईचारे का संदेश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना के शेख तालाब स्थित प्रसिद्ध दरगाह गनी पीर पर अल्हाज सैय्यद पीर अब्दुल गनी बाबा का 53वां तीन दिवसीय उर्स मेला सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में सभी धर्मों के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दरगाह दीवान अल्हाज फैजुल्लाह खां फैज और सज्जादानशीन सैफुल्लाह खान, असदुल्लाह खा के अनुसार, मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे। तीन दिनों तक चले इस उर्स में श्रद्धालुओं ने दरगाह परिसर में रहकर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। उर्स के अंतिम दिन शुक्रवार को आस्ताने में पवित्र गुस्ल की रस्म के बाद कुरान खानी और नात शरीफ का आयोजन हुआ। जावरा से आए प्रसिद्ध कव्वालों ने सूफियाना कलाम प्रस्तुत किए, जिसमें 'बाबा तेरा मेला बिछुड़ा जाए' कव्वाली ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। तीनों दिन निरंतर चले लंगर में स्थानीय समाजसेवियों ने सेवाएं दीं और श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की गईं। उर्स का समापन फातेहा खानी और देश में शांति व सौहार्द के लिए विशेष दुआ के साथ हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### चूरू जिला सहायक निदेशक सूचना एवं जन संपर्क विभाग कुमार अजय का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** विधानसभा समस्या एवं समाधान समिति द्वारा चूरू जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक कुमार अजय का पदोन्नति पश्चात सोल श्रीफल और मिठाई खिला कर स्वागत किया। संस्था समाधान में पहुंच कर सत्यनारायण व्यास, सचिन प्रमोद शर्मा, अधिकारी पंकज अग्रवाल मंगल, रामचंद्र गोयल, राजेंद्र, ललित चौहान, बुलकेश चौधरी, कुमार ने अजय का स्वागत किया। इस खुशी के अवसर पर प्रमोद शर्मा ने अपने विचार रखें। चूरू विधानसभा क्षेत्र के गांव घांघु निवासी कुमार अजय को हाल ही में डीपीसी द्वारा सहायक निदेशक से अप निदेशक पद पर पदोन्नत किया गया है। आमजन से जुड़ाव के कारण क्षेत्र के गांव और शहर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

### पीड़ित पक्षों को कुल 10.40 लाख रूपये का अवार्ड पारित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी तारानगर संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में कुल 10.40 लाख रूपये का आवार्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि तारानगर कस्बे के वार्ड 1 निवासी जयसिंह पुत्र ओमप्रकाश तथा झिण्डुराम मेघवाल दोनों मोटरसाईकल से डोकवा से झिण्डुराम की बुआ से मिलकर तारानगर अपने घर आ रहे थे। सुबह 7 बजे तारानगर-सरदारशहर रोड़ पर रामचन्द्र छाबड़ा के नोहरे के पास पहुंचे तो राजगढ की तरफ से ट्रक चालक ने विजयपाल निवासी ठुकरियासर ने ट्रक को तेज गति व लापरवाही से चलाकर मोटरसाईकल को टक्कर मारी जिससे जयसिंह की मौके पर मृत्यु हो गई। वार्ड पार्षद नगर अध्यक्ष भागीरथ भामी ने तारानगर थाने में उक्त घटना का मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर ट्रक चालक के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मृतक जयसिंह की ओर से न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो अनवानी गुड्डी देवी आदि बनाम दी न्यू इंडिया ई.क.लि. आदि पेश की। याचिका में न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को आपसी समझाईश कर लोक अदालत अदालत की भावना से गुड्डी देवी आदि के पक्ष में 10.40 लाख रूपये का आवार्ड पारित किया।

### एसएमसी और एसडीएमसी की बैठक हुई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोडावासी में समस्त पीईईओ क्षेत्र की एस एम सी और एस डी एम सी की बैठक प्राचार्य रामचंद्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। शिक्षक नेता मनोज पूनिया ने बताया कि माँगला, ढाणी कुम्हाराण व मोडवासी के कार्यकारिणी सदस्यों तथा अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक में नामांकन,जनसहयोग बढ़ाने,राशि भुगतान, विद्यालय से ग्रामीणों का जुड़ाव, अनुमोदन के पावर, नवाचार पर चर्चा हुई। प्रभारी जितेंद्र मीणा मास्टर ट्रेनर ने कार्ययोजना अनुसार प्रशिक्षण दिया। प्रधानाध्यापक प्रदीप मोठसरा ढाणी ने उत्कृष्ट परिणाम देने की बात कही।समस्त महिला पुरुष सदस्य मौजूद रहे।

### पुलिस ने 5.25 करोड़ के मादक पदार्थ नष्ट किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिला पुलिस ने भारत सरकार के राष्ट्रव्यापी मादक पदार्थ नष्टीकरण अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की। जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति के अध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के नेतृत्व में 5.25 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किए गए। जिले के 7 थानों से संबंधित 11 प्रकरणों में जब्त किए गए मादक पदार्थों में 20 क्विंटल 7 किलो डोडा पोस्त, 580 ग्राम हेरोइन, 540 ग्राम ब्राउन शुगर और 1.7 ग्राम एमडीएमए शामिल थे।कार्रवाई में एएसपी हिमांशु शर्मा, डीएसपी धरम पूनियां और थाना अधिकारी राजेंद्र सिंह समेत कई पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जिले में 34 प्रकरणों में लगभग 6 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ नष्ट किए जा चुके हैं।

### प्रशासन ने गांव बटेश्वर कला में खाली कराई दबंगों के कब्जे से 100 बीघा चरागाह भूमि

कई वर्षों से कर रखा था दो दर्जन आरोपियों ने कब्जा, फसल को कराया नष्ट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड की ग्राम पंचायत कुहावनी के बटेश्वर कला गांव के पास स्थित करीब 25 हेक्टेयर चारागाह भूमि को दबंगों के कब्जे से प्रशासन ने मुक्त कराया है। उक्त भूमि पर बोई गई फसल को पीला पंजा चलाकर और ट्रैक्टरों की सहायता से नष्ट किया है। उक्त कार्य में आधा दर्जन से अधिक पटवारी और भू-अभिलेख निरीक्षकों की टीम पिछले 7 दिन से लगी थी,जो मौका पैमाइश और रिपोर्ट तैयार करने के बाद अब ऑपरेशन में जुटी है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार उत्तमचंद बंसल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई है। बाड़ी तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि उपखंड की ग्राम पंचायत कुहावनी में 2 जनवरी को ग्रामीण जनसुनवाई का आयोजन किया गया था। उक्त जनसुनवाई के दौरान गांव निवासी किसान रघुवर दयाल मीणा पुत्र खुमानीराम मीणा ने शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत के खसरा नंबर आरजी 381/183 पर जिसका रकबा करीब 25 हेक्टेयर है। उक्त भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है,ऐसे में ग्रामीणों को अपने पशुओं को चराने में बड़ी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि उक्त शिकायत को लेकर जिला कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व टीम का गठन किया गया। जिसमें भू-अभिलेख निरीक्षक हरवेंद्र सिंह के साथ पटवारी महावीर सिंह,मानवेंद्र सिंह,दीपक गौड़,कुलदीप सिंह और अमित कुमार की टीम ने पिछले 7 दिन में मौके पर पैमाइश के साथ रिपोर्ट तैयार की। जिसमें करीब 25.23 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण पाया गया,जहां फसल उगाई हुई थी, ऐसे में उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए आज टीम द्वारा कार्रवाई की गई है। जिसमें पांच ट्रैक्टर और दो जेसीबी मशीन चलाकर फसल को नष्ट किया है और अतिक्रमण को हटाया गया है।उक्त कार्य के दौरान कंचनपुर पुलिस का विशेष सहयोग रहा है।

# नेशनल खिलाड़ी पूजा स्वामी का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में शहीद शक्ति सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हडियाल की छात्रा पूजा स्वामी जब राष्ट्रीय वॉलीबॉल राजस्थान छात्रा टीम 19 वर्षीय में विजयवाड़ा से खेल कर वापिस लौट कर आने पर शहीद शक्ति सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हडियाल में स्टॉफ सदस्यों द्वारा और ग्राम वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। साथ ही कोच संजय धुआं और पूजा स्वामी के घर वालों को भी सम्मानित किया गया। गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के मंत्री इन्दु कुमार गोस्वामी ने कहा कि पूजा स्वामी जैसी बेटियों को तैयार करने से ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटियों को सशक्त बनाओ, बेटियों को खिलाओ कार्यक्रम सफल बनाया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़ ने दूरभाष पर पूजा स्वामी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कमाना की और अन्य खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ा कर अपने चूरू जिले और राजस्थान का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजपाल, मुकेश कुमारी, हरफूल, विजय, मुस्ताक, जागेराम, इन्दु कुमार गोस्वामी, रामवतार बैरसरिया सुभाष सिंह, धर्मपाल, कमलेश मीणा, अनिला, बलबीर कांगड़ा, मांगे राम, राजवीर, विनोद कुमार, महेंद्र, विद्याधर स्वामी, ओम प्रकाश स्वामी, गिरधारी सिंह राठौड़, मुकेश गुर्जर, राकेश, पूजा, सुमित्रा, गायत्री गुर्जर, कोमल, पायल, हरीश, करिश्मा, मोनिका,नंदनी, नरेंद्र सिंह राठौड़, देबू गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# डंपिंग यार्ड में विरासत अपशिष्ट के निस्तारण का कार्य शुरू

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**फुलेरा।** कस्बे की नरेना रोड स्थित उपकारग्रह के समीप डम्पिंग यार्ड के कचरे के निस्तारण की कवायद हो गई है। जिससे डम्पिंग यार्ड के कचरे से उठने वाली बदबू व पर्यावरण प्रदूषण तथा इससे उत्पन्न बीमारियों से निजात मिल सकेगी। गौरतलब रहे कि अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जयपुर जिला अजीत कुमार हिंगर द्वारा कुछ समय पूर्व जेल का निरीक्षण किये जाने के समय जेल के समीप स्थित डम्पिंग यार्ड से उत्पन्न बदबू के मामले में संज्ञान लेकर इस संदर्भ में डम्पिंग यार्ड के कचरे के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए थे। जिस संदर्भ में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सांभर लेक अरविन्द कुमार जांगिड़ के द्वारा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जयपुर जिला अजीत कुमार हिंगर के निर्देशानुसार स्थानीय पालिका अधिशाषी अधिकारी को इस संदर्भ में शीघ्रता से डम्पिंग यार्ड के कचरे के निस्तारण के संबंध में कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। तत्कालीन अधिशासी अधिकारी के द्वारा यह बताया गया कि डम्पिंग यार्ड में पडे हुए विरासत अपशिष्ट के निस्तारण का कार्य फर्म को दिया गया है। वर्तमान अधिशासी अधिकारी शिवराज के द्वारा जाहिर किया गया है कि डम्पिंग यार्ड में मशीनरी स्थापित कर विरासत अपशिष्ट के निस्तारण का कार्य करीब एक माह में पूर्ण करवा दिया जाएगा। अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्र.स. 1) सांभर लेक अरविन्द कुमार जांगिड़ के द्वारा गुरुवार को सायंकाल यार्ड का अधिशाषी अधिकारी शिवराज कृष्णा की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया । तथा डम्पिंग यार्ड स्थल पर (विरासत अपशिष्ट) के निस्तारण हेतु मशीन स्थापित कर निस्तारण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों की हुई नेत्र जांच



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को रिडकोर परियोजना निर्देशक कैप्टन जितेंद्र सिंह शेखावत के निर्देशन में मंगलाना टोल प्लाजा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया । रिडकोर मंगलाना टोल प्लाजा मैनेजर खुर्शीद अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों की आंखों की निशुल्क जांच की गई व सड़क सुरक्षा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वृत्ताधिकारी मकाराना भवानी सिंह शेखावत, अनिल चौधरी परिवहन निरक्षक कुचामन, दिलीप भादू पीएमओ परबतसर, आबिद हुसैन, विकास कुमार रिडकोर इंजीनियर पवन शर्मा , हरेंद्र राव, कोशल कुमार, प्रशांत शर्मा, टोल मैनेजर पिंटू सिंह, कमल जोशी,पैट्रोलिंग इंचार्ज रामेश्वर, हुकमाराम व अन्य टोल प्लाजा स्टाफ मौजूद रहे ।

# वारदात के इरादे से घूम रहे दो बदमाशों को दबोचा

## दो देसी तमंचों सहित चार जिंदा कारतूस बरामद, आभूषण एवं नगदी को भी किया जप्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**बाड़ी।** धौलपुर जिले की बाड़ी सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात के इरादे से घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों के कब्जे से एक-एक देसी तमंचा सहित चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस ने चांदी के आभूषण व नगदी भी बरामद की है। बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि आईजी भरतपुर रेंज भरतपुर राहुल प्रकाश एवं धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देश में बदमाशों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को सदर थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना इलाके में धनौंरा गांव के रास्ते में दो बदमाश वारदात के इरादे से घूम रहे हैं और किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। मुखबिर की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस थाने से उपनिरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। साथ ही डीएसटी टीम को शामिल कर कार्रवाई करने के लिए मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर बदमाश 32 वर्षीय कल्ला उर्फ कल्याण पुत्र राजवीर कुशवाह निवासी बाबू का पुरा नगला वीधौंरा एवं 26 वर्षीय अनिकेत कुलश्रेष्ठ पुत्र महेश कुलश्रेष्ठ निवासी गुमट मोहल्ला बाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि बदमाश कल्ला उर्फ कल्याण के कब्जे से एक अवैध 315 बोर का देसी तमंचा,दो जिंदा कारतूस सहित चांदी के आभूषण एवं 6500 रुपयों की नगदी भी बरामद की है। वहीं बदमाश अनिकेत कुलश्रेष्ठ के कब्जे से एक 315 बोर का देसी तमंचा सहित दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। बदमाशों से पुलिस गहनता से अनुसंधान कर रही है। अनुसंधान में बड़े मामले खुल सकते हैं।

# राजस्थान पुलिस का पेपर लीक माफिया पर शिकंजा पेपर लीक पर एसआईटी का पहरा

## सरकार में युवाओं का विश्वास हुआ गहरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** प्रदेश में वर्ष 2023 तक विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के कारण युवाओं में व्याप्त निराशा को दूर करने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर राजस्थान पुलिस की 'स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम' (एसआईटी) ने विगत एक साल के दौरान एक के बाद एक अनेक प्रभावी कार्रवाइयों को अंजाम देकर नई नजीर पेश की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में नई सरकार का नेतृत्व संभालने के तुरंत बाद 16 दिसम्बर 2023 को हताश युवाओं के विश्वास को लौटाने की दिशा मे पेपर लीक से सम्बंधित प्रकरणों की गहन जांच एवं नकल गिरोह से जुड़े आरोपियों की धरपकड़ करने के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी के नेतृत्व में एसआईटी के गठन का निर्णय लिया था। एसआईटी ने प्रदेश में पेपर लीक की रोकथाम के लिए इस सम्बन्ध में दर्ज मामलों में न केवल जाँच को त्वरित तरीके से आगे बढ़ाया है, बल्कि दोषियों के विरूद्ध सख्त से सख्त एक्शन से जताया है कि राज्य सरकार युवाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राजस्थान पुलिस की एसआईटी ने पिछले एक साल के अंतराल में पेपर लीक के अनेकानेक अपराधियों और पेपर लीक के मामलों में सम्मिलित गैंग के सरगनाओं की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट संदेश दिया है कि प्रदेश में कानून के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसआईटी की निर्णायक कार्रवाईयों से बने माहौल के बीच प्रदेश में गत एक साल में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की 145 एवं राजस्थान अधीनस्थ सेवा बोर्ड (आरएसएसबी) की 25 परीक्षाएं बिना पेपरलीक पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई है। डीजीपी साहू ने बताया कि प्रदेश में जेईएन पेपर लीक एवं उप निरीक्षक पुलिस एवं प्लाटून कमान्डर भर्ती परीक्षा—2021 के पेपर लीक में सम्मिलित मुख्य गैंग सरगनाओं के साथ-साथ उनके सहयोगी तथा गलत तरीके से लाभान्वित हुए परीक्षार्थियों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से अनेक आरोपी वर्तमान में भी सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने बताया कि एसआईटी द्वारा परीक्षाओं में गड़बड़ी और अनियमितताओं के बारे में अलग—अलग स्त्रोतों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर 2300 से अधिक परिवादों की जांच की जा रही है। अब तक 94 एफआईआर दर्ज की गई है, वहीं पेपर लीक मामलों में 244 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, इनमें से 176 आरोपी मौजूदा समय में जेल में है। अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) पुलिस, एटीएस और एसओजी तथा एसआईटी के प्रमुख वीके सिंह ने बताया कि प्रदेश में कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान एसओजी के थाने पर पेपर लीक, डमी अभ्यर्थियों के सहारे चयन तथा प्राइवेट विश्वविद्यालयों द्वारा फर्जी डिग्री सर्टिफिकेट थोक में जारी करने और इनका बड़े स्तर पर इस्तेमाल करते हुए सरकारी नौकरियां प्राप्त करने से जुड़ी 91 एफआईआर रजिस्टर की गई। उन्होंने बताया कि एसआईटी की जांच में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाकर अनुचित साधनों के प्रयोग से चयनित होने वालों की संख्या बहुत अधिक होने का खुलासा हुआ। यह भी एक पेपर लीक जैसी गम्भीर समस्या थी, जो कि अब तक दबी हुई थी। एसआईटी ने इसे उजागर कर परीक्षा प्रणाली में सुधार करवाए हैं। ईओ—आरओ परीक्षा में पेपर लीक एवं अनुचित साधनों के उपयोग का पर्दाफाश एडीजी एसओजी एवं एटीएस सिंह ने बताया कि एसआईटी ने आरपीएससी द्वारा आयोजित अधिशाषी अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी(ईओ/आरओ) भर्ती परीक्षा—2023 की जांच कर 20 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए इनमें पेपर लीक एवं अनुचित साधनों के उपयोग का पर्दाफाश भी किया है, राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा इस परीक्षा को निरस्त कर पुनः आयोजन की घोषणा की गई है। इसके साथ ही बेकरिया पेपरलीक प्रकरण में दिसम्बर 2022 में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 के सिलसिले में थाना बेकरिया जिला उदयपुर में गिरफ्तारशुदा 06 मुल्जिमों की जमानत याचिका माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर पीठ द्वारा सुनवाई के बाद अगस्त 2024 में खारिज की गई। ये मुल्जिम वर्ष 2023 से न्यायिक अभिरक्षा में है। सिंह ने बताया कि एसआईटी की जांच में ज्ञात हुआ कि पेपर लीक करने एवं डमी अभ्यर्थी की सहायता से चयन कराने वाले गैंग द्वारा बिना योग्यता वाले अभ्यर्थियों का अनुचित साधनों से चयन करवा दिया जाता था। परीक्षा का फार्म भरते समय उनके द्वारा यह घोषणा की जाती थी कि कि वे अमुक विश्वविद्यालय से अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हैं किन्तु वे वास्तव में विद्यार्थी नहीं हो कर चयनित होने पर किसी प्राईवेट यूनिवर्सिटी से फर्जी डिग्री लाकर एवं अनुचित तरीकों से बड़ी संख्या में सरकारी नौकरी प्राप्त कर लेते थे। एसआईटी द्वारा ऐसे विश्वविद्यालयों के खिलाफ गहनता से छानबीन बाद मुकदमा दर्ज किया गया है एवं जाँच प्रगति पर है। ऐसे प्राईवेट विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, दलालों एवं कई लाभार्थियों को गिरफ्तार किया गया है और वे अभी भी जेल में बन्द है। साथ ही एसओजी ने खेलों में फर्जी प्रमाण पत्र का कारनामा गोरखधंधा उजागर कर इसमें संलिप्त आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है।

### कलेक्टर से मिले युवा मित्र संघर्ष समिति पाली के सदस्य

# 5000 युवा मित्रों को समायोजित करने की मांग

### ▶▶ सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** युवा मित्र संघर्ष समिति पाली के युवा मित्रों ने युवा मित्र संघर्ष समिति पाली के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार नेतरा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर आगामी अटल सेवा प्रेरक भर्ती में कुशल एवं दक्ष राज्य भर के 5000 युवा मित्रों को समायोजित करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार नेतरा ने बताया की वे गत सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में कार्यरत थे। हमारा मुख्य कार्य राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन में प्रसारित करते हुए गांव ढाणियों में अंतिम छोर पर बसे पात्र व्यक्तियों एवं परिवारों को योजनाओं से लाभावित करवाना था। युवा मित्र पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से कार्य बखूबी कर भी रहे थे।

## दिसंबर 2023 को आया था आदेश

मगर राजस्थान में नई सरकार बनते ही 25 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री के एक काले आदेश आने की वजह से राज्य भर के 5000 युवा मित्र बेरोजगार हो गए। राज्य भर बेरोजगार हुए युवा मित्रों ने जयपुर शहीद स्मारक पर लगातार 72 दिन धरना प्रदर्शन किया। मंत्री किरोड़ी बाबा के वहां पर सात दिन अनशन भी किया परंतु सरकार द्वारा लगातार अनदेखी के चलते युवा मित्र हतोत्साहित हो गए और जयपुरिया अस्पताल के पास पानी की टंकी पर चढ़ गए। तब प्रदेश कार्यकारिणी और सरकार के मध्य समझौता हुआ था जिसमें लोकसभा की आचार संहिता खत्म होने के तुरंत बाद युवा मित्रों को पुनः बहाली देने की बात बनी थी तब जाकर युवा मित्रों ने टंकी से उतरकर धरना स्थगित करा था। तब से लेकर आज तक युवा मित्र लगातार सरकार से पुनः बहाली की मांग कर रहे हैं।

आज कलेक्टर महोदय दिए ज्ञापन में उन्होंने बिना विलंब युवा मित्रों को रोजगार देने की मांग उठाई है। ज्ञापन से पूर्व जिलेभर से पहुंचे युवा मित्रों ने नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। जिलेभर के युवा मित्र हाथों में तख्तियां लेकर रोजगार दो... रोजगार दो। युवा मित्रों को रोजगार दो!! प्रदेशवासी करें पुकार,

युवा मित्रों को अटल सेवा प्रेरक में करो बहाल!! युवा मित्रों को बहाल करो अटल सेवा में समायोजन करों की तख्तियां और बैनर लेकर जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान सोजत ब्लॉक अध्यक्ष रुपाराम सुरायता, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पंवार कलाली, भरत कुमार बाली, सरोज कुमार रानी, रमेश राठौर गोगरा, शरीफ खां मारवाड़ जंक्शन, रुपाराम रायपुर, महेंद्र चौधरी, मोहसिन अली डायर पाली, रेखा, रिया, यामिनी, रेखा मेघवाल, रजिया हुसैन सहित जिलेभर के युवा मित्र उपस्थित रहे।

### अटल सेवा प्रेरक में समायोजन का स्वागत

जिलाध्यक्ष सुरेश नेतरा ने बताया कि भजनलाल सरकार द्वारा प्रदेश भर में साढ़े ग्यारह हजार अटल सेवा प्रेरक लगाए जाने की घोषणा स्वागत योग्य है। इसमें पिछले दो सालों से कार्यकुशल एवं अनुभवी 5000 युवा मित्रों को वरियता देकर पिछले एक वर्ष से भी ज्यादा समय से रोजगार हेतु संघर्षरत युवा मित्रों को खुशियां लौटानी चाहिए।

### दो युवा मित्रों की मृत्यु

सरकार द्वारा बेरोजगार किए जाने से मानसिक तनाव होने से दो युवा मित्रों की मृत्यु भी हो चुकी है। जिसमें राजकुमार गुप्ता लालसोट, दौसा एवं रविंद्र चौधरी सोजत पाली है। दोनों युवा मित्रों के घरों में छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।

### सुमेरपुर घांची समाज संगठन

# पदाधिकारियों ने की राठौड़ से मुलाकात

### जयपुर में छात्रावास में सहयोग का आश्वासन मिला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** घांची समाज के विभिन्न संगठन पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जयपुर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर पाली, सिरोही में संगठन को लेकर चर्चा की।

आनंद पूर्णानंद बालिका विद्यापीठ छात्रावास संस्थान अध्यक्ष भंवर परमार शिवगंज, उपाध्यक्ष हिरालाल भाटी पोमावा, घांची समाज महासभा खांगड़ी अध्यक्ष आनंद सोलंकी, घांची समाज शिक्षा समिति सुमेरपुर-शिवगंज सचिव सुरेश परमार ने प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का माला व साफा पहनाकर एवं भगवान श्रीराम का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान आनंद पूर्णानंद छात्रावास निर्माण संबंधित एवं आगामी राम नवमी पर आयोजित मेले को लेकर प्रदेशाध्यक्ष को जानकारी देते हुए आगामी दिनों में सुमेरपुर आगमन पर उन्हें छात्रावास का अवलोकन करने का आग्रह किया।

प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि जल्द आगामी सुमेरपुर कार्यक्रम होगा तब जरूर दौरा करूंगा।

प्रदेशाध्यक्ष ने समाज को लेकर चर्चा करते हुए घांची समाज के संगठन पदाधिकारियों से कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को हम सभी को मिलकर मिटाना होगा। मृत्यु भोज बंद करने, दहेज प्रथा मिटाने, नशा मुक्त समाज बनाने के लिए प्रयास करने होंगे। जब तक ये कुरीतियां नहीं मिटेगी समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर नहीं होगा।

### तोगावास में बस स्टैंड भूमि शिलान्यास



**देसूरी।** गुंदोज ग्राम पंचायत के तोगावास मैन बस स्टैंड के लिए राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा स्वीकृति राशि द्वारा शुक्रवार को बस स्टैंड भूमि का शिलान्यास पूर्व यूआईटी चेयरमैन संजय ओझा और गुंदोज मंडल अध्यक्ष मांगूसिंह डेंडा द्वारा किया गया। विरेंद्रसिंह ने बताया की इस मौके पर गुंदोज सरपंच दिनेश बंजारा, रघुनाथसिंह रावणा, विरेंद्र मादड़ी, नंदकिशोर शर्मा, रामेश्वरलाल शर्मा, कुपाराम सीरवी, भंवरलाल ढाबर आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षेप्त खबरें

### महाआरती व भजन संध्या आज

**खिंवाड़ा।** कस्बें में शनिवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर रावला चौक स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में खिंवाड़ा व्यापार संघ, खिंवाड़ा बालाजी ट्रस्ट, विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 1001 दीपों के संग भव्य महाआरती व पांच हजार दीपक जलाकर वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के मंगलेश प्रजापत व खिंवाड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ ने दी।

### एकादशी को किया दान-पुण्य

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बें सहित समूचे अरावल क्षेत्र में शुक्रवार को पुत्रदा एकादशी के मौके पर श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया। वहीं संतान की कामना व संतान के सुखद भविष्य को लेकर महिलाएं व पुरूषों ने व्रत कर गौशालाओं में गोवंश को हरा चारा व गुड़ खिलाने के साथ कन्याओं को फल वितरण कर जरूरतमंदो को गर्म वस्त्र दान भी किए।

### खिंवाड़ा के बाजार आज बंद रहेंगे

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बें के सभी बाजार बाजार खिंवाड़ा व्यापार संघ के बैनर तले शनिवार 11 जनवरी को कस्बें के सभी बाजार बंद रहेंगे। खिंवाड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष दलपतसिंह राठौड़ ने बताया कि बंद के दौरान मेडिकल, पेट्रोल पंप व सब्जी मंडी खुली रहेगी।

### मोहम्मद अयूब बने प्रदेश सचिव

**बाली।** राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अतीक अहमद ने बाली निवासी मोहम्मद अयूब जई को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्ति प्रदान की हैं। इस खुशी में नव नियुक्त प्रदेश सचिव जई को डा. मोहम्मद शाहरुख खान जई, इब्राहिम खान जई, सलीम कुरैशी, अनीस कोटा, एडवोकेट वाहिद नूर उदयपुर, इंसाफ जई, दिलदार बग्स बागवान पाली, जाकिर हुसैन, सैयद अयूब अली, यूसुफ अली जैतारण, सैयद करीम अली, सैयद अल्फाज अली, सरफात अली, डा. शाहनवाज खान, डा. इरफान खान, सैयद सरफराज अली, यूसुफ मोहम्मद, सलीम अख्तर, आरिफ शैरानी, बहराम शैरानी, यासीन खान सहित सैकड़ों की संख्या में शुभचिंतकों ने बधाई दी।

### हिंदू सेवा मंडल ने दी बंदर को अंतिम विदाई

**रानी।** कस्बे में बिजली के तार से करंट लगने से बंदर कि मुत्यु होने पर मैन बाजार के व्यापारियों ने हिंदू सेवा मंडल अध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा को फोन पर सूचना दि। जिस पर डालचंद मेवाड़ा तुरंत हिंदू सेवा मंडल के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हिंदू रिती रिवाज से अंतिम विदाई देकर समाधि दी गई। मेवाड़ा ने बताया कि सभी हिंदू को आगे आकार ऐसे हि नेक समाज सेवा में भागीदारी निभाए। उल्लेखनीय है कि समाजसेवी डालचंद मेवाड़ा हमेशा मानव सेवा के साथ-साथ इ पशु पक्षियों की सेवा में भी सदैव तट पर तैयार रहते हैं। अवसर पर जयंतीलाल वैष्णव, गोपीचंद माली, पुनाराम बंजारा, चेतन सुथार, रोहित वैष्णव, मनोज खारवाल, रमेश खारवाल, मनोज व्यास किरण गवारिया आदि हिंदू सेवा मंडल के सदस्य मौजूद थे।

## विष्णु महायज्ञ 28 फरवरी से



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** गुडा मांगलियान गांव स्थित महान चमत्कारिक उज्जैनी वीर मामाजीधाम पर पांच दिवसीय विष्णु महायज्ञ 28 फरवरी से तैयारियां जोरों पर। राधे कृष्ण सेवा संस्थान ट्रस्ट के गुलाबसिहं राणावत ने बताया कि कृष्णभक्त दाता महेंद्रसिहं राणावत गादीपति मामाजीधाम गुडामांगलियान के सानिध्य मे 28 फरवरी से चार मार्च तक आयोजित होने वाले विष्णु महायज्ञ कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित अतिर्थी रुम एवं मुख्य पोल का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर अतिर्थी रुम एवं मुख्य पोल का निर्माण कार्य युद्वस्तर पर जारी है। समारोह में संत महात्माओं एवं राजनितिज्ञ हस्तियां के साथ जनप्रतिनिधी शिरकत करेंगे कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर राधे कृष्ण सेवा संस्थान ट्रस्ट अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत सादडी, कोषाध्यक्ष भूराराम डी. सिरवी छोडा, उपाध्यक्ष देशाराम मोडा भाटूंद, सचिव प्रभुराम सिरवी नाडोल, पेमाराम सिरवी सरथूर, विरेंद्र भाई पटेल वसई, गिरीश भाई सिरवी घेनडी, डुंगाराम सिरवी मुंडारा, मोतीलाल दुदापुरा, रुपचंद जैन बालवाडा, भानाराम सिरवी पाबूजी देवली, मांगीलाल दुदापुरा व्यवस्थापक बगदाराम गर्ग सहीत पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए।

## बाली में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** भगवान श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव आज एक वर्ष पूर्ण होने पर सुंदरकांड हनुमान मंडली लुणावा के तत्वावधान में शनिवार को प्रातः छह बजे से विशाल प्रभात फेरी (डी.जे. के साथ) का शुभारंभ बस स्टैंड लुणावा स्थित हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होगी। जो चारभुजाजी मंदिर, आशापुराजी, ठाकुरजी, जलेरी माताजी, शनिश्वरजी, ढाल, करनवा हनुमानजी मंदिर होते हुए पुनः बस स्टैंड हनुमानजी मंदिर आएगी। जहां प्रसाद वितरण के बाद समापन होगा। वहीं शाम को छह बजे विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ बस स्टैंड हनुमानजी मंदिर लुणावा पर आयोजित होगा। सुंदरकांड पाठ आसान और पाट पर बैठकर किया जाएगा। सुंदरकांड पाठ के बाद महाआरती और प्रसाद की व्यवस्था होगी। रात्रि को भजन संध्या का भी आयोजन रखा गया है।

### रांकावत वैष्णव समाज का स्नेह मिलन

# घेवर दास नागौरा निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत



रांकाजी बांकाजी जयंती महोत्सव साथ संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** श्री रांकावत वैष्णव (ब्राह्मण) मंडल के बैनर तले एक दिवसीय स्नेह मिलन सम्मेलन एवं रांकाजी बांकाजी जयंती उत्सव का आयोजन वडोदरा शहर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में वडोदरा शहर सहित आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों व मारवाड़-गोडवाड़ से भी बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने बड़े ही उत्साह के साथ महोत्सव में भाग लेकर महोत्सव को धूमधाम से मना कर इसे एक एतिहासिक यादगार के रूप सफल बनाया। सम्मेलन में वडोदरा शहर के समस्त समाज बंधुओं की उपस्थिति रहीं तथा रांकाजी-बांकाजी जयंती महोत्सव को गाजों-बाजों व ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने सर्वसम्मति से श्री रांकावत वैष्णव (ब्राह्मण) मंडल के सर्वप्रथम निर्विरोध अध्यक्ष घेवर दास पुत्र मुलचंद नागोरा को मनोनीत किया गया। जो समाज की एकता को प्रदर्शित करता हैं।

इस दौरान महामंत्री नरेशदास रूपदास रोटोंगर, कोषाध्यक्ष विक्रम गोयल, सभा अध्यक्ष बाबूलाल गोरवाल तथा कार्यकारिणी में रमेश नागोरा, श्यामसुंदर गोरवाल, जगदीश गोरवाल, श्रवण नागोरा, किशोर रोटागर, भारत नागोरा, उमेश शर्मा, राजु नागोरा, महेंद्र नागोरा, दिनेश रोटागर, हेमराज खटोर, विक्रम दास, गणपत दास, प्रफुल्ल गोयल, मिश्रीमल रोटागर, रामदेव नागोर कों कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। जिनका उपस्थित समाज बंधुओं ने फुल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

### सांडेराव पुलिस ने की कार्रवाई

# हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से दो कारतूस, पिस्टल, फॉरचुनर कार बरामद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** जिला पुलिस अधीक्षक पाली चुनाराम जाट व चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली के मार्गदर्शन में जितेंद्रसिंह आरपीएस पुलिस उपअधीक्षक सुमेरपुर के सुपरविजन में थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत सांडेराव के नेतृत्व में सुरेंद्रसिंह मु.आ. नंबर 613 मय जाब्ता के दौरान गश्त बिरामी टोल पर थाना सुमेरपुर का हिस्ट्रीशीटर केसरसिंह व मुलजिम लालाराम के कब्जे से एक पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस व एक फोरचुनर कार बरामद कर प्रकरण संख्या 02/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।



### टीम ने की कार्रवाई

- थानाधिकारी के निर्देशन में सुरेंद्रसिंह मु.आ. नंबर 613 मय जाब्ता द्वारा दिनांक 10 जनवरी को रात्री में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी रात्रीकालीन गष्त के दौरान बिरामी टोल पर तत्परता दिखाते हुए भागते हुए हिस्ट्रीशीटर केसरसिंह व मुलजिम लालाराम को गिरफतार कर उनके कब्जे से एक पिस्टल व तीन कारतूसों के साथ एक फोरचुनर कार बरामद कर प्रकरण में अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

### तरीका वारदात

मुलजिमानों द्वारा अपने कब्जे में अवैध हथियार पिस्टल व कारतुस रखना व परिवहन करना। गिरफ्तार केसरसिंह पुत्र भीखसिंह उम्र 30 साल निवासी बांकली पुलिस थाना सुमेरपुर जिला पाली, लालाराम पुत्र जीवाराम उम्र 24 साल निवासी थुंबा पुलिस थाना आहोर जिला जालोर।

## तीन दिवसीय शीतकालीन वालीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** नारलाई में तीन दिवसीय वालीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता का समापन दिनांक आठ जनवरी 2024 बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ छह जनवरी को हुआ था। प्रतियोगिता के फाइनल में युवा क्लब नारलाई और फालना के बीच हुआ जिसमें रोमांचक मुक़ाबले में फालना की टीम विजेता हुई। शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान समापन समारोह के दौरान महाराजा स्वरूप सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विजेता और उपविजेता को पारितोषिक इनाम दिया गया। इस दौरान सरपंच शेखर मीणा,अर्जुन सिंह कुंपावत भवानी सिंह, रविंद्र सिंह जोधा रावला नारलाई की ओर से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के फाइनल में निर्णायक की भूमिका गजेंद्र पूरी गोस्वामी ने निभाई। इस दौरान पुराने वरिष्ठ खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। कमेटी के सदस्य द्वारा ओमपाल सिंह राणावत, मदन पूरी गोस्वामी, महेंद्र सिंह गहलोत, सोहनलाल, मोहनलाल, रोहित राठौड मोहित कुमार, साबिर मोहम्मद, जसपाल सिंह, श्रवण कुमार, गजेंद्र कुमार, रामलाल जनवा, किशोर कुमार, पुष्षेंद्र सिंह सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जोधपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ फालना की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** जोधपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ फालना की बैठक फालना उपखंड अध्यक्ष दीपक चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्थानीय समस्याओं के निवारण हेतु चर्चा कर सहायक अभियंता को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया एवं निजीकरण का विरोध किया। श्रमिक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष सुख सिंह खंगारोत ने कर्मचारीयों के सी.पी.एफ से जी.पी. एफ की कटौती जनवरी माह से प्रारंभ करने पर निगम प्रशासन का आभार जताया और कहा की इससे पुरानी पेंशन बहाल होगी। बैठक में कैलाशचंद्र, महेंद्र सिंह मेफ़ावत, सुखसिंह खंगारोत, अशोकपुरी, पूनम सिंह भाटी, विक्रम मीणा, अशोक सिंह पावा, देवाराम, नारायणलाल, रोहित कुमार, घनश्याम अग्रवाल, रूपवती, बिना गुर्जर, रेणु, बबीता, रवि डांगी, छैल सिंह खिंदारा आदि श्रमिक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जालौर आगार से बस का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** आशापुरा माता मंदिर से जसौल बालोतरा तक दर्शनार्थियों एवं ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए पुष्पेंद्र सिंह राणावत बाली विधायक की अनुशंसा पर जालौर आगार प्रबंधक ने रोडवेज बस सेवा आरंभ की गई। परिचालक देवाराम ने बताया की नाडोल आशापुरा माता मंदिर से सुबह नौ बजे रवाना हो कर वाया देसूरी होते हुए फालना 11.30.पहुचेगी। फालना से रवाना होकर तखतगढ़ 12 बजे पहुंचेगी। तखतगढ़ से रवाना होकर जालौर दो बजे व जालौर से बालोतरा पांच बजे विश्राम। बालोतरा से सुबह 11 बजे प्रस्थान करके जालौर से तखतगढ़ शाम तीन बजे व तखतगढ़ से फालना सादड़ी देसूरी होते हुए सायं नाडोल 6.30 शाम को आशापुरा माता जी मंदिर पर रात्रि विश्राम किया जाएगा।



### मामाजी क्रिकेट प्रतियोगिता

# खेलों से भाईचारे व सौहार्द को बढ़ावा मिलता: हरिशंकर मेवाड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के किरवा गांव स्थित खेल मैदान में शुक्रवार को ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन किया गया। आयोजक मामाजी क्रिकेट क्लब अध्यक्ष दिनेश सिरवी व उपाध्यक्ष निंबाराम मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ढोला व चाणौद के बीच खेला गया। जिसमें चाणौद विजेता रहा। ढोली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ऑवर में 60 रन बनाते हुए चाणौद को 61 रनों का टारगेट दिया। रनों का पीछा करने उतरी चाणौद टीम ने 61 रन बनाते हुए मैच जीता। समापन समारोह में अतिथि के रूप में सुमेरपुर विधानसभा 121 कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा, समाजसेवी मुकेश बारोलिया एवं किरवा सरपंच मगाराम चौधरी द्वारा विजेता टीम चाणौद को 21 हजार रूपए नकद व चार फीट की बड़ी



ट्रॉफी एवं उप विजेता ढोला टीम को ट्रॉफी व 11 हजार रूपए नकद राशि देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व समापन समारोह को संबोधित करते हुए हरिशंकर मेवाड़ा ने खिलाड़ियों को कहा कि खेल आपसी भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

## मांगू सिंह डेंडा का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पाली निकटवर्ती गांव गुंदोज मंडल के सेवाभावी किसान के बेटे मांगू सिंह डेंडा को भाजपा गुंदोज मंडल की कमान मिलने पर भाजपा हेमावास मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल व भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा माला और साफा पहनकर स्वागत किया गया।

यह जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुनाथ सिंह रावणा ने दी। पूर्व यूआईटी चेयरमैन संजय ओझा के नेतृत्व में मांगू सिंह डेंडा का स्वागत किया गया।

### घांची समाज का वार्षिक मेला

# खिवांदी गांव में निकाली शोभायात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** खिवांदी गांव में समारामजी महाराज झूपड़ी में श्री क्षत्रिय घांची समाज संस्थान खिवांदी के तत्वावधान में भक्त समाराम महाराज का दो दिवसीय वार्षिक मेला भजन संध्या व महाप्रसादी के साथ संपन्न हुआ। मेले के दूसरे दिन शुक्रवार को गांव में महाराज की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दिन में 12 बजे समाराम मंदिर से रवाना हुई, जो रामदेव चौक, चौकी पड़वा, तखतगढ़ रोड होते हुए बलाना रोड से हनुमान मंदिर होते हुए करीब चार बजे पुनः आयोजन स्थल पर जाकर संपन्न हुई। इससे पूर्व मंदिर में महाराज की विशेष पूजा अर्चना की गई। संस्थान सचिव घीसूलाल बोराणा ने बताया कि श्री रामदेव युवा मंडल द्वारा शिक्षा क्षेत्र में एक नया कदम उठाया है। अगले वर्ष कार्यक्रम में कक्षा छठी से लेकर दसवीं तक के प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होंने 70 प्रतिशत से ऊपर अंक लाए हैं। उन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। भजनों में महाराज की महिमा का बखान किया। संस्थान अध्यक्ष पुखराज बोराणा ने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक मेले के तहत गुरुवार की रात्रि में एक शाम समाराम महाराज के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें गायक कलाकार शंकरलाल टांक ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देते हुए समाराम महाराज की महिमाओं का बखान किया। इसके साथ ही अगले वर्ष वार्षिक मेले की बोलियां लगाई गई।

## आल इंडिया रग्बी टीम में हेमलता वैष्णव का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** स्थानीय कस्बें की बेटी हेमलता वैष्णव का आल इंडिया रग्बी टीम में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। छात्रा हेमलता वैष्णव वर्तमान में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय कला महाविद्यालय में कक्षा-बी.ए. द्वितीय वर्ष में अध्यनरत हैं। वैष्णव ने उड़ीसा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम से खेलेंगी। छात्रा वैष्णव का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर विधायक केसाराम चौधरी, पिलोवनी सरपंच किशोर सिंह राजपुरोहित, खिंवाड़ा सरपंच श्रीपाल वैष्णव, बालाजी ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य, अरावली विकास समिति के राष्ट्रीय महासचिव केएम सुथार, जितेंद्र सिंह कोटेचा, भेरू दास, गणपत वैष्णव, हेमंत वैष्णव, पिंटू सांखला आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में नहीं खेलेंगे केएल राहुल!



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद भारतीय टीम अब सीमित ओवरों के प्रारूप की तैयारियों में जुट गई है। भारत को इस महीने के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज खेलनी है जिसके लिए अगले कुछ दिनों में भारतीय टीम घोषित हो सकती है। भारत को अगले महीने चैंपियंस ट्रॉफी में भी हिस्सा लेना है और माना जा रहा है कि इसे देखते हुए केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से आराम दिया जा सकता है।

### इंग्लैंड सीरीज के बाद चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेगी टीम

▪ भारत और इंग्लैंड के बीच 22 जनवरी से पांच मैचों की टी20 सीरीज होनी है। इसके बाद दोनों टीमें तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेंगी। फिर टीम 19 फरवरी से हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेगी। केएल राहुल भले ही इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज का हिस्सा ना रहें, लेकिन वह 50 ओवर के प्रारूप में आठ टीमों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध होंगे। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इंकार कर दिया था और भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, केएल राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से ब्रेक मांगा है, लेकिन वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### राहुल ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बनाए रन

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया था, लेकिन राहुल उन कुछ बल्लेबाजों में से थे जिन्होंने रन बनाए। वह 10 पारियों में 30.66 की औसत से 276 रन बनाकर भारत के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। सीमित ओवरों की टीम में राहुल को जगह बनाने के लिए ऋषभ पंत और संजू सैमसन जैसे विकेटकीपर बल्लेबाज की चुनौती का सामना करना होगा। केएल राहुल ने विजय हजारे ट्रॉफी के लिए कर्नाटक के मैचों से भी आराम मांगा था। कर्नाटक टीम को इस सप्ताह क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हिस्सा लेना है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों के घरेलू क्रिकेट में खेलने की इच्छा जताई थी और यह देखना दिलचस्प होगा कि राहुल रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के लिए कर्नाटक टीम का हिस्सा होंगे या नहीं।

मलेशिया ओपन

## प्रणय दूसरे दौर में हारे



**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय बृहस्पतिवार को यहां मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीन के लि शि फेंग से हारकर बाहर हो गए। भारत के 32 साल के खिलाड़ी को एक घंटे 22 मिनट तक चले मैच में सातवें वरीय लि से 8-21, 21-15, 21-23 से हार मिली। इससे पहले त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को राउंड 16 मैच में चीन की जिया यि फान और झांग शु जियान से 21-15, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को 44 मिनट में चीन की चेंग जिंग और झांग चि की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 13-21, 20-22 से शिकस्त मिली।

## प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचे विराट और अनुष्का

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली, जिनके बारे में हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की अफवाहें तेज हो रही हैं, प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा और दोनों बच्चे वामिका और अहान भी मौजूद थे। कोहली का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस



मुलाकात ने क्रिकेट और उनके फैंस के बीच चर्चा का माहौल बना दिया है।

### विराट-अनुष्का का शरण में जाना

वीडियो में देखा जा सकता है कि विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे और सबसे पहले उन्होंने महाराज को दंडवत प्रणाम किया। प्रेमानंद महाराज ने दोनों का हाल-चाल पूछा और आशीर्वाद दिया। अनुष्का शर्मा ने इस दौरान यह भी बताया कि पिछली बार जब वह महाराज से मिली थीं तो उनके मन में कुछ सवाल थे, लेकिन अन्य लोग उन सवालों को पहले ही पूछ चुके थे। महाराज जी ने इस पर कहा, "हम साधना करते हैं जिससे लोगों को प्रसन्नता मिलती है, और यह जो क्रिकेट है, वह पूरे देश को प्रसन्नता देता है।"

### विराट का प्रदर्शन और संन्यास की अटकलें

कोहली का प्रदर्शन हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में कुछ खास नहीं रहा। पांच मैचों की नौ पारियों में उन्होंने केवल 190 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल था। इस दौरान उन्होंने केवल 15 चौके और दो छक्के लगाए, जिससे उनके फैंस और विशेषज्ञों द्वारा उनकी आलोचना की जा रही है। निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कई लोग यह अनुमान लगा रहे हैं कि विराट टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो

कोहली और अनुष्का के प्रेमानंद महाराज से मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर जल्दी ही वायरल हो गया है। फैंस इस मुलाकात के बारे में अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।
कई लोग इसे विराट के क्रिकेट करियर में बदलाव के संकेत के रूप में देख रहे हैं, जबकि कुछ इसे उनके मानसिक शांति और आत्मविश्लेषण के प्रयास के रूप में मान रहे हैं।

भारतीय खो-खो विश्व कप

## पुरुष और महिला टीमों का ऐलान

▸▸ 13 से 19 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा

**नई दिल्ली।** भारत में 13 जनवरी से शुरू होने वाले खो-खो विश्व कप के उद्घाटन सत्र में प्रतीक वायकर भारतीय पुरुष टीम जबकि प्रियंका इंगले महिला टीम की कप्तानी करेंगी। टूर्नामेंट 13 से 19 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। भारतीय पुरुष टीम शुरुआती दिन नेपाल से भिड़ेगी, जबकि महिला टीम 14 जनवरी को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। इस दौरान मुन्नी जून महिला टीम के लिए मुख्य कोच के रूप में काम करेंगी, जबकि अश्विनी कुमार पुरुष टीम के सलाहकार होंगे। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने खो-खो विश्व कप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजर जनरल विक्रम देव डोगरा के साथ बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। मित्तल ने टीमों की जर्सी में एक विशेष बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि पुरुष और महिला दोनों टीमें की जर्सी पर 'भारत' लिखा होगा। खेलों में भारतीय टीम की जर्सी पर आमतौर पर 'इंडिया' लिखा होता है। मित्तल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमारी टीम को 'भारत की टीम' के नाम से जाना जाएगा। जर्सी पर 'भारत' प्रमुखता से अंकित होगा।'' इस मौके पर महिला वर्ग की विजेता को दी जाने वाली ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया।



## टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का दावा, ऑस्ट्रेलिया में दिया गया था जहर



**सर्बियाई।** ऑस्ट्रेलिया जोकोविच के लिए यादगार रहा है, जहां कोर्ट पर बहुत कुछ यादें है, वहीं उनके जीवन का सबसे काला अध्याय भी सामने आया। जोकोविच ने कोविड-19 का टीका लेने से इनकार कर दिया था और उस समय उन्होंने खुले तौर पर अपनी स्वतंत्रता व्यक्त की थी। लेकिन महामारी के बीच टूर्नामेंट शुरू होने से पहले जोकोविच को पहले मेलबर्न के एक होटल में हिरासत में लिया गया और बाद में टीका न लगवाने के कारण निर्वासित कर दिया गया। वह टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाए। जोकोविच ने खुलासा किया कि जब वह सर्बिया लौटे, तो उन्हें अपने शरीर में 'भारी धातु और पारा' की उच्च-स्तरीय उपस्थिति महसूस हुई। जोकोविच ने कहा, 'मुझे कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था, जिसने मुझे जहर दे दिया। जब मैं सर्बिया वापस आया, तो मुझे कुछ पता चला। मैंने यह बात कभी किसी को सार्वजनिक रूप से नहीं बताई, लेकिन पता चला कि मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत अधिक था। भारी धातु। मेरे शरीर में सीसा था, सीसा और पारा का बहुत उच्च स्तर पर।' पूर्व विश्व नंबर एक ने यह भी कहा कि उन्हें मेलबर्न में 'जेल के कमरे' में रखा गया था, जबकि अन्य एथलीट टूर्नामेंट से पहले सख्त क्वारंटीन से गुजर रहे थे। उन्होंने कहा, 'बहुत से एथलीट जो 40 दिन पहले क्वारंटीन में थे, उन्हें भी कमरे में बंद कर दिया गया था। अंतर यह है कि जाहिर तौर पर वे जेल के कमरे में नहीं थे।

## चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरुण ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया जब उनकी टीम झारखंड का विजय हजारे ट्रॉफी में अभियान समाप्त हो गया। 34 वर्ष के आरोन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण 2011 में किया था। उन्होंने भारत के लिए नौ टेस्ट और नौ वनडे खेले। उन्होंने पिछले साल लाल गेंद के क्रिकेट से विदा ले ली थी। आरोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। आज पूरी कृतज्ञता के साथ मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'इतने साल में मैंने करियर के लिए खतरा बनी अनेक चोटों से उबरने में शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत की, बार-बार वापसी की और इसके लिए मैं अपने फिजियो, ट्रेनर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कोचों को धन्यवाद देता हूं।' आरोन ने कहा, 'अब मैं अपने जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का लुत्फ उठाना चाहूंगा लेकिन खेल से भी जुड़ा रहूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। तेज गेंदबाजी मेरा पहला प्यार रहा है और हमेशा मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहेगी।'

# मनोरंजन

## एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को जिम में लगी चोट

▸▸ टली 'सिकंदर' की शूटिंग



एक्ट्रेस रशिमका मंदाना 10 जनवरी को सलमान खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' का अंतिम शेड्यूल शुरू करने की तैयारी में थीं। एक धांसू हिट फिल्म देने के बाद अब वो दूसरी सॉलिड फिल्म के लिए तैयार हो रही थी। पैन-इंडिया स्टार रशिमका मंदाना को फिलहाल शूटिंग रोकनी पड़ी है। एक्ट्रेस को जिम में वर्कआउट करते हुए गंभीर चोट आई है। एक्ट्रेस को डाक्टरों ने सलाह दी है कि वह पूरी तरह से ठीक होने के लिए थोड़ा आराम करें। इसके बाद ही वो अपने व्यस्त शेड्यूल पर वापसी कर सकती हैं। रश्मिका की चोट ने उनके फैंस के बीच चिंता बढ़ा दी है। लेकिन ताज़ा अपडेट्स बताते हैं कि वह जल्द ठीक होने की राह पर हैं और जल्द ही अपने काम पर वापस लौटेंगी। रश्मिका मंदाना की टीम ने कहा, 'रश्मिका को हाल ही में जिम में चोट लगी थी और वह आराम करके ठीक हो रही हैं। हालांकि, इस वजह से उनकी आने वाले प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कुछ समय के लिए रुक गई है। अब वह पहले से काफी बेहतर महसूस कर रही हैं और जल्द ही सेट पर वापसी करेंगी।' सोशल मीडिया पर रश्मिका काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन वो नए-नए पोस्ट साझा करती रहती हैं। हाल में ही उन्होंने नए साल के मौके पर अपनी एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की थी, जिसमें वो कुर्सी पर बैठी मुस्कुराती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, 'और हम फिर से चलते हैं - 2025। मेरे प्यारे लोगों को नया साल मुबारक हो। आइए हम सब मिलकर एक बेहतरीन साल मनाएं।' रश्मिका ने 'एनिमल' और 'पुष्पा' फ्रेंचाइज के मौजूदा कलेक्शंस के साथ कुल 3096 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दिया है। लगातार अपनी मेहनत और सकारात्मकता से अपने फैंस को प्रेरित करती रही हैं। हिट फिल्मों की इस सीरीज ने उन्हें इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया है। शूटिंग का यह ब्रेक सिर्फ कुछ समय के लिए है, लेकिन फैंस उम्मीद कर सकते हैं कि रश्मिका पहले से भी ज्यादा मजबूती और जोश के साथ वापसी करेंगी और अपनी खास अदाओं और एनर्जी से फिर से स्क्रीन पर धमाल मचाएंगी।

## 250 करोड़ में बन रहा 'राहा कपूर' का बंगला



बॉलीवुड सितारों की चमकदार दुनिया की दीवानगी फैंस में अक्सर देखने को मिलती है। फिल्मी सितारों के घर से लेकर मंहगी कारों की चर्चा अक्सर होती रहती है। आज भी बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन के बंगले फैंस से घिरे रहते हैं। शाहरुख खान के पास बॉलीवुड सितारों में सबसे महंगा घर है। लेकिन अब जल्द ही ये रिकॉर्ड टूटने वाला है। क्योंकि रणबीर की लाडली राहा कपूर का आलीशान घर बनकर तैयार हो गया है। करीब 250 करोड़ की लागत से बना ये घर बॉलीवुड सितारों में सबसे महंगा होने वाला है। रणबीर और आलिया ने इस घर का नाम अपनी दादी कृष्णा कपूर के नाम पर रखा है। इस घर का मालिकाना हक राहा के नाम पर बताया जा रहा है। इस घर की कीमत शाहरुख खान के बंगले 'मन्नत' और अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' से भी ज्यादा रहने वाली है। ये घर बनकर लगभग तैयार हो गया है।

फिल्म समीक्षा : गेम चेंजर ★★★

## राम चरण की परफॉर्मेंस शानदार, कियारा ने भी किया कमाल

**पिछले 25 सालों से दक्षिण भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन फिल्में देने वाले डायरेक्टर शंकर 'गेम चेंजर' फिल्म से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे है। राम चरण भी आरआरआर के बाद अपनी सोलो फिल्म लेकर आ रहे हैं। राम चरण की मोस्ट अवेटेड फिल्म, 'गेम चेंजर' साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी। फाइनली ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। कहानी है एक ईमानदार अफसर और भ्रष्ट नेता के बीच। पुलिस डिपार्टमेंट में काम करने के बाद राम नंदन (राम चरण) आईएएस पास करके कलेक्टर बन जाता है। ऐसा करने के पीछे कारण है, उसकी गर्लफ्रेंड दीपिका (कियारा आडवाणी), जो चाहती है कि वह अपना गुस्सा सही दिशा में दिखाए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री सत्यमूर्ति (श्रीकांत) का बेटा मोपीदेवी (एज सूर्या) पिता को हटाकर खुद मुख्यमंत्री बनने के सपने देख रहा है।**




फिल्म थोड़ी ऊबाऊ है, लंबी है और बहुत लाउड है। दर्शक थिएटर आते हैं इंटरटेन होने के लिए। लेकिन 'गेम चेंजर' इस मामले में कमजोर साबित होती है। फिल्म का खर्चा जोरदार है लेकिन फिल्म बहुत कमजोर है। सारा खर्च लगता है गानों पर ही कर दिया गया है। एक्शन दमदार है, लेकिन ऐसा नहीं कि चौंकाए। क्लाइमेक्स से बेहतर फाइट तो रामचरण फिल्म के शुरू में अपनी एंट्री सीन में करते हैं। बाकी फिल्म का सेट शानदार है। हालांकि इसमें उसकी कमी दिखती है। कॉमेडी भी बहुत पुराने स्टाइल की है, जो कहानी के साथ नहीं बल्कि अलग से किसी-किसी सीन में आ जाती है। कहीं-कहीं लगता है कि फिल्म नायक जैसी बन रही है, जहां फिल्म का हीरो एक झटके में किसी को भी उसकी नौकरी से बर्खास्त कर देता है। फिल्म की कहानी अगर आज की पीढ़ी के अनुसार अच्छी लिखी गई होती, तो शायद यह और बेहतर फिल्म बन सकती थी। रामचरण की यह सोलो फिल्म है। पूरी जिम्मदारी उनके मजबूत कंधों पर है, जिसे रामचरण ने निभाया भी है। वह फिल्म में डबल रोल में हैं। इंटरवल के बाद जो रोल उन्होंने निभाया है, उसमें वह चौंकाएंगे। एक्शन सीन से लेकर इमोशनल सीन तक वह साबित करते हैं कि वह सुपरस्टार क्यों हैं। कियारा आडवाणी सिर्फ सुंदर लगी हैं। बाकी उनके लिए कुछ खास फिल्म में नहीं था। करप्ट नेता के निगेटिव रोल में एस जे सूर्या प्रभावित करते हैं। शंकर ने फिल्म का निर्देशन और स्क्रीनप्ले किया है। उनकी फिल्मों में कोई न कोई मैसेज होगा, यह लगभग तय होता है। इसमें एक ईमानदार अफसर और भ्रष्ट राजनेता के बीच टक्कर है, मतदान का महत्व समझाया गया है, उसके बावजूद फिल्म इंपैक्ट नहीं डालती है। कहानी नई नहीं है खुद शंकर की ही फिल्मों में ऐसी कहानी मिल जाएगी। गानों के वीडियो, उसके प्रोडक्शन पर निर्माताओं ने अच्छे खासे पैसे खर्च किए हैं। खासकर जरागंडी औक धूप गाने पर लेकिन अगर आप सोच रहे हैं कि उसके लिरिक्स गुनगुनाते हुए बाहर निकलेंगे, तो ऐसा कुछ नहीं होगा। थिएटर छोड़ते ही गाने भी हवा हो जाते हैं।

## आर. माधवन की फिल्म 'हिसाब बराबर' का ट्रेलर रिलीज




भ्रष्टाचार से भरे सिस्टम के खलिाफ आम लोगों की एक ऐसी ही लड़ाई लेकर आ रहे हैं आर. माधवन और कीर्ति कुल्हारी। दोनों सुपरस्टार्स की सोशल ड्रामा फिल्म 'हिसाब बराबर' सीधे ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। अश्विनी धीर के डायरेक्शन में बनी 'हिसाब बराबर' सिर्फ एक सोशल ड्रामा नहीं है। यह एक साधारण आदमी की यात्रा है, जो एक कॉर्पोरेट बैंक के अरबों डॉलर के घोटाले का पर्दाफाश करता है और इसके लिए बहादुरी से लड़ता है। फिल्म की कहानी के केंद्र में माधवन का किरदार राधे मोहन शर्मा है। वह एक मेहनती और ईमानदार रेलवे टिकट चेकर है। उसे अपने बैंक खाते में एक मामूली, लेकिन हैरान करने वाली गड़बड़ी दिखती है। शुरू में उसे यह एक छोटी सी समस्या लगती है, लेकिन जब वह इसके कारण की तलाश में जुटता है तो यह एक बड़े घोटाले की जांच में बदल जाती है। पता चलता है कि एक पावरफुल बैंकर मिकी मेहता एक सोच से भी बड़े वित्तीय घोटाले का मास्टरमाइंड है।

## बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास की आगामी फ़िल्म 'हेंडवा' की अनाउंसमेंट

बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास की आगामी फ़िल्म 'हेंडवा' का अनाउंसमेंट हुआ। साईं श्रीनिवास की रहस्यमयी थ्रिलर जिसका निर्देशन नवोदित लुधीर बायरेड्डी ने किया है और जिसका निर्माण मूनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले महेश चंदू ने किया है, पोस्टरों से लोगों का खूब ध्यान खींचा है। संयुक्ता के साथ सह-अभिनीत इस उच्च-बजट वाली फिल्म की कहानी सदियों पुराने दशावतार मंदिर के इर्द-गिर्द घूमती है। बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास के जन्मदिन पर एक विशेष पोस्टर लेकर आए निर्माताओं ने एक लुभावनी झलक के माध्यम से फिल्म के शीर्षक का अनावरण किया है। झलक की शुरुआत घने जंगल में एक भयानक दृश्य से होती है, जहां बदमाशों का एक समूह पवित्र दशावतार मंदिर को आग लगाकर नष्ट करने का प्रयास करता है।




## 'द रोशन्स' का ट्रेलर रिलीज, ऋतिक रोशन ने पहली बार बताया रियल सरनेम!

ऋतिक रोशन के 51वें बर्थडे पर नेटफ्लिक्स की अपकमिंग डॉक्यूमेंट्री 'द रोशन्स' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डॉक्यूमेंट्री रोशन परिवार की विरासत को दर्शाती है, जिसमें संगीतकार रोशन से शुरू होकर उनके बेटों राकेश रोशन, राजेश रोशन और पोते ऋतिक रोशन तक का सफर शामिल है।
तीन मिनट के ट्रेलर की शुरुआत ऋतिक रोशन द्वारा अपने दादा रोशन के कैसेट बजाने से होती है। वहीं एक्टर कहते हैं, "यह मेरे दादा की आवाज है। उनका पूरा नाम रोशन लाल नागरथ था। यह बहुत ही दिलचस्प कहानी है कि कैसे हमारा सरनेम नागरथ से रोशन हो गया।" आगे ट्रेलर दो भाइयों पर फोकस करता है, जिन्हें संगीत, एक्टिंग और फिल्म निर्माण की प्रतिभा अपने पिता से विरासत में मिली है। रोशन से ऋतिक रोशन तक - एक




ऐसा परिवार जिसने पीढ़ियों में सफलता की ऊंचाइयां देखीं। लेकिन सफलता की कीमत भी उन्हें चुकानी पड़ी। ट्रेलर में दर्शकों का ध्यान उस समय भी जाता है जब 2000 में मुंबई के सांताक्रूज में तिलक रोड पर स्थित उनके कार्यालय के पास राकेश रोशन को दो बुदेश गिरोह के सदस्यों द्वारा गोली मार दी गई थी। ट्रेलर में कई स्टार कैमियो भी देखने को मिलने वाले हैं, जिनमें आशा भोसले, शत्रुघ्न सिन्हा, शाहरुख खान, प्रियंका चोपड़ा, अनिल कपूर, अनु मलिक, संजय लीला भंसाली, प्रेम चोपड़ा, विक्की कौशल, रणबीर कपूर भी शो में रोशन परिवार के बारे में अपने विचार और राय शेयर करेंगे। वहीं 17 जनवरी को यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।




# बड़ी जिम्मेदारी निभाएंगे राजस्थान के नेता

## ▶▶ 35 को मिली कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** देश की राजधानी दिल्ली में पांच फरवरी को होने जा विधानसभा चुनावों में राजस्थान के 35 कांग्रेस नेताओं को विधानसभा सीटों पर कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है। इनमें चार सांसद, 9 विधायक, 11 पूर्व विधायक और 6 प्रदेश पदाधिकारी हैं। इन नेताओं को पार्टी ने चुनावी मैनेजमेंट को संभालने और फील्ड में प्रचार के लिए विधानसभावार जिम्मेदारी दी गई है। इन सभी को पार्टी को चुनाव अभियान से जुड़ी रिपोर्ट रोजाना देनी होगी।

इनमें चूरू से सांसद राहुल कस्वां को नजफगढ़, भजनलाल जाटव और पूर्व मंत्री जाहिदा खान को सीमापुरी, गंगानगर से सांसद कुलदीप इंदौरा को बिजवासन, सांसद, सांसद संजना जाटव और विधायक अशोक चांदना को कस्तूरबा नगर सीट के कोऑर्डिनेटर लगाया है।

### छह कांग्रेस पदाधिकारियों की ड्यूटी

- कांग्रेस आलाकमान की ओर से कांग्रेस पदाधिकारियों को भी इस टास्क में शामिल किया है। ये पदाधिकारी भी चुनावी मैनेजमेंट संभालेंगे। इनमें प्रदेश महासचिव देशराज मीणा, प्रदेश सचिव हिम्मत सिंह गुर्जर को करावल नगर, प्रदेश महासचिव महेश शर्मा को आरके पुरम सीट की जिम्मेदारी मिली है। वहीं, जियाउर्रहमान को राजौरी गार्डन, प्रदेश सचिव बलराम यादव को तिमारपुर, प्रदेश सचिव फूल सिंह ओला को महरोली, पीसीसी मेंबर बिश्नाराम सिहाग को द्वारका सीट की जिम्मेदारी दी गई है।

### इन विधायकों को बनाया कोऑर्डिनेटर

विधायक रफीक खान को मुस्तफाबाद, अशोक चांदना को कस्तूरबा नगर, अमीन कागजी को सीलमपुर, जाकिर हुसैन गैसावत को बल्लीमारान, मनीष यादव को मटियाला, इंद्रा मीणा को शकुर बस्ती, मुकेश भाकर और ललित यादव को नांगलोई जाट, रामनिवास गावड़िया को बुराड़ी, रीटा चौधरी को दिल्ली कैंट, शिखा मील बराला को ग्रेटर कैलाश सीट पर कोऑर्डिनेटर लगाया है।

### लोकसभा-विधानसभा प्रत्याशियों को जिम्मेदारी

लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। इनमें जोधपुर से एमपी प्रत्याशी रहे करण सिंह उचियारड़ा को मुस्तफाबाद, पीसीसी की पूर्व प्रवक्ता और उम्मीदवार अर्चना शर्मा को विश्वास नगर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पाली से लोकसभा प्रत्याशी रहीं संगीता बेनीवाल को आदर्श नगर सीट की जिम्मेदारी संभालेंगी। लूणकरणसर से उम्मीदवार रहे राजेंद्र मूंड को मुंदका, सांगानेर से उम्मीदवार रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज को बदरपुर सीट पर लगाया है।

### 11 विधायक संभालेंगे प्रचार की कमान

इनके साथ सूची में प्रदेश के 11 पूर्व विधायकों के नाम भी है। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया को बल्लीमारान सीट पर प्रचार की जिम्मेवारी संभालेंगे। पूर्व मंत्री ममता भूपेश को आंबेडकर नगर, रामलाल जाट और नसीम अख्तर इंसाफ को मटियामहल, जाहिदा खान को सीमापुरी, अशोक बैरवा को देवली सीट पर प्रचार का जिम्मा दिया गया है। पूर्व विधायक चेतन डूडी को छतरपुर, इंद्राज गुर्जर को घोंडा में लगाया गया है। पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा को मोती नगर और राजकुमार शर्मा को मटियाला सीट की जिम्मेदारी दी गई है।

पुलिस ने की एडवाइजरी जारी

# महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं को साइबर ठगों ने बिछाया जाल

▶▶ होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस की बुकिंग में धोखाधड़ी

▶▶ फर्जी लिंक एवं वेबसाइट से सतर्क रहें आमजन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** आगामी दिनों में संगम नगरी प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं को ठगने के लिए जालसाजो ने जाल बिछा दिया है। फर्जी लिंक एवं वेबसाइट के द्वारा होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस की बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी की जा सकती है। राजस्थान पुलिस की साइबर शाखा द्वारा इस संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है कि ऐसी वेबसाइट एवं लिंक से सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रशासन द्वारा जारी किए गए कांटेक्ट नंबरों एवं ऑफिशल वेबसाइट से ही बुकिंग करावे। महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राईम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि आगामी दिनों में संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का शुभारंभ 13 जनवरी से होने जा रहा है। 45 दिन तक चलने वाले इस महाकुंभ मे करोंडो श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पुलिस महानिदेशक प्रियदर्शी ने बताया कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए होटल, धर्मशाला एवं कुंभ क्षेत्र में बने होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस व टेंट, कॉटेज की ऑनलाईन बुकिंग शुरू हो गई है, इसके चलते ऑनलाईन बुकिंग को लेकर साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए है।

### फर्जी लिंक के जरिये ठगी

- साइबर ठगों द्वारा सस्ते दामों पर होटल,धर्मशाला, टेंट, कॉटेज की बुकिंग कराने के नाम पर महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को फर्जी लिंक व वेबसाइट के जरिये ठगी का शिकार बनाकर लोगों से एडवांस के नाम पर धनराशि प्राप्त कर साइबर धोखाधड़ी कर रहे हैं। आमजन की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा जारी लिंक में उल्लेखित होटल, धर्मशाला, कॉटेज, एवं गेस्ट हाउस से ही एडवास बुकिंग करावें।

# क्रेडिट लेने हमारे कार्यों को रोककर बैठी भाजपा सरकार : गहलोत



**जयपुर।** पूर्ववर्ती सरकार के समय के रोके गए कार्यों पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार से मांग की है कि हमारे कार्यों के क्रेडिट भले ही सरकार ले ले, लेकिन युवाओं के हित में रुके हुए कार्यों का उद्घाटन कर दें। गहलोत ने कहा है कि भाजपा सरकार क्रेडिट लेने के लिए हमारी सरकार के कामों को रोककर बैठी है। राजस्थान में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमने प्रदेश में नई पीढ़ी के लिए नए अवसर देने के लिए प्रोफेशनल कोर्स वाले संस्थान खोले, लेकिन नई सरकार के आने के बाद इनकी प्रगति पर रोक सी लगा दी है। हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय का नया भवन जयपुर के दहमी कलां में तैयार है, लेकिन इसे खासा कोठी से वहां शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में हमारी सरकार द्वारा शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की भर्ती करने की मंजूरी दी थी, लेकिन अभी तक भर्ती नहीं की जा सकी है। यही स्थिति कमोबेश डा। भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय की है। यह भी अपने नए भवन की बजाय शिक्षा संकुल से ही संचालित हो रहा है। इन विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाई गई इमारतों में क्यों नहीं शिफ्ट किया जा रहा है। मुझे लगता है कि नई सरकार को किसी ने राय दी है कि जल्दी इनका उद्घाटन करने से क्रेडिट पिछली सरकार को मिल जाएगा। इसलिए इनका उद्घाटन अटकाकर रखना चाहिए, जिससे जनता को लगे कि ये निर्माण कार्य इस सरकार के कार्यकाल में हुआ है।

# 'इंडिया गठबंधन' को लेकर लोगों के मन में संशय : संजय राउत



**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल ही में 'इंडिया गठबंधन' की मीटिंग नहीं होने को लेकर सवाल उठाए थे। उनके इस बयान के बाद शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि मीटिंग नहीं होना गठबंधन के लिए ठीक नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "लोकसभा चुनाव के बाद अब तक 'इंडिया गठबंधन' की बैठक नहीं हुई है। बैठक नहीं होना गठबंधन के लिए ठीक नहीं है।" उन्होंने विपक्षी नेताओं के बयान का जिक्र करते हुए कहा, "तेजस्वी, ममता, अखिलेश और उमर अब्दुल्ला सभी का यह कहना है कि 'इंडिया गठबंधन' का अब वजूद नहीं है। लोगों के मन में इस प्रकार की भावना अगर आती है, तो इसके लिए गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जिम्मेदार है। संवाद नहीं है, डायलॉग नहीं है और चर्चा भी नहीं है। 'इंडिया गठबंधन' में सब कुछ ठीक नहीं होने को लेकर लोगों के मन में संशय है।"

# महाकुंभ में यूपी कैबिनेट की बैठक

▶▶ मंत्रियों संग गंगा में डुबकी लगाएंगे योगी



**प्रयागराज।** प्रयागराज में 2025 के महाकुंभ की तैयारियों को लेकर योगी सरकार पूरी तरह सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। खबर है कि 20 जनवरी को प्रयागराज में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक होगी। इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ संगम में स्नान करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस दिन कैबिनेट का सामूहिक भोजन भी नाथ संप्रदाय के शिविर में हो सकता है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। यह पहली बार नहीं होगा जब योगी आदित्यनाथ गंगा में स्नान करेंगे। 2019 के कुंभ मेले के दौरान भी मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों ने संगम में डुबकी लगाई थी। उस समय भी प्रयागराज में कैबिनेट बैठक आयोजित की गई थी, जिसकी तस्वीरें काफी चर्चा में रहीं। मुस्लिम समुदाय की भागीदारी के सवाल पर योगी ने कहा कि महाकुंभ में हर कोई आ सकता है। उन्होंने कहा कि कई मुस्लिम परिवार अपनी परंपरा और भारतीय संस्कृति पर गर्व महसूस करते हैं। वे अगर संगम में स्नान करने आते हैं तो उनका स्वागत है। हालांकि, योगी ने यह भी कहा कि अगर कोई यहां आकर ज़मीन पर कब्जा करने की कोशिश करेगा या असामाजिक गतिविधियों में शामिल होगा, तो उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# डा. रामनिवास को प्रवासी भारतीय सम्मान

▶▶ राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

▶▶ म्यांमार में भिक्षुओं को पढ़ाते संस्कृत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रवासी राजस्थानी डा. रामनिवास को भुवनेश्वर में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा ''प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान-2025'' से सम्मानित किया गया। डा. रामनिवास ने राजस्थान में अपनी शिक्षा प्राप्त की है और वर्तमान में म्यांमार में भिक्षुओं को संस्कृत पढ़ा रहे हैं। सम्मेलन में भाग ले रही राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डा. मनीषा अरोड़ा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पर्यटन और कला एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आंध्र प्रदेश सरकार के एनआरआई सशक्तिकरण एवं संबंध मंत्री कोंडापल्ली श्रीनिवास से भी मुलाकात की और उन्हें प्रमुख मुद्दों से अवगत कराया। प्रवासी राजस्थानी समुदाय से जुड़ने के लिए राजस्थान फाउंडेशन द्वारा अपनाई गई प्रथाओं और पहलों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राजस्थान सरकार में राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त डा. मनीषा अरोड़ा ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल की केंद्रीय पर्यटन और कला एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ बहुत गर्मजोशी और उपयोगी चर्चा हुई, जिसके दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रवासी राजस्थानियों के साथ संपर्क को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे प्रमुख कदमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राजस्थान फाउंडेशन द्वारा नए और मौजूदा राजस्थानी समुदायों को क्रियाशील और पुनर्जीवित करने के लिए उठाए जा रहे उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रवासी राजस्थानियों की 14 नई स्थापित शाखाओं को क्रियाशील बनाने तथा प्रवासी राजस्थानियों की 12 मौजूदा शाखाओं को पुनर्जीवित करने के लिए हाल ही में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

### सरकार के प्रतिनिधि मंडल से मिले प्रवासी

प्रवासी भारतीय सम्मेलन दिवस के समापन अवसर पर राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने दुबई, ब्रिटेन, ओमान, मॉरीशस, कतर और युगांडा सहित कई देशों से इस कार्यक्रम में भाग लेने आए प्रवासी राजस्थानियों के प्रतिनिधिमंडलों से भी बातचीत की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें राजस्थान के साथ समुदाय के संबंधों को मजबूत करने के लिए उठाए जा रहे प्रमुख कदमों की जानकारी दी और उन्हें राजस्थान में नए व्यावसायिक अवसरों पर निवेश और सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया।

# किरोड़ी लाल मीणा से मिलने पहुंचे बीएपी के तीन विधायक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री डा. किरोडी लाल मीणा से मिलने उदयपुर संभाग की भारतीय आदिवासी पार्टी के 3 विधायक उनके निवास पर पहुंचे। विधायकों के साथ किरोड़ी ने लंबी मंत्रणा की है। विभिन्न दलों के विधायक सरकार के मंत्रियों के पास जाते हैं, लेकिन किरोड़ी के पास बीएपी विधायकों के पहुंचने की सियासी गलियारों में चर्चाएं हैं, क्योंकि किरोड़ी लाल मीणा पिछले काफी दिनों से विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी ही सरकार के आमने-सामने है। हाल ही में सब इंस्पेक्टर भर्ती मामले में भी उन्होंने परीक्षा को रद्द करने की मांग सरकार से की थी, लेकिन सरकार ने अब साफ कर दिया है कि भर्ती परीक्षा रद्द नहीं होगी। इसके अलावा भी बहुत सारे मुद्दों पर किरोड़ी लाल सरकार से लगातार अपनी बात रखते रहे हैं, क्योंकि किरोड़ी लाल खुद आदिवासी वर्ग के बड़े चेहरे माने जाते हैं। ऐसे में आदिवासी पार्टी के विधायकों का उनसे मिलना राजनीतिक गलियारों में नई सुगबुगाआहट कर रहा है। हालांकि मुलाकात को औपचारिक बताया जा रहा है।

**सियासी गलियारों में सुगबुगाहट**

# उत्तराखंड प्रवास पर मोदी करेंगे बदरी-केदार में पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के एक दिवसीय प्रवास के दौरान बदरीनाथ-केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे और शीतकालीन यात्रा का संदेश देने के लिए इस बार गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा या यमुनोत्री के खरशाली जा सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन और शीतकालीन यात्रा पर आने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने इसके के लिए अनुमति दे दी है। बता दें कि अब राज्य सरकार की योजना बदरी-केदार की तर्ज पर केंद्र सरकार की मदद से सीमांत जिले उत्तरकाशी के गंगोत्री और यमुनोत्री धामों का सुनियोजित विकास कराने की है। इसलिए मुख्यमंत्री ने मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री से इस बार गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा या यमुनोत्री के खरशाली आने का अनुरोध किया। सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने जब उत्तराखंड आएंगे तो वह केदारनाथ में चल रहे दूसरे चरण के पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे। वह बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति जानेंगे। बताया जा रहा कि पीएम करीब साढ़े पांच घंटे उत्तराखंड में रहेंगे। पीएम के दौरे को लेकर कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं।

# कैमल फेस्टिवल में बना पगड़ी बांधने का वर्ल्ड रिकॉर्ड



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बीकानेर।** एक युवा ने अब तक की सबसे लंबी पगड़ी बांधकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। 2025 फीट की पगड़ी पूर्व में भी कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके बीकानेर के युवा पवन व्यास ने शहर की लक्ष्मीनाथ मंदिर में 2025 फीट लंबी पगड़ी बांधकर रिकॉर्ड कायम किया। राजस्थान के बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव पूरी दुनिया में अपनी पहचान रखता है। अंतर्राष्ट्रीय उत्सव के पहले दिन बीकानेर के एक युवा ने अब तक की सबसे लंबी पगड़ी बांधकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। 2025 फीट की पगड़ी पूर्व में भी कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके बीकानेर के युवा पवन व्यास ने शहर की लक्ष्मीनाथ मंदिर में 2025 फीट लंबी पगड़ी बांधकर रिकॉर्ड कायम किया। पवन ने यह कारनामा महज 22 मिनट और 38 सेकंड में कर दिखाया। इस दौरान पगड़ी बांधने को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी वहां मौजूद रहे। करीब 5 साल पहले 1475 फीट की पगड़ी बांधने का रिकॉर्ड बना चुके पवन ने कहा कि इस बार पगड़ी बांधने का रिकॉर्ड नया बनाना था और साल 2025 के मुताबिक 2025 फीट की पगड़ी बांधने का दिमाग में आइडिया आया और नया करने की सोच के चलते इस काम को ऊंट उत्सव के पहले दिन अंजाम दिया। गौरतलब है कि इससे पहले पवन व्यास हाथ की सभी अंगुलियों पर सबसे छोटा साफा बांधने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। इस दौरान पवन व्यास ने कहा कि साफा राजस्थान की परंपरा और शान का प्रतीक है। इसलिए सबसे बड़ा साफा बांधने का ख्याल उनके मन में आया और उन्होंने आज इसे पूरा कर दिया. पवन के परिवार में उनके पिता, ताऊ और भाई भी साफा बांधने में सिद्धहस्त है। बीकानेर के किसी भी बड़े आयोजन और विवाह समारोह और त्योहार के मौके पर साफा बांधने को लेकर इनके परिवार की भागीदारी देखने को मिलती है।

# राजस्थान : 15 तक चलेगी तबादलों की प्रक्रिया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने हाल ही विभिन्न विभागों में ट्रांसफर-पोस्टिंग पर लगा प्रतिबंध हटा दिया था। जिसमें तबादलों की सूची जारी करने के लिए विभिन्न विभागों को 1 जनवरी से 10 जनवरी तक की डेडलाइन दी गई थी। वहीं 10 जनवरी को आखिरी दिन अब इस डेडलाइन को आगे बढ़ा दिया गया है। राजस्थान में अब 15 जनवरी तक तबादले की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। यानी अब 15 जनवरी तक सभी विभागों में ट्रांसफर-पोस्टिंग की सूची जारी हो सकेगी। हालांकि बता दें, शिक्षा विभाग से जुड़े विभागों में ट्रांसफर-पोस्टिंग पर प्रतिबंध जारी है। राजस्थान में तबादले पर प्रतिबंध हटते ही कई विभागों में ट्रांसफर-पोस्टिंग की सूची जारी की गई है। हालांकि अब भी कई ऐसे विभाग हैं जहां अब तक सूची भी तैयार नहीं हुई है। इसके बाद अब तबादले की डेडलाइन को बढ़ा दिया गया है।

**भजनलाल सरकार ने बढ़ाई डेडलाइन**

बीते गुरुवार को प्रदेश में पुलिस विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में बड़ी संख्या में तबादलों की सूची जारी की गई है। राजस्थान पुलिस विभाग से 179 इंस्पेक्टरों के तबादलों की लिस्ट सामने आई। इसके बाद 238 ग्राम विकास अधिकारियों का तबादला किया गया। राजस्थान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में कार्यरत 280 कनिष्ठ सहायकों का तबादला किया गया है जबकि राजस्थान ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में कार्यरत 25 सहायक प्रशासनिक अधिकारियों का नाम शामिल किया गया है।

अब लंदन में लव जेहाद

# पाकिस्तान की ग्रूमिंग गैंग के निशाने पर ब्रिटेन



## ▶▶ 100 से अधिक लड़कियों का यौन शोषण

**मुंबई।** भारत में लव जेहाद के उदाहरण पिछले कई वर्षों से देखने को मिल रहे हैं। लेकिन अब ब्रिटेन भी ऐसे ही मामलों से लगातार दो-चारो होता दिखाई दे रहा है। खबर के मुताबिक इन दिनों ब्रिटेन भी पाकिस्तान की ऐसी ही एक गैंग से परेशान हैं जिसे वहां ग्रूमिंग गैंग का नाम दिया गया है। यह एक ऐसा गैंग है जो नाबालिग और बालिग, दोनों ही उम्र की लड़कियों को अपने जाल में फंसाता था और उनका यौन शोषण करता था। ब्रिटेन में हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। खबरों के मुताबिक फारूख और नफीस ने मिलकर स्कूल-कॉलेज की करीब 100 लड़कियों का यौन शोषण किया था। छह महीने पहले ही दोनों को सजा हुई है। पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग ब्रिटेन में जिस पैटर्न पर काम करता था, उसकी शुरुआत एक चमचमाती कार से होती थी। गैंग के लोग ब्रिटेन की नाबालिग लड़कियों को अपनी फैंसी स्पोर्ट्स कार दिखाकर रिझाते थे। इसके बाद वह उन्हें अपनी गर्लफ्रेंड बनाते थे। इसके बाद उन्हें नशे की लत लगाई जाती थी। उनके ड्रिंक्स में नशे की गोली मिलाई जाती थी। नशे में धुत लड़कियों को पैसे वाले लोगों के पास जाने के लिए कहा जाता था।

### नशे की लत और लड़कियों की तस्करी

इन लड़कियों को शराब और नशीली दवाओं की लत लगाई जाती है। इसके बाद बेसुध लड़कियों की तस्करी की जाती है और उनका यौन शोषण किया जाता है। इस गैंग की शिकार एक लड़की ने कहा था, "ग्रूमिंग गैंग के लोग आते थे। मुझे एक कार में बिठाते थे और रात भर या उससे अधिक समय के लिए ले जाते थे। कभी-कभी मैं कई दिनों तक गायब हो जाती थी। शराब और ड्रग्स की मुझे लत लग गई थी।"

### इनकार पर हत्या

पाकिस्तान का यह ग्रूमिंग गैंग इतना खतरनाक है कि जिस बंदूक को दिखाकर लड़कियों को प्रभावित किया जाता है, बाद में इनकार करने पर उसी से उसकी हत्या भी कर देता है। कुछ को तो जिंदा भी जला दिया जाता है। एक लड़की को उसके टेलफोर्ड स्थित घर में उसकी बहन और मां के साथ उस व्यक्ति ने जिंदा जला दिया जिसने उसे 12 साल की उम्र में इस धंधे के लिए तैयार किया था और उससे एक बच्चा पैदा किया था। बाद में ग्रूमिंग गिरोहों ने इस घटना का उदाहरण देकर दूसरी कई लड़कियों को मजबूर किया।

### निशाने पर नाबालिग लड़कियां

- द गार्जियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस गैंग ने लड़कियों को कैश, डिजाइनर कपड़ों और लग्जरी कारें दिखाकर उन्हें लालच में फंसाया। रोमांटिक रिश्ते का भ्रम पैदा करके कमजोर लड़कियों को निशाना बनाया जाता है। इसके बाद उनका यौन शोषण किया जाता है। 11 साल की उम्र की लड़कियों को अक्सर यह विश्वास दिलाया जाता है कि ये पुरुष उनके प्रेमी हैं और उनकी जीवनशैली शानदार है। इनके पास स्पोर्ट्स कारें हैं। इसके बाद लड़कियों को अमीर लोगों से दोस्ती कराई जाती है। बाद में उनका यौन शोषण किया जाता है। इसके बदले में गैंग में शामिल लोगों को पैसे मिलते हैं।

### धर्मांतरण का दबाव

- ग्रूमिंग गैंग के लोग इन तमाम हथकंडे अपनाकर पहले लड़कियों का शिकार करते हैं। इनसे पैसे कमाते हैं। इसके बाद इन्हें अपनी पहचान बदलने के लिए इनपर दबाव डालते हैं। यहां पहचान बदलने से मतलब है धर्मांतरण। यह गैंग मासूम लड़कियों की जिंदगी तबाह करने के बाद उनपर अपना धर्म बदलने के लिए दबाव डालते हैं। ऐसे नहीं करने पर उनकी हत्या कर दी जाती है।